www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 28 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक -352 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





जेल से नहीं चलेगी दिल्ली सरकार : वीके सक्सेना 03
■ भारत को मार्गदर्शक के रूप में देख रही दुनिया
■ हाउस टैक्स वसूली को लेकर निगम का अभियान तेज 04
■ यूक्रेन के विदेश मंत्री द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा के...
■ सिंगापुर ने ब्रिज घटना की जांच में मदद के लिए ... 07
मैं अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हूं : रवीना टंडन 10

# केजरीवाल को हाईकोर्ट से राहत नहीं

## हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर ईडी को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रिहा करने के लिए कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, जिन्हें दिल्ली आबकारी शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है। वे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने एजेंसी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने अंतरिम राहत के लिए दिल्ली के सीएम की याचिका पर भी नोटिस जारी किया लेकिन कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि बिना विस्तार से सुनवाई के आदेश नहीं दिया जा सकता है। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का जवाब देखना भी जरूरी है। अदालत ने ईडी की हिरासत से रिहाई की मांग करने वाली केजरीवाल की अंतरिम याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को दो अप्रैल तक का समय दिया है। अदालत ने मामले की सुनवाई तीन अप्रैल की तारीख तय की है।

यह मामला दिल्ली के लेफ्टिनेंट जनरल वीके सक्सेना द्वारा दायर 2022 की शिकायत में निहित है, जिसमें 2021-22 के लिए दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति के निर्धारण में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। यह आरोप लगाया गया था कि साजिश में नीति में जानबूझकर छोड़ी गई या बनाई गई खामियां शामिल थीं।

इस मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी भारत में पहली घटना है जहां एक मौजूदा मुख्यमंत्री को सलाखों के पीछे डाला गया। इसी मामले में डिप्टी सीएम सिसौदिया और आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह पहले से ही जेल में हैं।




■ विस्तार से सुनवाई के बगैर आदेश नहीं
■ अब 3 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

### गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया

वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अपनी दलील में कहा था कि आचार संहिता के दौरान एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। यदि आप समान खेल के मैदान को बाधित करने के लिए कुछ करते हैं, तो आप लोकतंत्र के दिल पर चोट करते हैं। सवाल गिरफ्तारी के समय का है। मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा कर दें क्योंकि मेरी गिरफ्तारी की बुनियाद ही गलत है, यही मेरी अंतरिम प्रार्थना है।

### केजरीवाल आज बताएंगे पैसा कहां गया : सुनीता



**नई दिल्ली**। दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने दावा किया है कि श्री केजरीवाल 28 मार्च को पूरे देश को बताएंगे कि इस कथित शराब घोटाले का पैसा कहां गया। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल ने उनसे कहा है कि इस कथित शराब घोटाले की जांच में ईडी ने पिछले दो साल में 250 से ज्यादा छापेमारी की। अभी तक किसी भी छापेमारी में एक भी पैसा नहीं मिला है। ईडी ने मनीष सिसोदिया के यहां छापेमारी की, संजय सिंह के यहां छापेमारी की लेकिन एक भी पैसा नहीं मिला।

कोर्ट ने कहा कि अगर केजरीवाल अंतरिम राहत मांग रहे हैं, तो उस पर विचार किया जा सकता है। ईडी की ओर से एसवी राजू ने इसका विरोध किया और कहा कि हम इस पर अपना जवाब देना चाहते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट से ईडी को झटका

## मनी लॉन्ड्रिंग पर पुराना आदेश बरकरार



**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग का मामला तब नहीं बन सकता है जब तक कि आपराधिक साजिश पीएमएलए एक्ट से जुड़ा न हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ईडी की रिव्यू पिटिशन को खारिज करते हुए यह व्यवस्था दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अपने फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा था कि ईडी तब आपराधिक साजिश यानी आईपीसी की धारा-120 का इस्तेमाल कर पीएमएलए (मनी लॉन्ड्रिंग) का केस नहीं बना सकती है जब तक कि साजिश मनी लॉन्ड्रिंग से लिंक न हो। इस मामले में 29 नवंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी थी। इसके खिलाफ ईडी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए रिव्यू पिटिशन दाखिल की थी।

### भाजपा ने जारी की सातवीं सूची

# अमरावती से नवनीत राणा को टिकट



**दो उम्मीदवारों के नामों का एलान**

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने सातवीं लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में दो उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। इसमें महाराष्ट्र की अमरावती सीट से भाजपा ने नवनीत राणा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वे वर्तमान में इसी सीट से सांसद हैं। वहीं, कर्नाटक की चित्रदुर्ग सीट से भाजपा ने गोविंद करजोल को अपना उम्मीदवार बनाया है। साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में चार निर्दलीय जीतकर संसद पहुंचे थे। इनमें से एक नवनीत राणा भी थीं। महाराष्ट्र की अमरावती सीट से निर्दलीय उतरीं नवनीत राणा 36,951 वोटों से चुनाव जीती थीं। इससे पहले मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने छठी सूची जारी की थी। इसमें तीन उम्मीदवारों का एलान किया गया था। सूची में राजस्थान के लिए दो और मणिपुर के लिए एक उम्मीदवार का नाम घोषित किया था। राजस्थान की करौली-धौलपुर (अजा) लोकसभा सीट से इंदु देवी जाटव और दौसा से कन्हैया लाल मीणा को चुनावी मैदान में उतारा गया। इसके अलावा इनर मणिपुर लोकसभा सीट से थौनाओजम बसंत कुमार सिंह पर दांव लगाया गया।

### पंजाब में आप को झटका


## आप के इकलौते सांसद भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कथित शराब घोटाले में ईडी की हिरासत काट रहे हैं। वहीं पंजाब में पार्टी को दोहरा झटका लगा है। भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में पंजाब से इकलौते लोकसभा सदस्य सुशील कुमार रिंकू भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं, उन्हें आप ने जालंधर से पार्टी का लोकसभा उम्मीदवार बनाया था। इसके अलावा जालंधर पश्चिम से आप विधायक शीतल अंगुराल ने भी भाजपा की सदस्यता ले ली है। आम आदमी पार्टी के दोनों नेताओं के भाजपा में शामिल होने की अटकलें काफी दिनों से चल रही थीं। हालांकि दोनों नेताओं ने इन अटकलों को निराधार बताया था। सुशील कुमार रिंकू पहले कांग्रेस में थे, पिछले साल ही वह आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे।

### रमजान मुबारक

28 मार्च-17

| | | |
|---|---|---|
| खत्म सहरी | : | 4.56 |
| रोजा इफतार | : | 6.39 |



## सार संक्षेप

### ईडी ने महुआ मोइत्रा को तीसरा समन भेजा



**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा को तीसरा समन जारी किया है। सूत्रों के अनुसार, महुआ मोइत्रा को गुरुवार (28 मार्च) को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। महुआ मोइत्रा ने ईडी के पहले दो समन का पालन नहीं किया।

### केजरीवाल मामले पर अमेरिका की टिप्पणी से भारत नाराज



**नई दिल्ली**। भारत ने दिल्ली में आबकारी घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका के विदेश विभाग के बयान पर आज कड़ी आपत्ति व्यक्ति की है। भारत ने कहा कि स्वतंत्र न्याय प्रक्रियाओं वाले मित्र लोकतांत्रिक देशों के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी अनुचित एवं हानिकारक है।
विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उपप्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को तलब करके आपत्ति दर्ज कराई।

### रितु राज ने लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली



**नई दिल्ली**। न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने बुधवार को यहां लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली। लोकपाल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर ने उन्हें शपथ दिलाई। भारतीय लोकपाल कार्यालय में आयोजित समारोह में पंकज कुमार और अजय तिर्की ने लोकपाल सदस्य के रूप में शपथ ली। न्यायमूर्ति अवस्थी इससे पहले 22वें विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।

# दिलीप घोष व सुप्रिया श्रीनेत को चुनाव आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ टिप्पणी को लेकर चुनाव आयोग ने बड़ा कदम उठाया है। इस बाबत आयोग ने भाजपा सांसद दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही आयोग ने दोनों नेताओं से इस नोटिस पर 29 मार्च 2024 शाम 5 बजे तक जवाब देने को भी कहा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना की एक तस्वीर के साथ एक आपत्तिजनक पोस्ट साझा की थी। जब उनके पोस्ट को लेकर बवाल मचा तो कांग्रेस प्रवक्ता ने पोस्ट हटा ली और दावा किया कि उनके इंस्टा के अकाउंट पर कई लोगों का एक्सेस है। इसमें से किसी व्यक्ति ने घृणित और आपत्तिजनक पोस्ट किया था।




■ आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर मांगा जवाब
■ जेपी नड्डा ने भी दिलीप घोष से मांगा स्पष्टीकरण

### घोष ने ममता पर की थी टिप्पणी

वहीं, भाजपा नेता दिलीप घोष के एक वीडियो क्लिप में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मजाक उड़ाते हुए विवादित टिप्पणी की थी। नड्डा ने भी घोष से स्पष्टीकरण मांगा है।

# माफियाओं की संरक्षक है भाजपा : कांग्रेस

**जनार्दन रेड्डी के भाजपा में जाने से भड़की कांग्रेस**

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस ने कर्नाटक में कल्याण राज्य प्रगति पक्ष के विधायक जी जनार्दन रेड्डी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि खनन माफिया को पार्टी में शामिल कर भाजपा ने जता दिया है कि वह माफियाओं की संरक्षक है और भ्रष्टाचार का पोषण करती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बड़ा सवाल है कि श्री रेड्डी के खिलाफ 20 मामले लंबित हैं और भ्रष्टाचार करने के अनेक साक्ष्य होने के बावजूद उन्हें बचाया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ छह नक्सली ढेर

**रायपुर,** 27 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता मिली है। यहां मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने छह नक्सलियों को मार गिराया है और उनके पास से हथियार भी बरामद किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह नक्सल विरोधी अभियान पर एक संयुक्त टीम निकली हुई थी जिसमें रिजर्व गार्ड, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और कोबरा के जवान शामिल थे।

### आईएलओ की रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलाया

# भारत में 83 फीसदी युवा बेरोजगार

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट में भारत के अंदर रोजगार के परिदृश्य को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इसमें सबसे बड़ी बात जो सामने आई है, वह ये कि देश में कुल बेरोजगारों में से 83 फीसदी युवा हैं। आईएलओ ने इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट (आईएचडी) के साथ मिलकर 'इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' प्रकाशित की है। इसके हिसाब से अगर भारत में 100 लोग बेरोजगार हैं, तो उसमें से 83 लोग युवा हैं। इसमें भी अधिकतर युवा शिक्षित है। आईएलओ की रिपोर्ट में ये भी सामने आया है कि देश के कुल बेरोजगार युवाओं में पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या भी सन 2000 के मुकाबले अब दोगुनी हो चुकी है। साल 2000 में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों की संख्या कुल युवा बेरोजगारों में 35.2 प्रतिशत थी. साल 2022 में ये बढ़कर 65.7 प्रतिशत हो गई है। इसमें उन ही पढ़े-लिखे युवाओं को शामिल किया गया है जिनकी कम से कम 10वीं तक की शिक्षा हुई है। आईएलओ का कहना है कि भारत में दसवीं के बाद लोगों का स्कूल छोड़ना अभी भी उच्च स्तर पर बना हुआ है, खासकर के गरीब राज्यों में या समाज के हाशिए पर रहने वाले लोगों के बीच में इसका ट्रेंड जयादा देखने को मिलता है।



पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या हुई दोगुनी

### घट रही लोगों की आमदनी

रिपोर्ट में वेतन को लेकर भी एक बात कही गई है। साल 2019 के बाद से नियमित कर्मचारियों व और स्वरोजगार , दोनों की आमदनी में गिरावट देखी जा रही है, वहीं अकुशल कर्मचारियों में भी कैजुअल वर्कर्स को 2022 में सही से न्यूनतम मजदूरी नहीं मिली है। कुछ राज्यों में रोजगार की स्थिति काफी दयनीय है। ये राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, मध्य प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ हैं।



# देश

**उवाच** "जेएनयू के छात्रों की तरह देश भर के युवा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा राज में फैली अभूतपूर्व बेरोजगारी, महंगी पढ़ाई व चतुर्दिक महंगाई से त्रस्त अपने परिवारों और आसपास के लोगों को भी भाजपा के खिलाफ मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

-अखिलेश यादव, सपा प्रमुख



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 24.0 |
| मुंबई | 30.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 25.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 27.0 |

# लोकसभा चुनाव में बिहार से राजग ने अपने आठ सांसदों को किया बेटिकट

■ पार्टी ने चार नए प्रत्याशी पर लगाया दांव ■ भाजपा ने 17 व जदयू ने 16 उम्मीदवारों की सूची की है जारी

**पटना,** 27 मार्च (देशबन्धु)। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने आगामी लोकसभा चुनाव में आठ सांसदों को बेटिकट कर दिया वहीं चार नए प्रत्याशी पर दांव लगाया है। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राजग के प्रमुख घटक दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सभी 17 उम्मीदवार और जनता दल यूनाईटेड (जदयू) ने अपने सभी 16 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। भाजपा ने इस बार के चुनाव में चार सांसदों का टिकट काट दिया है।

भाजपा ने बक्सर से केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, मुजफ्फरपुर से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय जय नारायण प्रसाद निषाद के पुत्र अजय निषाद, सासाराम (सु) से छेदी पासवान और शिवहर से रमा देवी को बेटिकट कर दिया है। राजग में सीटो के तालमेल के तहत इस बार के चुनाव में भाजपा की जीती हुई शिवहर सीट जदयू को दे दी गई है। भाजपा ने बक्सर से गोपालगंज के बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी और सासाराम (सु) सीट से भोजपुर के अगियांव (सु) से पूर्व विधायक शिवेश राम को चुनावी रणभूमि में उतारा है। शिवेश राम पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सांसद दिवंगत मुनि लाल के पुत्र हैं।

मुनि लाल ने सासाराम सीट पर वर्ष 1996 में पहली बार भाजपा का 'कमल' खिलाया था। इसके बाद मुनि लाल वर्ष 1998 और वर्ष 1999 में भी भाजपा के टिकट पर सासाराम सीट पर विजयी बनें। मिथिलेश तिवारी और शिवेश राम पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने मुजफ्फरपुर से राजभूषण चौधरी निषाद को उम्मीदवार बनाया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राजभूषण चौधरी निषाद भाजपा प्रत्याशी अजय निषाद के प्रतिद्वंद्वी के रूप में मुकेश सहनी की पार्टी विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) के उम्मीदवार थे, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं जदयू ने भी इस बार के चुनाव में चार सासंदों को बेटिकट कर दिया है। दिलचस्प बात है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में गया (सु) सीट से हम प्रत्याशी जीतन राम मांझी को जदयू उम्मीदवार विजय कुमार मांझी और काराकाट सीट से राष्ट्रीय लोक समता पार्टी प्रत्याशी उपेन्द्र कुश्वाहा को जदयू उम्मीदवार महाबली सिंह से हार का सामना करना पड़ा था। शिवहर सीट से जदयू के टिकट पर पूर्व सांसद लवली आनंद चुनावी रणभूमि मे उतरी हैं। लवली आनंद पूर्व सांसद और बाहुबली नेता आनंद मोहन की पत्नी हैं।


### जदयू ने सीतामढ़ी से विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को चुनावी दंगल में उतारा

जदयू ने सीवान से कविता सिंह, सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिंटू, काराकाट से महाबली सिंह और गया (सु) से विजय कुमार मांझी का टिकट काट दिया है। जदयू ने सीतामढ़ी से बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को चुनावी दंगल में उतारा है। वहीं, सीवान संसदीय सीट से जीरादेई के पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा की पत्नी विजया लक्ष्मी देवी को उम्मीदवार बनाया है। देवेश चंद्र ठाकुर और विजया लक्ष्मी देवी पहली बार लोकसभा के चुनावी रण में अपना भाग्य आजमा रही हैं। राजग के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल में गया (सु) सीट इस बार पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को दे दी गई है। इसी तरह जदयू के खाते वाली काराकाट सीट इस बार उपेन्द्र कुश्वाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के हिस्से में गई है। संभावना जतायी जा रही है कि गया (सु) से जीतन राम मांझी और काराकाट सीट से उपेन्द्र कुश्वाहा इस बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

## माकपा उम्मीदवार थॉमस इसाक को ईडी का समन

**मसाला बांड मामला**

**तिरुवनंतपुरम,** 27 मार्च (एजेंसियां)। सीपीआई-एम के पथानामथिट्टा लोकसभा सीट के उम्मीदवार और केरल के पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक को बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने मसाला बांड मामले में पेश होने के लिए छठा नोटिस भेजा। अपने चुनाव अभियान में व्यस्त थॉमस इसाक ने ईडी पर उनको धमकी देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ईडी को यह नहीं भूलना चाहिए कि यह केरल है, उत्तर भारत नहीं। अगर मैं पेश नहीं हुआ तो ईडी मेरी नाक नहीं काटने वाली है। वैसे भी, मैं सोमवार को केरल उच्च न्यायालय जा रहा हूं। हालांकि प्रयासों के बावजूद उन्हें अभी तक केरल उच्च न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली है। 2019 में केरल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड बोर्ड द्वारा मसाला बांड के माध्यम से कुल 2,150 करोड़ रुपए जुटाए गए थे, जब इसाक पहली पिनाराई विजयन सरकार (2016-21) में वित्त मंत्री थे। अर्थशास्त्र के पूर्व प्रोफेसर और चार बार विधायक रहे इसाक का नाम 2021 विधानसभा चुनाव के लिए सीपीआई-एम की सूची में नहीं था। इसाक का मुकाबला एंटो एंटनी और भाजपा के अनिल एंटनी से है।



## राजस्थान में 53 साल बाद गठबंधन के सहारे कांग्रेस

**अब तक घोषित सीटों पर तीन दल बदलुओं को मिला टिकट**

**जयपुर,** 27 मार्च (एजेंसियां)। इन लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने प्रदेश में 53 साल बाद गठबंधन का सहारा लिया है। अब तक घोषित 24 सीटों में से पांच सीटों पर पार्टी ने गठबंधन और दल-बदलकर आए नेताओं को टिकट दिए हैं। शेष बची डूंगरपुर-बांसवाड़ा सीट भी गठबंधन पर बातचीत को लेकर पेंडिंग है। गौरतलब है कि 1971 से लेकर अब तक किसी भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने कभी किसी अन्य दल के साथ गठबंधन नहीं किया। इससे पहले के चुनाव में भी कांग्रेस ने एक या दो बार ही दूसरे दलों के लिए एक सीट छोड़ी है।

ऐसे में 53 साल बाद इस बार कांग्रेस प्रदेश में अन्य दलों के साथ गठबंधन कर चुनाव में उतर रही है। कांग्रेस की ओर से घोषित 24 सीटों में से दो सीटें सीकर और नागौर गठबंधन के तहत क्रमश: माकपा और आरएलपी को दी हैं, वहीं डूंगरपुर-बांसवाड़ा सीट पर भारतीय आदिवासी पार्टी के साथ गठबंधन के आसार बताए जा रहे हैं। इनके अलावा चूरू, कोटा और बाड़मेर-जैसलमेर की सीटें दल-बदलकर आए नेताओं क्रमश: राहुल कस्वां, प्रहलाद गुंजल और उम्मेदाराम बेनीवाल की झोली में गई हैं। ऐसे में अब तक कुल जमा पांच सीटें मूल कांग्रेसियों के बजाए बाहरी खाते में चली गई हैं। गठबंधन करना चाहे कांग्रेस के लिए कोई रणनीतिक फैसला हो लेकिन जिन सीटों पर गठबंधन किए गए हैं, वे कांग्रेस के लिए विधानसभा चुनावों में सबसे ज्यादा मजबूत सीटें रही हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा के गृह जिले सीकर की सीट पार्टी की मजबूत सीट थी। विस चुनावों में यहां पार्टी ने 8 में से 5 सीटों पर जीत हासिल की थी। इसी तरह नागौर में भी कांग्रेस विस चुनाव में 8 में से 4 सीटें जीतने में कामयाब रही थी, जबकि जिस आरएलपी को सीट दी गई है, वह सिर्फ एक सीट जीत पाई थी। ऐसे में यहां भी कांग्रेस मजबूत थी। इसके अलावा जिस बांसवाड़ा सीट पर भारतीय आदिवासी पार्टी से गठबंधन की तैयारी चल रही है, उसके तहत आने वाली 8 विधानसभा सीटों में से भी 5 पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। इधर दल-बदलकर पार्टी में आने वाले नेताओं पार्टी ज्वाइन करते ही टिकट परोसकर दिए जाने से स्थानीय कार्यकर्ताओं में नाराजगी है।



**सार संक्षेप**

### विश्व सुगम्यता दिवस पर स्वयं और आईसीएमआर ने चिकित्सकों तक पहुंचने के लिए प्रशिक्षण के लिए सहयोग किया

**नई दिल्ली।** भारत में सुगम्यता एक जटिल चुनौती के रूप मे सामने आती है, जिसमें कम गतिशीलता वाले व्यक्तियों के लिए शारीरिक और सामाजिक बाधाएं शामिल हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में दिव्यांग लोगों के साथ रहने वाले अनुमानित 2.6 करोड़ लोग और 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के 104 मिलियन लोगों को चलने-फिरने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है; जिसके चलते ठोस प्रयासों की आवश्यकता स्पष्ट है। सभी को प्रभावित करने वाली इतनी महत्वपूर्ण चिंता होने के बावजूद, भारत में सुगम्यता के लिए समर्पित एक निर्दिष्ट दिन का अभाव है। इस तरह के अवसर की स्थापना सुगम्यता को राष्ट्रव्यापी बढ़ाने के लिए संयुक्त कार्रवाई और केंद्रित अभ्यासों को बढ़ावा दे सकती है। स्वयं, एक प्रमुख सुगम्यता संगठन, लगातार दूसरे वर्ष 27 मार्च को विश्व सुगम्यता दिवस को चिह्नित करने और मनाने के लिए तैयार है। स्वयं और आईसीएमआर मिलकर उन व्यापक चुनौतियों का समाधान करने की कोशिश करेंगे जो सुगम्यता की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में बाधा डालती हैं।

### केटीआर ने की रंजीत रेड्डी के दलबदल की निंदा

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री के टी रामा राव (केटीआर) ने पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने के लिए सांसद रंजीत रेड्डी की कड़ी आलोचना की है और उन्हें राजनीतिक अवसरवादी करार दिया है। पार्टी के बयान में बुधवार को कहा गया कि केटीआर ने चेवेल्ला संसदीय क्षेत्र के पूर्व विधायकों के साथ बैठक में पार्टी की वफादारी पर व्यक्तिगत शक्ति और व्यावसायिक हितों को प्राथमिकता देने के लिए रेड्डी की आलोचना की।

### मतदान के दिन अधिकारियों को सवैतनिक अवकाश

**मुंबई।** महाराष्ट्र के 48 लोकसभा क्षेत्रों में पांच चरणों में होने वाले मतदान के मद्देनजर कर्मचारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान के दिन एक दिन का सवैतनिक अवकाश मिलेगा। जो कर्मचारी, अधिकारी और कर्मचारी उस मतदान क्षेत्र के मतदाता हैं जहां चुनाव हो रहा है, भले ही वे उस क्षेत्र के बाहर काम कर रहे हों जहां चुनाव हो रहा है, उन्हें चुनाव के दिन अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए पर्याप्त छुट्टी दी जाएगी।

### छिंदवाड़ा से भाजपा उम्मीदवार विवेक साहू ने भरा नामांकन

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित लोकसभा सीटों में से एक छिंदवाड़ा से भाजपा के उम्मीदवार विवेक बंटी साहू ने बुधवार को पार्टी के दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस नेता कमलनाथ पर कई आरोप लगाए। छिंदवाड़ा से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है।

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने बनाई नई मीडिया टीम

**मीडिया विभाग में 33 लोगों को जिम्मेदारी सौंपी**

**भोपाल,** 27 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने मीडिया की नई टीम बनाई है। प्रदेश अध्यक्ष का मीडिया सलाहकार के.के. मिश्रा को बनाया गया है जबकि मीडिया विभाग के अध्यक्ष पूर्व मंत्री मुकेश नायक होंगे। कांग्रेस ने राज्य में मीडिया विभाग में कुल 33 लोगों को जिम्मेदारी सौंपी है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार, मीडिया विभाग के अध्यक्ष के अलावा कुल 22 प्रवक्ता बनाए हैं। भूपेंद्र गुप्ता, मृणाल पंत, शैलेंद्र पटेल, कुणाल चौधरी, विपिन वानखेड़े, विनय सक्सेना, निशा बांगरे, रोशनी यादव और अब्बास हाफिज मुख्य प्रवक्ता होंगे। अन्य प्रवक्ता हैं-अशोक मार्सकोले, बैजनाथ कुशवाहा, रवि सक्सेना, अमित शर्मा, राम पांडे, मिथुन अहिरवार, रवि वर्मा फरहाना खान, आर.पी. सिंह, स्वदेश शर्मा, संगीता शर्मा, अवनीश बुंदेला, राजकुमार केलु (उपाध्यक्ष), योगेश यादव, विवेक त्रिपाठी, अपराजिता पांडे, संतोष गौतम, आनंद जाट, अभिनव बरोलिया, स्पर्श चौधरी, अवनी बंसल रीना बोरासी शामिल है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मीडिया विभाग में नई नियुक्तियां करते हुए उम्मीद जताई कि कांग्रेस पार्टी की नीति मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# झारखंड के चुनावी दंगल में उतरे राजनीतिक दल

■ इंडिया गठबंधन में सीटों की शेयरिंग पर अब तक उलझे हैं तार

■ भाजपा ने दुमका में सीता सोरेन को बनाया उम्मीदवार

**रांची,** 27 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड में एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की 14 में से अपने हिस्से की 13 सीटों पर योद्धाओं को मैदान-ए-जंग में उतार दिया है, वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन में न तो सीटों की शेयरिंग पर तस्वीर साफ हुई है और न ही प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है। भारतीय जनता पार्टी ने 11 सीटों पर अपने प्रत्याशी 25 दिन पहले दो मार्च को ही घोषित कर दिए थे। इन प्रत्याशियों ने पहले दौर का चुनावी जनसंपर्क अभियान पूरा कर लिया है। बाकी दो सीटों पर भी बीते 24 मार्च को प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया गया है और वे भी चुनाव प्रचार अभियान में उतर गए हैं।

इस बीच दुमका में पहले प्रत्याशी घोषित किए गए सुनील सोरेन को ड्रॉप कर उनकी जगह सीता सोरेन को उम्मीदवार बनाया गया है। 14 में से एक गिरिडीह की सीट सहयोगी पार्टी आजसू के लिए छोड़ी गई है, जहां से मौजूदा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की उम्मीदवारी फिर से तय मानी जा रही है। राज्य की 14 सीटों में से पांच सीट अनुसूचित जनजाति यानी आदिवासी और एक अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। बाकी सामान्य सीटों पर टिकटों के बंटवारे में भाजपा ने जातीय फैक्टर का पूरा ख्याल रखा है। सबसे ज्यादा तवज्जो ओबीसी को दी गई है, क्योंकि राज्य में सबसे ज्यादा आबादी इसी तबके की है। इस तबके से पांच लोगों को प्रत्याशी बनाया गया है। राज्य में ओबीसी की तीन सबसे प्रभावी जातियां वैश्य, कुर्मी और यादव हैं। पार्टी ने वैश्य समुदाय से तीन, हजारीबाग सीट पर मनीष जायसवाल, धनबाद सीट पर ढुल्लू महतो और रांची में संजय सेठ को उम्मीदवार बनाया गया है। जमशेदपुर में विद्युत वरण महतो को दुबारा प्रत्याशी बनाकर कुर्मी जाति और कोडरमा सीट पर अन्नपूर्णा यादव की उम्मीदवारी बरकरार रखते हुए यादव जाति को प्रतिनिधित्व दिया गया है। दो सीटों पर सवर्ण जातियों से उम्मीदवार बनाए गए हैं। इनमें ब्राह्मण जाति से निशिकांत दुबे को गोड्डा और भूमिहार जाति से कालीचरण सिंह को चतरा से प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी ने आदिवासियों के लिए आरक्षित पांच में से सिर्फ एक सीट खूंटी में अर्जुन मुंडा को लगातार दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है, जबकि चार सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया है।

लोहरदगा में लगातार तीन टर्म जीत दर्ज करने वाले सुदर्शन भगत की जगह समीर उरांव और दुमका में सुनील सोरेन की जगह सीता सोरेन को लाया गया है। इन दोनों सीटों पर एंटी इन्कंबेंसी फैक्टर को ध्यान में रखते हुए प्रत्याशी बदले गए हैं।

### शीघ्र होंगे प्रत्याशियों के नाम घोषित : कांग्रेस

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा है कि एक-दो दिनों में सीट शेयरिंग के साथ-साथ प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए जाएंगे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य कहते हैं कि गठबंधन में शीर्ष स्तर पर निर्णय हो चुका है और हर सीट पर भाजपा के खिलाफ हमारी मजबूत मोर्चेबंदी है। इंडिया गठबंधन की बात करें तो सीटों की शेयरिंग का अब तक ऐलान नहीं हुआ है। लोहरदगा, जमशेदपुर, पलामू और चतरा सीटों पर गठबंधन के घटक दलों की परस्पर दावेदारी की वजह से पेंच फंस रहा है। लोहरदगा और जमशेदपुर को कांग्रेस अपनी परंपरागत सीट मानती है, लेकिन इस बार इन दोनों सीटों पर झामुमो की प्रबल दावेदारी है। इसी तरह राजद की ओर से दो सीटों पलामू और चतरा पर दावेदारी की गई है, लेकिन कांग्रेस-झामुमो उसे इन दोनों में से कोई एक सीट ही देना चाहते हैं।

## भारत-चीन सीमा पर सात हजार फीट पर होगा सबसे ऊंचा पोलिंग बूथ

**मतदान कर्मियों को करना होगा 14 किमी का बेहद दुरूह रास्ता पार**

**पिथौरागढ़/नैनीताल,** 27 मार्च (एजेंसियां)। उत्तराखंड की चीन सीमा से सटी पिथौरागढ़ जिले की धारचूला विधानसभा मतदान के लिहाज से सबसे चुनौतीपूर्ण है। यहां एक पोलिंग बूथ ऐसा भी है जहां मतदान कर्मी तीन दिन पहले रवाना होंगे जबकि ऐसे ही 63 बूथों पर दो दिन पहले रवाना होंगे। पिथौरागढ़ जिले में धारचूला, डीडीहाट, पिथौरागढ़ एवं गंगोलीहाट समेत कुल चार विधानसभाओं में कुल 611 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। धारचूला में कुल 160, डीडीहाट में 144, पिथौरागढ़ में 151 जबकि गंगोलीहाट में 156 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें धारचूला का कनार (नामिक) पोलिंग बूथ 7000 फीट की ऊंचाई पर है। यहां मतदान कर्मियों को 14 किमी का बेहद दुरूह रास्ता पार करना होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मतदान कर्मी यहां पहुंचने के लिए तीन दिन पहले रवाना होंगे। इनके अलावा 63 पोलिंग बूथ ऐसे हैं जहां मतदान कर्मी दो दिन पहले रवाना होंगे। इनमें धारचूला के सबसे अधिक 48, पिथौरागढ़ के 11, डीडीहाट के 4 पोलिंग बूथ शामिल हैं। बाकी पोलिंग बूथों पर मतदान कर्मी एक दिन पहले रवाना होंगे।



### नैनीताल की छह विस क्षेत्रों में 1010 मतदान स्थल हैं

इसी प्रकार नैनीतात जिले में भीमताल विधानसभा क्षेत्र चुनाव के लिहाज से सबसे अहम है। नैनीताल जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1010 मतदान स्थल बनाए गए हैं। इनमें भीमताल विधानसभा के 57 पोलिंग बूथे ऐसे हैं जहां दो दिन पूर्व जबकि 953 मतदान स्थलों के लिए एक दिन पूर्व पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी।

## दयानिधि मारन ने चेन्नई सेट्रंल से किया नामांकन

**चेन्नई,** 27 मार्च (एजेंसियां)। डीएमके के सीनियर नेता और सीटिंग एमपी दयानिधि मारन ने बुधवार को चेन्नई सेट्रंल लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। क्षेत्रीय उपायुक्त, ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन, केजे प्रवीण कुमार के समक्ष दयानिधि मारन ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना भी साधा। दयानिधि मारन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश में आर्थिक विकास सुनिश्चित करने में पूरी तरह से नाकाम रही है।

उन्होंने कहा कि चाहे कोविड हो या हाल में आई बाढ़। हर मामले में डीएमके तमिलनाडु की जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही, ताकि उन्हें हर प्रकार की सहायता मिल सके। जब वह अपना नामांकन पत्र दाखिल करने गए, तो डीएमके नेता के साथ तमिलनाडु हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती (एचआर एंड सीई) मंत्री शेखर बाबू, डीएमके विधायक एमके मोहन और डीएमके नेता एन रामलिंगम भी थे।

## चमोली में शतायु पूर्ण कर चुके बीस मतदाता करेंगे मतदान

**प्रथम चरण में 19 अप्रैल को होना है मतदान**

**देहरादून,** 27 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को उत्तराखंड में होने वाले मतदान में चमोली जनपद के 20 मतदाता ऐसे मतदान करेंगे, जो एक सौ वर्ष (शतायु) की आयु के हैं। चमोली जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में जनपद चमोली के बदरीनाथ, कर्णप्रयाग और थराली विधानसभाओं में कुल 299777 मतदाता पंजीकृत है। वहीं इस बार जनपद में सौ साल की आयु पूर्ण कर चुके 20 मतदाता भी शामिल हैं। चमोली की कर्णप्रयाग विधानसभा में सर्वाधिक सौ वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाता निवासरत हैं। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, जनपद की तीनों विधानसभाओं में वर्तमान में 2 लाख 99 हजार सात सौ 77 मतदाता पंजीकृत हैं। जिसमें पुरुष 1 लाख 52 हजार 866, महिला 1 लाख 46 हजार 910 तथा 2 थर्ड जेंडर शामिल हैं। इसके साथ ही 10 हजार 372 सर्विस मतदाता है। इस वर्ष पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान चमोली में 18-19 आयु वर्ग के 6 हजार 335 मतदाताओं का पंजीकरण किया गया है। जनपद में 3 हजार 167 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 2 हजार 282 मतदाता है। सबसे अधिक 1 हजार 136 दिव्यांग मतदाता थराली विधानसभा में पंजीकृत हैं। जबकि इस जिले में कुल पंजीकृत मतदाताओं में से 20 मतदाता सौ वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं। जिसमें 12 महिलाएं और 8 पुरुष शामिल हैं।



**अपील** *रांची में जिला समाज कल्याण पदाधिकारियों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अपील*


# अपवर्जित समूहों के निर्वाचकों की भागीदारी कराएं सुनिश्चित

**रांची, 27 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड राज्य के सभी दिव्यांग शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण, पचासी वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के मतदाता, गर्भवती महिलाओं एवं छोटे शिशुओं की माताओं को भी अन्य नागरिकों की तरह समान वैधानिक अधिकार प्राप्त है। चुनाव की प्रक्रिया इन्हें लोकतंत्र में समान रूप से अपनी भागीदारी निभाने का अवसर प्रदान करती है।**

अतएव इनके लिए अनिवार्यरूपेण हरेक मतदान केंद्र पर सुलभ मतदान की व्यवस्था रखी जाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा, रांची के सभागार में राज्य के सभी जिलों से आए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा के लिए 'अपवर्जित समूहों के लिए सुगम मतदान' विषयक प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में ऐसे नागरिकों को समान भागीदारी के लिए 'भारत के संविधान' का अनुच्छेद-326, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016, निर्वाचन संचालन नियमावली के नियम 49 एन के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

इसके अलावे मतदान प्रक्रिया में इनकी सुविधा के लिए डिजिटल तकनीकों के प्रयोग पर भी बल दिया गया है। राज्य के सभी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इसके लिए नोडल ऑफिसर बनाए गए हैं। कुमार ने कहा कि उन्हें अपने स्तर से हरेक विधानसभाई निर्वाचन क्षेत्र के लिए सेक्टर ऑफिसर नामित कर गैर-राजनैतिक एवं निरपेक्ष स्वयंसेवी संगठनों, रेजिडेंट वेलफेयर संगठनों आदि की मदद से अपवर्जित समूह के योग्य नागरिकों के डोर टू डोर सर्वे, छूटे हुए अर्हता प्राप्त नागरिकों के नाम निर्वाचक सूची में दर्ज कराने तथा मतदान में इनकी सुगमता के लिए समयबद्ध रूप से काम करना है। कुमार ने कहा कि अपवर्जित समूहों के ऐसे मतदाता जो मतदान केंद्र तक स्वयं आने-जाने में अक्षम हों उन्हें मतदान केंद्र पर आने-जाने की स्थानीय व्यवस्था के साथ-साथ मतदान केंद्र में शेड, कुर्सी-बेंच, व्हील चेयर, स्वयंसेवकों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाना है साथ ही यदि अपवर्जित समूह के कोई मतदाता जो चुनाव सिंबल खुद नहीं पहचान पाएं वहां मतदान केंद्र के पीठासीन पदाधिकारी उन्हें सहायक के रूप में 18 वर्ष से कम आयु के किसी किशोर को वोटिंग के लिए साथ लिए जाने की अनुमति देंगे।

प्रशिक्षण सत्र में नि:शक्तता आयुक्त अभय नंदन अम्बष्ठ ने नि:शक्तता आयोग द्वारा मतदाता के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा द्वारा मतदाता सूची एवं मतदान के बारे में बताया गया।



■ मतदान प्रक्रिया में डिजिटल तकनीकों के प्रयोग पर भी दिया बल

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर ने महिला के मुंह में थर्मामीटर रख कर कुछ देर मुंह बंद रखने को कहा।
पत्नी को खामोश देख कर पति ने पूछा : डॉक्टर साहब, ये जादुई चीज कितने की आती है?

# कैपिटल ज़ोन

# जेल से नहीं चलेगी दिल्ली सरकार : वीके सक्सेना

## आप के जेल से सरकार चलाने के दावे पर बोले उप राज्यपाल



भारत तेजी से विकास कर रहा है, विकास की यह यात्रा आगे बढ़ती रहेगी : वीके सक्सेना

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली की सरकार जेल से चलाने के मुद्दे पर दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने यह साफ किया है कि मैं दिल्ली के लोगों को इंश्योर करता हूं की दिल्ली में सरकार जेल से नहीं चलेगी। एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम में उपराज्यपाल से सवाल किया गया कि क्या दिल्ली में अब जेल से सरकार चलेगी। इस पर वीके सक्सेना ने साफ किया कि दिल्ली में सरकार जेल से नहीं चलेगी। एलजी ने देश में हर क्षेत्र में हो रही तरक्की का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से विकास कर रहा है। विकास की यह यात्रा आगे बढ़ती रहेगी। भारत को अब रोका नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उप राज्यपाल ने कहा कि पीएम देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने पर काम कर रहे हैं।

**उपराज्यपाल ने जन धन योजना का किया उल्लेख**

एलजी ने जन धन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में इसके तहत 50 करोड़ बैंक खाते खुले और 50 करोड़ से ज्यादा लोगों के पास अपने मोबाइल फोन हैं। इसका मतलब यह है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देना होगा। उनकी जगह किसी और को और मुख्यमंत्री का पदभार किसी और को संभालना पड़ सकता है। चर्चा यह भी है कि यदि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देते हैं तो उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि सक्सेना की यह टिप्पणी आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। बता दें कि आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह 28 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी दिल्ली में सरकार जेल से चलाने की बात कह रही है। वहीं तमाम कानून को जानकारों के अनुसार इसपर विभिन्न बयान भी आ रहे हैं। इन सबके बीच दिल्ली के उपराज्यपाल ने दिल्ली में सरकार जेल से नहीं चलने की बात कह कर आप पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को आक्रोशित कर दिया है। गौरतलब है 21 मार्च को गिरफ्तार किए गए अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह इस्तीफा नहीं देंगे और जेल से ही सरकार चलाएंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री 28 मार्च तक ईडी की कस्टडी में भेज गए हैं।

### शराब घोटाला मामले में ईडी की रिमांड में हैं केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कथित शराब घोटाला मामले में ईडी की रिमांड में हैं। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से ही दिल्ली में सियासी घमासान तेज है। एक तरफ आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सड़क पर प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ भाजपा के नेता अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर हल्लाबोल कर रहे हैं। दरअसल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अब तक अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया है। वह ईडी की कस्टडी से ही दिल्ली की सरकार चला रहे हैं। वह अब तक अपने मंत्रियों को दो निर्देश भी जारी कर चुके हैं। ऐसे में हर किसी के मन में एक सवाल उठ रहा है।

'जेल से सरकार' की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उन्होंने ईडी की कस्टडी से जल और स्वास्थ्य विभाग के लिए दो निर्देश भी जारी किए। हालांकि, भाजपा ने इसको लेकर एलजी से शिकायत की है और निर्देशों को फर्जी बताया है। ईडी सूत्रों ने भी कहा है कि केजरीवाल को हिरासत में किसी फाइल पर हस्ताक्षर की अनुमति नहीं है।

**एलजी की मंजूरी क्यों जरूरी**

जेल से सरकार चलाने के लिए कुछ जानकार एलजी की मंजूरी को सबसे अहम बता रहे थे। जेल से सरकार चलाने में व्यवहारिक दिक्कतों को लेकर संविधान विशेषज्ञों ने कहा था कि यदि एलजी चाहें तो किसी इमारत को जेल घोषित किया जा सकता है और वहां केजरीवाल को रखा जा सकता है। यहां से केजरीवाल सरकारी कामकाज भी देख सकते हैं। हालांकि, एलजी ने साफ कर दिया है कि वह ऐसा नहीं करने जा रहे हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी की आशंका के बीच आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में 'जनमत संग्रह' भी कराया था। दिल्ली की जनता से पूछा गया था कि यदि केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाता है तो उन्हें पद से इस्तीफा देना चाहिए या फिर जेल से सरकार चलाएं। आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि अधिकतर लोगों ने जेल से सरकार के पक्ष में अपना मत दिया।

# भ्रष्टाचार के आरोप में केजरीवाल पद से दें इस्तीफा : रामदास मलिक

## केजरीवाल की सरकार को बताया एक पूर्णतः अवैध सरकार



**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिल्ली प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संसाधन विभाग के सह प्रमुख रामदास मालिक आर डी मलिक ने बुधवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार अब एक पूर्णतः अवैध सरकार है। केजरीवाल जेल से मुख्यमंत्री के रूप में जारी रहने की दिशा में जो रास्ता बना रहे हैं, वह न केवल नैतिक राजनीतिक उदाहरणों का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि यह भी दिखा रहे हैं कि वह सरकार और पार्टी को अपनी व्यक्तिगत साम्राज्य समझते हैं। रामदास मालिक ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार के आरोपों पर गिरफ्तार किया जाना पहला मामला नहीं है, हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पुराने समय में तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता का उदाहरण हैं। अंतरराष्ट्रीय रूप में, हमें जापान, इटली और पाकिस्तान के विभिन्न देशों के प्रधानमंत्रियों के उदाहरण हैं। विदेशों के पी.एम. हों या भारत में सी.एम. सबने भ्रष्टाचार के आरोपों के तहत इस्तीफा दिए हैं। रामदास मालिक ने कहा कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के तुरंत इस्तीफा देने के लिए श्री मदन लाल खुराना का एक आदर्श उदाहरण है, जिन्होंने हवाला मामले में उनका नाम आने पर तुरंत इस्तीफा दे दिया था। दिल्लीवासियों चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल भी श्री मदन लाल खुराना के आदर्श राजनीतिक उदाहरण का पालन करके तुरंत इस्तीफा दें। उन्होंने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल पहले यह कहते थे कि जब कोई घोटाला नहीं हुआ, तो साक्ष्य कहां से आयेंगे और जब उच्च न्यायालय ने कहा कि जब साक्ष्य है, तो गिरफ्तारी क्यों नहीं। तब कोर्ट के आदेश के बाद ही केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। वकीलों की भीड़ के बावजूद, उन्हें जमानत नहीं मिली। यह वही केजरीवाल है जो कहते थे कि उन्हें सीएम की कुर्सी की कोई फ़िक्र नहीं है लेकिन आज वे शक्ति और पद के लिए पूरी तरह से पागल दिखाई देते हैं। आज, दिल्ली के हर बच्चे को पता है कि केजरीवाल भ्रष्ट हैं, और जल्द ही उनका पूरी तरह से पर्दा फाश होगा।

## सार संक्षेप

### लैंक्सेस को वित्त वर्ष 2024 में अर्निंग्स में सुधार की उम्मीद

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023 में स्पेशियलिटी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस ने विक्रय में 6,714 बिलियन यूरो का आंकड़ा पार किया, जो पिछले वर्ष के 8.088 बिलियन यूरो से तुलना में 17.0 कम था। पूर्व अपवादात्मक ईबीआईटीडीए पिछले वर्ष के 930 मिलियन यूरो की तुलना में 44.9 प्रतिशत तक की गिरावट के साथ 512 मिलियन यूरो पर दर्ज हुआ। पूर्व अपवादात्मक ईबीआईटीडीए मार्जिन 7.6 प्रतिशत रहा, जबकि इसके पिछले वर्ष में यह 11.5 प्रतिशत था। लैंक्सेस के सीईओ, मैथियास जैशर्ट ने कहा कि इस दौर से यथा संभव मजबूती के साथ उबरने और फिर से समय सुधरने पर सबसे बेहतरीन स्थिति में पहुंचने के लिए कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं। अपनी फॉरवर्ड कार्य योजना के साथ हमने आरंभिक चरण में सही कदम उठाए हैं। जर्मन केमिकल इंडस्ट्री के लिए वर्ष 2023 अनेक ग्राहक उद्योगों और बाजार के क्षेत्रों में कमजोर मांग के साथ-साथ ग्राहकों द्वारा इन्वेंटरी में कमी, जर्मनी में ऊर्जा की ऊँची कीमतें, और भू-राजनैतिक तनावों के साथ अनेक संकटों का साल था।

### पुलिस संगठन की चुनाव आयोग से मांग

**नई दिल्ली।** लोक सभा चुनाव ड्यूटी में लगाए पुलिस वालों के लिए चुनाव आयोग से अतिरिक्त सुविधा दिलवाने की मांग शुरु हो गई है। अखिल भारतीय पुलिस जनकल्याण परिषद कार्यकारिणी बैठक में अध्यक्ष दिलावर सिंह, महासचिव रमेश चव्हाण और उपाध्यक्ष छिद्दा सिंह रावत ने प्रस्ताव पास कर अर्धसैनिक व पुलिस बलों के मुख्य चुनाव आयोग से मांग की है कि इन सभी सुरक्षा प्रहरियों को जो आगामी आम चुनाव में अपनी कर्तव्य निष्ठा के लिए तैनात होंगे उन्हें एक अतिरिक्त वेतन देने और ड्यूटी के दौरान शहीद हुए जवानो को करीब एक करोड़ का बीमा सुनिश्चित करने व उनके परिवार की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्यवाही होनी चाहिए।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में वकीलों ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के लीगल सेल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को दिल्ली की सभी ज़िला अदालतों के बाहर प्रदर्शन कर विरोध जताया। आम आदमी पार्टी लीगल सेल के अध्यक्ष एडवोकेट संजीव नसीयर ने बताया कि दिल्ली के पटियाला हाउस, साकेत, तीस हजारी, द्वारका, कड़कड़डूमा और रोहिणी कोर्ट के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया। वकीलों ने कहा कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री के साथ केंद्र सरकार ज्यादती कर रही है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# देश के लोकतंत्र पर हमला कर रही केंद्र सरकार : आतिशी

## दिल्ली विधानसभा परिसर में प्रदर्शन कर आप विधायकों ने केंद्र का पुतला फूंका



**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गैर कानूनी गिरफ्तारी के खिलाफ बुधवार को दिल्ली विधानसभा में भी जमकर हंगामा हुआ। आम आदमी पार्टी के विधायकों व मंत्रियों ने 'मैं भी केजरीवाल' लिखी पीले रंग की टी-शर्ट पहन कर सदन में पहुंचे थे। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद 'आप' विधायकों ने सीएम की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र की तानाशाह सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बेल के अंदर आ गए। इसके बाद विधायक सीएम केजरीवाल का मास्क लगाकर विधानसभा परिसर में नारेबाजी की और केंद्र सरकार का पुतला फूंका। 'आप' के एक विधायक ने खुद को जंजीरों में कैद कर यह दिखाने का प्रयास किया कि कैसे मोदी सरकार विपक्ष के नेताओं को गिरफ्तार और लोकतंत्र को खत्म कर रही है। हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही दो बार कुछ देर के लिए स्थगित की गई और फिर 1 अप्रैल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इस दौरान कैबिनेट मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज, रितुराज झा, संजीव झा समेत अन्य विधायक मौजूद रहे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि हम सीएम अरविंद केजरीवाल की गैरकानूनी गिरफ्तारी के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी सिर्फ आम आदमी पार्टी पर हमला नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतंत्र पर हमला है। चुनाव की घोषणा के बाद आप एक-एक करके विपक्ष के सारे नेताओं को जेल में डाल दोगे। आप विपक्षी पार्टियों के बैंक एकाउंट फ्रीज कर दोगे। आप अन्य पार्टियों के कार्यालय को सीज कर दोगे। आप अगर विपक्ष पर इस तरह से हमला करोगे तो विपक्ष चुनाव कैसे लड़ेगा। अगर विपक्ष चुनाव नहीं लड़ पाएगा तो इस देश में लोकतंत्र कैसे बच पाएगा।

**केंद्रीय ऐजेंसियों का राजनीतिक तौर पर हो रहा इस्तेमाल**

आतिशी ने कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था होती है। यह कैसी विडंबना है कि आयोग विपक्षी दलों से शासित राज्य में गृह सचिव, जिलाधिकारी और अन्य अफसरों को तो बदल देता है, लेकिन ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के मुखिया और अधिकारियों को नहीं बदल सकता है। जबकि, आज यह साफ हो चुका है कि इनका राजनीतिक तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है।

### होमगार्ड की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में एक होमगार्ड की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की शिनाख्त गांव भौराखुर्द, भौराकलां, मुजफ्फरनगर, यूपी निवासी सतवीर सिंह के रूप में हुई है। हत्या के मामले में पुलिस ने सतवीर के मकान मालिक के भतीजे राहुल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि घटना वाले दिन सतवीर सिंह अपने मोबाइल पर किसी के साथ घर में गाली-गालौज कर रहे थे। सीढ़ियां चढ़ते हुए राहुल ने इसका विरोध किया तो सतवीर से उसकी बहस हो गई। सतवीर ने राहुल के साथ मारपीट कर दी। इसी बात पर राहुल व उसके चाचा सुनील ने डंडे और रॉड से सतवीर पर हमला कर दिया। हमले में सतवीर बुरी तरह जख्मी हो गए। उनको पहले जग प्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर होने पर उनको जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने सतवीर की मौत के बाद हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# दिल्ली भाजपा ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मयूर विहार जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ महिला मोर्चा और युवा मोर्चा पदाधिकारियों के साथ दिल्ली विधानसभा पर प्रदर्शन किया। ठेठ गुरिल्ला शैली में पार्टी कार्यकर्ता, जिनमें से अधिकांश काले कपड़े पहने हुए थे, लगभग 25 कारों में विधानसभा प्रवेश द्वार पर पहुंचे और नारे लगाने लगे।



अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा खुद विधानसभा के प्रवेश द्वार पर चढ़ गए और मयूर विहार जिला भाजपा अध्यक्ष विजेंद्र धामा, महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा और युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाए। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दिल्ली भाजपा पदाधिकारी प्रवीण शंकर कपूर, विक्रम मित्तल शामिल थे। सरिता तोमर, वैशाली पोद्दार, संदीप धामा, गौरव सिंह, अरुण द्राल, पुनीत शर्मा, विनय भारद्वाज और संजीव सिंह सहित अन्य लोगों में 20 महिलाएं शामिल थीं। दिल्ली पुलिस ने मुख्य गेट पर ताला लगाकर बीजेपी प्रदर्शनकारियों को विधानसभा परिसर में घुसने नहीं दिया और 15 मिनट के अंदर प्रदर्शनकारियों को तीन बसों में भरकर तिमारपुर ले गई, जहां से कड़ी चेतावनी के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भः (i) निविदा सूचना। 100/2023–24 दिनांक 10.03.2024 (क्र. सं. 07)
(ii) निविदा सं. 08241252 नियत तिथि 15.04.2024
उपर्युक्त निविदा के संदर्भ में, वितरण अवधि को संशोधित किया गया है। सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहती हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 924/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**होली उत्सव के बाद विशेष रेलगाड़ियां-2024**

उत्तर रेलवे द्वारा होली के उपरान्त रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:—

**04069/04070 नई दिल्ली–श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04069 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04070 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | — |
| 12:00 | — | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | — | 20:25 |

चलने के दिन : 04069 नई दिल्ली से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को एवं 04070 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से रविवार दिनांक 31.03.2024 को।
ठहराव : सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04082/04081 नई दिल्ली–वाराणसी जं.–नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04082 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04081 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 20:45 | नई दिल्ली | 12:30 | — |
| 13:00 | — | वाराणसी जं. | — | 21:00 |

चलने के दिन : 04082 नई दिल्ली से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को एवं 04081 वाराणसी जं. से रविवार दिनांक 31.03.2024 को।
ठहराव : गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04085/04086 वाराणसी जं.–श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–वाराणसी जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04085 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04086 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 14:00 | वाराणसी जं. | 23:45 | — |
| 17:50 | — | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | — | 21:30 |

चलने के दिन : 04085 वाराणसी जं. से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को एवं 04086 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से शुक्रवार दिनांक 29.03.2024 को।
ठहराव : माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., लखनऊ (एनआर), बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट एवं जम्मू तवी स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04412/04411 हज़रत निज़ामुद्दीन–उज्जैन जं.–हज़रत निज़ामुद्दीन सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04412 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04411 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 23:00 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 04:40 | — |
| 10:50 | — | उज्जैन जं. | — | 15:00 |

चलने के दिन : 04412 हज़रत निज़ामुद्दीन से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को एवं 04411 उज्जैन जं. से शुक्रवार दिनांक 29.03.2024 को।
ठहराव : मथुरा, कोटा, नागदा जं. एवं रतलाम स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

**04096 नई दिल्ली–पटना जं. एकतरफा अनारक्षित सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04096 | |
|---|---|---|
| | प्रस्थान | आगमन |
| नई दिल्ली | 19:05 | — |
| पटना जं. | — | 12:50 |

चलने के दिन : 04096 नई दिल्ली से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को।
ठहराव : गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., प. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।
स्थान : सामान्य

**04088/04087 दिल्ली जं.–सहरसा जं.–दिल्ली जं. अनारक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04088 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04087 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 23:00 | दिल्ली जं. | 13:15 | — |
| 03:15 | — | सहरसा जं. | — | 07:30 |

चलने के दिन : 04088 दिल्ली जं. से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को एवं 04087 सहरसा जं. से शनिवार दिनांक 30.03.2024 को।
ठहराव : मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।
स्थान : सामान्य

**05551/05552 सहरसा जं.–आनंद विहार टं.–सहरसा जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05551 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05552 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 09:30 | सहरसा जं. | 06:30 | — |
| 05:15 | — | आनंद विहार टं. | — | 09:30 |

चलने के दिन : 05551 सहरसा जं. से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को एवं 05552 आनंद विहार टं. से शुक्रवार दिनांक 29.03.2024 को।
ठहराव : सिमरी बख्तियारपुर, खगड़िया जं., बेगूसराय, बरौनी जं., हाजीपुर जं., छपरा, गोरखपुर जं., बस्ती, गोण्डा जं., सीतापुर जं., मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।
स्थान : सामान्य

**05575/05576 सहरसा जं.–आनंद विहार टं.–सहरसा जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05575 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05576 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 09:30 | सहरसा जं. | 06:30 | — |
| 05:15 | — | आनंद विहार टं. | — | 09:30 |

चलने के दिन : 05575 सहरसा जं. से शुक्रवार दिनांक 29.03.2024 को एवं 05576 आनंद विहार टं. से शनिवार दिनांक 30.03.2024 को।
ठहराव : सिमरी बख्तियारपुर, खगड़िया जं., बेगूसराय, बरौनी जं., हाजीपुर जं., छपरा, गोरखपुर जं., बस्ती, गोण्डा जं., सीतापुर जं., मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान

**05119/05120 छपरा जं.–आनंद विहार टं.–छपरा जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05119 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05120 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 17:45 | छपरा जं. | 09:30 | — |
| 11:50 | — | आनंद विहार टं. | — | 14:50 |

चलने के दिन : 05119 छपरा जं. से शुक्रवार दिनांक 29.03.2024 को एवं 05120 आनंद विहार टं. से शनिवार दिनांक 30.03.2024 को।
ठहराव : सीवान, देवरिया, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली जं. एवं मुरादाबाद स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**आयोजन** *आयुर्वेद संस्थान में अश्वगंधा पर किसानों के लिए सेमिनार आयोजित*

# अश्वगंधा की खेती को बढ़ावा दें किसान : मुंजाल

**नई दिल्ली, 27 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार के नजफगढ़ स्थितचौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेदचरक संस्थान में बुधवार को आयुष निदेशालय, दिल्ली सरकार के साथ मिलकर अश्वगंधा की खेती-एक सुनहरा अवसर विषय पर किसानों के लिए एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) एम बी गौड़ ने कहा की अश्वगंधा आयुर्वेद की सबसे महत्वपूर्ण जड़ी-बूटियों में से एक है। इसका उपयोग हजारों वर्षों से आयुर्वेद में रसायन के रूप में किया जा रहा है। बाजार में इसकी बहुत मांग रहती है, , किसान भाई इस की खेती करके अच्छा लाभ कमा सकते हैं। आयुष निदेशालय, दिल्ली सरकार की उपनिदेशक।**

डॉ. योगिता मुंजाल ने कहा कि किसानों के सहयोग के बिना अश्वगंधा के उत्पादन को बढ़ाना संभव नहीं है, इसलिए किसान इसकी खेती को बढ़ावा दें। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र वैश्य ने अश्वगंधा की खेती के बारे में विस्तार से किसानों को बताया और उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया। संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. जय सिंह यादव ने बताया की इस सेमिनार में आस-पासके गांव से 50 किसानों नेभाग लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक (शैक्षणिक) प्रोफेसर (डॉ.) भरत भोयर, अस्पताल अधीक्षक डॉ.सुमेर सिंह, आयुष निदेशालय के कार्यालय प्रमुख डॉ.अखिलेश वशिष्ट, कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. राकेश कुमार, उपनिदेशक (प्रशासन) डॉ. एस. एस. मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पंकज कटारा, आयुष निदेशालय से मोहम्मद खालिद, विशाल अग्रवाल, डॉ.रिजु अग्रवाल, डॉ. सुभाष साहू, डॉ. मोनिका, डॉ. अंजना, डॉ. पल्लवी सिंह एवं द्रव्यगुण विभाग के समस्त स्नातकोत्तर अध्येता उपस्थित थे।



- अश्वगंधा आयुर्वेद की महत्वपूर्ण जड़ी-बूटियों में से एक : डॉ. गौड़
- आस-पास के गांव से 50 किसानों ने लिया भाग
- अश्वगंधा की खेती के बारे में विस्तार से किसानों को बताया गया

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

"पिछले दस वर्ष में आपने बदलते भारत को देखा है। लोग सम्मान के साथ भारत को देखते हैं। हर भारतवासी को सम्मान मिल रहा। मोदी के नेतृत्व में विश्वास बढ़ा है। आज एक्सप्रेस वे,हाइवे रेलवे एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा। कल्याणकारी योजना का लाभ सबको मिल रहा : **योगी आदित्यनाथ**

### मुख्यमंत्री योगी ने प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को किया सम्बोधित, बोले

# भारत को मार्गदर्शक के रूप में देख रही दुनिया




**गाजियाबाद,** 27 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ बुधवार को गाजियाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। साथ ही उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के चुनाव का शंखनाद किया किया। इस सम्मेलन में शहर के शिक्षक, अधिवक्ता, प्रोफेसर, इंजीनियर, डॉक्टर समेत प्रबुद्ध वर्ग के करीब 1500 लोग शामिल हुए। गाजियाबाद के पुलिस लाइन में उनका हेलीकॉप्टर लैंड हुआ, जहां से वह सड़क मार्ग द्वारा नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार पहुंचे। उनके सभागार में पहुंचते ही पूरा सभागार जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस दौरान भाजपा लोकसभा के प्रत्याशी अतुल गर्ग के साथ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिला अध्यक्ष सत्यपाल प्रधान और पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा,राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप भी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित करते हुए पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया।

**गाजियाबाद स्मार्ट के साथ सेफ सिटी भी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में विशेष स्थान दुनिया भर में प्राप्त किया है। आज पूरी दुनिया के देश भारत की तरफ मार्गदर्शक के रूप में देख रही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले दस वर्ष में आपने बदलते भारत को देखा है। लोग सम्मान के साथ भारत को देखते हैं। हर भारतवासी को सम्मान मिल रहा। मोदी के नेतृत्व में विश्वास बढ़ा है।

योगी ने आगे कहा कि आज एक्सप्रेस वे,हाइवे रेलवे एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा। कल्याणकारी योजना का लाभ सबको मिल रहा। हर जाति वर्ग को ध्यान में रख योजना बनी। मोदी ने 2014 में मंत्र दिया सबका साथ सबका विकास ये उसी का परिणाम है। सब लोग इन योजनाओं से जुड़ चुके हैं।

## 30 को नोएडा आएंगे योगी आदित्यनाथ

**नोएडा**, 27 मार्च (देशबन्धु)। दूसरे चरण के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 3 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा जिला मुख्यालय में नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन प्रक्रिया के बीच में ही 30 मार्च को ग्रेटरनोएडा के जीएल बजाज इंस्टीट्यूट में लोकसभा प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में सीएम योगी आदित्यनाथ आएंगे। कार्यक्रम दोपहर दो बजे शुरू होगा। यहां शिक्षक, वकील , डॉक्टर , इंजीनियर और पत्रकारों से बातचीत करेंगे।

**3 अप्रैल को डॉक्टर महेश शर्मा करेंगे नामांकन**

ये जानकारी भाजपा गौतमबुद्ध नगर लोकसभा चुनाव संचालन समिति की एक बैठक के बाद जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने दी। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध सम्मेलन की तैयारियां पूरी का जा रही है। आने वाले लोगों से किन किन विषयों पर बातचीत होगी इसे अभी नहीं खोला गया है। आगामी दो दिनों तक बूथ पर टिफिन मीटिंग की जाएगी। जिसमें चुनावों को लेकर रणनीति तैयार होगी। उन्होंने कहा कि हमारा पहला लक्ष्य बूथ को मजबूत करना है। बता दे गौतमबुद्ध नगर में तीनों प्रमुख पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए है।

# हाउस टैक्स वसूली को लेकर निगम का अभियान तेज

- एक दिन में वसूले एक करोड़ 57 लाख
- कवि नगर संपत्ति कर वसूली में चल रहा सबसे आगे
- वसुंधरा जोन ने कई बैंक्विट हॉल तथा मॉल में किया नोटिस चस्पा

**गजियाबाद,** 27 मार्च (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम के टैक्स विभाग ने टैक्स वसूला का अभियान तेज कर दिया है। उसने एक दिन में लाख1 करोड़ 57 लाख 1 हजार की कर वसूली की है। होली पर्व के अवकाश के दौरान भी कर वसूली लगातार जारी रही ऑनलाइन तथा ऑफलाइन हाउस टैक्स वसूली प्राप्त हुई जिसमें कवि नगर ज़ोन सबसे आगे चल रहा है। सरकारी विभागों को भी कवि नगर की टीम टारगेट कर रही है तथा हाउस टैक्स वसूली को लेकर गाजियाबाद नगर निगम बेहतर कार्य कर रहा है। डॉक्टर संजीव सिन्हा ने बताया कि सरकारी विभागों को टारगेट करना प्रारंभ कर दिया है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग तथा सीबीआई ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट से लगभग 59 लाख की वसूली कवि नगर जोन द्वारा की गई है ।

### जीडीए अधिकारियों ने की लॉजिस्टिक प्लान की पीपीटी प्रस्तुतीकरण की समीक्षा



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर बुधवार को प्राधिकरण सभागार में सिटी लाजिस्टिक प्लान की पीपीटी प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की गयी7 सिटी लॉजिस्टिक प्लान को राईटस लिमिटेड द्वारा तैयार किया जा रहा है। उनके प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद गाज़ियाबाद के आगामी 20 वर्ष के ट्रैफिक एवं लॉजिस्टिकल आवश्यकता के दृष्टिकोण से इसे तैयार किया गया है। लॉजिस्टिक प्लान में ट्रांसपोर्ट नगर, मल्टी मोडल लॉजिस्टिक पार्क, पार्किंग टर्मिनल्स आदि का प्रस्ताव दिया गया है।

## सार संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**नोएडा।** सेक्टर-27 की फौजी गली स्थित एक घर से 14 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी जब किशोरी नहीं मिली तो उसके पिता ने सेक्टर-20 थाने में एक युवक प्रशांत पर बेटी को अगवा करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया। लापता युवती की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस की एक टीम गठित कर दी गई है। जिस युवक पर किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप है वह शिकायतकर्ता के घर के पास से ही रहता था। जब से किशोरी गायब हुई है युवक भी तभी से घर पर नहीं है। युवक किशोरी के पीछे काफी लंबे समय से ही पड़ा हुआ था। दीपावली के दौरान शिकायतकर्ता ने युवक को समझाया था, फिर भी वह नहीं माना और अक्सर किशोरी के घर के आसपास घूमता रहता था।

### पुलिस ने चाकू सहित वाहन चोर को पकड़ा

**नोएडा।** चोरी की मोटरसाइकिल के साथ वाहन चोर को सेक्टर-63 पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने एक चाकू भी बरामद किया है। जिस बाइक को पुलिस ने बरामद किया है उसे गाजियाबाद के विजयनगर निवासी विक्की कुमार ने बिसरख थानाक्षेत्र से चोरी किया था। चोरी की बाइक को बेचने के लिए जब विक्की जा रहा था तभी मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। शातिर वाहन चोर का पुलिस आपराधिक इतिहास पता कर रही है। उसके गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपी को बहलोलपुर अंडरपास के पास सब्जी मंडी से दबोचा गया है।

### अवैध तरीके से शराब बेचने के आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** शहर के अलग-अलग हिस्से में अवैध तरीके से शराब की ब्रिकी करने वाले तस्कर को फेज तीन पुलिस ने बुधवार को बिजली घर के पास से दबोच लिया। आरोपी सुभाष चंद्र के पास से 110 पव्वे देशी शराब बरामद हुई है। शराब तस्कर सुभाष चंद्र मूलरूप से गाजियाबाद के क्रासिंग रिपब्लिक का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि रात दस बजे के बाद जब शराब की दुकानें बंद हो जाती हैं तो वह शराब की तस्करी शहर के अलग-अलग हिस्से में करता था। इसके लिए आरोपी लोगों से डेढ़ गुना ज्यादा रकम वसूलता है।

### ईंट व डंडे से महिला समेत तीन को पीटा

**नोएडा।** दो भाइयों पर महिला समेत तीन लोगों से मारपीट करने और जान से मारने की नीयत से अवैध पिस्टल से फायर करने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ हत्या का प्रयास करने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नामजद आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

# गंदा पानी डालने पर 17 संस्थानों पर 67 लाख जुर्माना



- 9 रेस्टोरेंट संचालक को अल्टीमेटम, पहले जारी हो चुके है नोटिस
- 8 बैक्वेट पर 40 लाख का लगाया जुर्माना

**नोएडा**, 27 मार्च (देशबन्धु)। प्राधिकरण ने बिना शोधित पानी नाले में बहाने वाले 17 संस्थानों पर 67 लाख रुपए जुर्माना लगाया। प्राधिकरण की टीम रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। यहां सात रेस्टोरेंट में ईटीपी नहीं लगा मिला, जबकि दो संस्थान बंद मिले। इन पर 27 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसके बाद बैक्वेट हॉल का निरीक्षण किया गया। यहां आठ बैंक्रेट हॉल पर करीब 40 लाख का जुर्माना लगाया गया। इनमें से रेस्टोरेंट संचालकों को आज तक का समय दिया गया है। इसके बाद इनको सीज किया जाएगा।

प्राधिकरण ने शिकायत के आधार पर सेक्टर-18 और 53 में नौ होटल, रेस्त्रत्तं और वाणिज्यिक संस्थानों पर छापेमारी की थी। इन संस्थानों का पुन निरीक्षण किया गया। सात संस्थानों में शोधित जल को लेकर व्यवस्था नहीं मिली, जबकि दो संस्थान टीम को बंद मिले। टीम ने सात संस्थानों को जुर्माना जमा करने के लिए कहा है। यदि संस्थान बुधवार तक जुर्माना जमा नहीं करते हैं तो उन्हें सील कर दिया जाएगा। वहीं, बंद मिले संस्थानों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। इसके बाद आठ बैक्वेट हॉल पर 5-5 लाख का जुर्माना लगाया गया।

**इन संस्थानों पर लगाया गया जुर्माना**

- सागर रत्ना सेक्टर-18 पर 5 लाख का जुर्माना
- सेक्टर-18 में द पटियाला किचन पर दो लाख
- सेक्टर-18 में चाऊमेन पर दो लाख
- सेक्टर-53 मिठास स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट पर दो लाख
- देसी वाइबस सेक्टर-18 पर 2 लाख
- ढाबा ऐट अट्टा पर दो लाख
- सेक्टर-18 नजीर फूड पर दो लाख
- द तंदूरी विलेज पर 5 लाख
- सेक्टर-18 राधे श्याम पर 5 लाख का जुर्माना

**इन बैंक्वेट हॉल पर लगाया 5-5 लाख का जुर्माना**

- शिवरॉन सेक्टर-51
- वेडिंग विल्ला सेक्टर-51
- आनंद बैंक्वेट सेक्टर-51
- द सिटी प्राइड सेक्टर-51
- रामा सेलिब्रेशन सेक्टर-51
- गोल्डन ड्रीम बैंक्युवेट सेक्टर-51
- डायमंड क्राउन सेक्टर-51
- रामा बैंक्वेट सेक्टर-51

## होली पर्व के बाद शहर को व्यवस्थित करने में जुटा निगम

**गजियाबाद,** 27 मार्च (देशबन्धु)। होली पर्व के बाद अव्यवस्थित हुई शहर की सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम ने विशेष अभियान चलाया है। मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक वार्डों की गलियों में भी स्वास्थ्य विभाग बढ़-चढ़कर सफाई व्यवस्था में कार्य कर रहा है।

**नगर आयुक्त ने शहरवासियों से की स्वच्छता की अपील**

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी को बाजारों में आंतरिक गलियों में मुख्य चौराहों पर विशेष सफाई हेतु निर्देशित किया गया साथ ही शहर वासियों से भी सफाई मित्रों का सहयोग करने के लिए अपील भी की गई। होली के बाद अवस्थित स्थान को व्यवस्थित करने के लिए भी निर्देश दिए गए होलिका दहन के उपरांत राख को हटाने के लिए भी कहा गया, कहीं भी कूड़े की ढेरिया ना जमा हो, मार्गो को धूल मुक्त किया जाए, नालियों में कहीं रुकावट ना हो कचरा तत्काल निकल जाए, पानी का नियमित छिड़काव सड़कों पर किया जाए, कूड़े का उठान सही प्रकार से किया जाए व अन्य कार्यों के लिए संबंधित टीम को निर्देश देते हुए कार्य कराया जा रहा है।

## डंपिंग ग्राउंड में मिला शव

**नोएडा**, 27 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-71 स्थित नोएडा प्राधिकरण के डंपिंग ग्राउंड में बुधवार शाम चार बजे के करीब अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्राउंड के पास से गुजर रहे एक व्यक्ति ने सड़ी गली अवस्था में शव को देखा और इसकी सूचना डॉयल 112 पर दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक मृतक के शरीर पर चोट के निशान हैं, ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि किसी ने उसकी हत्या की और शव को डंपिंग ग्राउंड में फेंक दिया। शव चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। शव इतना शत विक्षत है कि उसे पहचानना मुश्किल हो रहा है।

**अब तक नहीं हो सकी शिनाख्त**

फेज तीन थाना प्रभारी ने बताया कि जिले के सभी थानों से हाल ही में दर्ज हुई गुमशुदगी की जानकारी मांगी गई है। स्थानीय लोगों से भी शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया की भी शव की पहचान के लिए मदद ली जा रही है। शव पुराना होने के कारण शरीर से काफी दुर्गंध आ रही थी। शव मिलने की सूचना मिलते ही आसपास भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## एलिवेटेड रोड पर स्टंट कर रहे युवक का वीडियो वायरल होने पर 31 हजार का चालान



**नोएडा**, 27 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा में वाहनों से स्टंट बाजी कम नहीं हो रही है। होली के दिन सोशल मीडिया पर दो युवतियों का वीडियो वायरल हुआ था जिनका चालान काटा गया। उसके बाद एक बाइक पर चार लोग सवार होकर स्टंटबाजी करते दिखे पुलिस ने जिनका 24,000 का चालान भी काटा है। अब नया वीडियो नोएडा एलिवेटेड रोड का बताया जा रहा है, जिसमें ऑडी कार में युवक स्टंटबाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने 31,000 का चालान भी काट दिया है।

बुधवार को सोशल मीडिया पर एक 18 सेकंड का वीडियो वायरल हो गया। वायरल वीडियो में दो ऑडी गाड़ियों में बेखौफ युवक स्टंटबाजी करते हुए दिखाई दिए हैं। यह वीडियो नोएडा एलिवेटेड रोड का बताया जा रहा है। युवक सनरूफ से बाहर निकालकर डांस करते हाथ लहराते हुए दिखाई दे रहे हैं। अपने साथ-साथ बाकी लोगों की जान को जोखिम में डालते दिखाई दिए हैं।

## मेट्रो हॉस्पिटल ने खोला ब्रेन ट्यूमर और मूवमेंट डिसऑर्डर क्लिनिक




- शुक्रवार और शनिवार को होगा इलाज, अस्पताल के डॉक्टरों ने लोगों को किया जागरूक

**नोएडा**, 27 मार्च (देशबन्धु)। मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा ने हेडेक क्लिनिक के बाद अब ब्रेन ट्यूमर और दिमाग से जुड़े अन्य विकारों के लिए क्लीनिक शुरू किए है। ये क्लीनिक हर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक और हर शनिवार दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। लॉन्च इवेंट के साथ ही यहां एक अवेयरनेस सेशन भी रखा गया। जिसमें मेट्रो हॉस्पिटल के कई डॉक्टर शामिल हुए।

इस नए क्लीनिक में उन मरीजों को देखा जाएगा जो न्यूरोलॉजी की अलग-अलग समस्याओं जैसे पार्किंसन डिजीज, एसेंशियल ट्रेमर, डिस्टोनिया, हेमीफेशियल स्पैज़म और ब्रेन ट्यूमर होता है। मूवमेंट में समस्या वाली पार्किंसन डिजीज कई तरह की चुनौतियां पेश करती है। मोटर फंक्शन पर प्रभाव यानी मसल्स को कंट्रोल करने वाले फंक्शन पर प्रभाव, संतुलन और क्वालिटी ऑफ लाइफ जैसी परेशानियां होती हैं। मरीजों को आमतौर पर शॉक यानी झटके लगते हैं, कठोरता आ जाती है, ब्रैडीकिनेसिया (मूवमेंट सुस्त पड़ जाना) और पोस्टुरल अस्थिरता होती है। मेट्रो हॉस्पिटल्स नोएडा की डॉक्टर पूजा कुशवाह ने कहा कि कपकपी और शरीर की अन्य अनैच्छिक गतिविधियां केवल उम्र बढ़ने के कारण नहीं होती हैं। वह जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उपलब्ध उपचार विकल्पों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर देती हैं। समय पर दवाएं लक्षणों को काफी हद तक कम कर सकती हैं, जिससे सटीक निदान और अन्य संभावित कारणों को दूर करने के लिए न्यूरोलॉजिस्ट से शीघ्र परामर्श महत्वपूर्ण हो जाता है। डॉक्टर आकाश मिश्रा ने कहा कि ब्रेन ट्यूमर एक महत्वपूर्ण चिकित्सा चुनौती है।

### सड़क हादसे में बच्चे की मौत के मामले में चार पर मुकदमा

**नोएडा।** शराब के नशे में कार चालक द्वारा बाइक सवार दो व्यक्तियों को टक्कर मारकर घायल करने और बाद में उपचार के दौरान 12 वर्षीय किशोर की मौत होने के मामले में आरोपी चालक समेत चार लोगों के खिलाफ सेक्टर-58 थाने में केस दर्ज किया गया है। गाजियाबाद के लोनी निवासी यशपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि होली के दिन शाम सवा छह बजे के करीब उसका भाई सन्नी कुमार अपने साढ़ू के लड़के 12 वर्षीय वंश को लेकर खोड़ा जा रहा था। इसी दौरान इंडस वैली टी प्वाइंट पर डी पार्क की तरफ से एक ब्रेजा कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सन्नी की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सन्नी और बाइक सवार वंश बाइक से दूर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वंश को देखते ही मृत घोषित कर दिया। हालत गंभीर होने के चलते सन्नी को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सन्नी के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। शिकायतकर्ता हादसे की जानकारी मिलने के बाद जब घटनास्थल पर पहुंचा तो स्थानीय लोगों ने उसे बताया कि ब्रेजा कार को खोड़ा निवासी अनुज चला रहा था।

## असामाजिक तत्वों ने प्राचीन मंदिर के अंदर मुर्गा फेंका

- आक्रोशित ग्रामीणों को पुलिस ने समझा-बुझाकर कराया शांत
- आरोपियों की पहचान के लिए जुटा पुलिस प्रशासन

**नोएडा**, 27 मार्च (देशबन्धु)। बहलोलपुर गांव में असामाजिक तत्वों ने प्राचीन चामुंडा मंदिर के अंदर मुर्गा काटकर फेंक दिया। इसकी जानकारी जैसे ही आसपास के लोगों को हुई मंदिर के बाहर भीड़ जमा होने लगी। लोगों ने जब हंगामा करना शुरू किया तो पुलिस को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मंदिर के पास जमा लोगों को किसी तरह समझा बुझाकर शांत कराया। एडिशनल डीसीपी और एसीपी समेत सेक्टर-63 थाने का पुलिसबल देर रात तक मंदिर परिसर में मौजूद रहे।

पुलिस के मुताबिक मंदिर के पिछले हिस्से में मंगलवार शाम पांच बजे के करीब किसी ने मुर्गा काटा और इसे जगह-जगह फेंक दिया। पुलिस इस बात की जानकारी कर रही है कि माहौल खराब करने का प्रयास किसकी ओर से किया गया। लोगों से पूछताछ भी की जा रही है और आसपास के सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। घटना का कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है,जिसमें मंदिर में मांस के टुकड़े दिख रहे हैं।

# गौतमबुद्ध नगर में बनेंगे चुनावी रिकॉर्ड

- भाजपा जीती तो बनेगा डबल हैट्रिक का रिकॉर्ड
- इससे पहले कांग्रेस ने बनाई थी हैट्रिक

**नोएडा**, 27 मार्च (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर में इस बार के लोकसभा चुनाव काफी दिलचस्प होने जा रहे है। यहां से भाजपा प्रत्याशी जीतता है दो बार हैट्रिक का रिकॉर्ड बनेगा और यदि सपा कांग्रेस गठबंधन का प्रत्याशी जीतता है गौतमबुद्ध नगर में पहली बार सपा अपना खाता खोलेगी। बसपा 2009 में एक बार यहां से जीत चुकी है। उस समय डॉक्टर महेश शर्मा को बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र नागर ने हराया था। हालांकि सुरेंद्र नागर अब भाजपा से ही राज्य सभा सांसद है और डॉक्टर महेश 2024 लोकसभा चुनाव में गौतम बुद्ध नगर से प्रत्याशी।

गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा लगातार दो बार जीत दर्ज कर चुकी है। 2014 और 2019 में पार्टी उम्मीदवार डॉ. महेश शर्मा ने बड़े अंतर से निकटतम प्रतिद्वंद्वी को मात दी। 2009 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस लोकसभा चुनाव में भी जीत हासिल होने पर भाजपा के नाम एक रिकॉर्ड दर्ज हो जाएगा। बुलंदशहर, खुर्जा और गौतमबुद्धनगर (1951 और 1957 में बुलंदशहर, 1962 से 2004 तक खुर्जा और 2009 से अब गौतमबुद्ध नगर लोकसभा) लोकसभा क्षेत्र से अब तक भाजपा और कांग्रेस ने एक-एक बार हैट्रिक जीत हासिल की है।

1951 से लेकर 1984 तक रहा कांग्रेस का दबदबा, आपातकाल में बना फिर खोई अपनी साख : 1951 से लेकर 1962 तक लगातार तीन लोकसभा चुनाव जीत दर्ज कर कांग्रेस ने जीत की हैट्रिक लगाई थी। तीनों चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया लाल वाल्मीकि ने जीती थी। इसके बाद कांग्रेस ने 1971 और 1984 में जीत दर्ज की थी। इसके बाद से कांग्रेस इस सीट पर कभी जीत हासिल नहीं कर सकी। नोएडा की नींव आपातकाल में ही डाली गई। जिसके पीछे आपातकाल के सबसे सशक्त नेता और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी थे। उस समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी थे। इतनी मजबूत नींव होने के बाद भी नोएडा में कांग्रेस का आपातकाल जारी है। तब से लेकर अब तक कांग्रेस यहां अपनी साख बचाने में नाकाम रही।

**भाजपा 1996 से 2004 तक लगातार जीती :** लोकसभा चुनाव में दूसरी बार जीत की हैट्रिक भाजपा लगा सकती है। 1996, 1998 और 1999 में भाजपा प्रत्याशी अशोक प्रधान ने जीत हासिल की। इसके बाद 2004 में भी उन्होंने जीत हासिल कर पार्टी को बड़ी सफलता दिलाई, लेकिन 2009 के चुनाव में भाजपा ने डॉ. महेश शर्मा को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 2014 और 2019 में लगातार डॉक्टर महेश शर्मा जीते। पार्टी ने उन्हें तीसरी बार प्रत्याशी बनाया। ऐसे में अगर डॉक्टर महेश जीतते तो शर्मा की हैट्रिक के साथ पार्टी की डबल हैट्रिक होगी।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो सदस्य गिरफ्तार

**गाजियाबाद, 27 मार्च (देशबन्धु)। थाना** कौशांबी साइबर पुलिस टीम ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 13 पासपोर्ट व विदेश भेजे जाने के लिए 2 कूट रचित वीजा तथा 2 आधार कार्ड एवं अन्य कूट रचित दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

डीसीपी निमिष पटेल ने बताया कि आकाश वालिया की लिखित तहरीर के आधार पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करवाया था । जिसका संज्ञान लेते हुए को थाना कौशांबी साइबर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इनपुट व सर्विलांस तथा मुखबिर की सूचना पर मुकीम निवासी सापला खत्री थाना देवबन्द सहारनपुर व मुफीद निवासी सापला खत्री थाना देवबन्द सहारनपुर को मैक्स अस्पताल के पीछे वाली पार्किंग से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आए कि गैंग के सभी सदस्य मिलकर फर्जी आधार कार्ड की मदद से एक ऑफिस किराए पर लेकर सोशल मीडिया साइट की मदद से फर्जी विजिटिंग कार्ड छपवाकर सोशल मीडिया साइट की मदद से लोगों को विदेश भेजने के नाम पर संम्पर्क करते थे ।



- 13 पासपोर्ट व विदेश भेजे जाने के लिए 2 कूट रचित वीजा तथा 2 आधार कार्ड बरामद

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व सौंप गए हैं, वह उन दायित्व से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार की गई बुकलेट का बहुत ही गहनता के साथ अध्ययन कर लें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। सभी अधिकारीगण नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय बनाते हुए अपनी सभी तैयारियां को समय रहते सुदृढ़ करने की कार्रवाई करेंगे : **मनीष कुमार वर्मा, जिला निर्वाचन अधिकारी ।**

# दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से होगी शुरू



- जिला प्रशासन ने तैयारी की पूरी, प्रत्याशियों के लिए दिशा निर्देश जारी
- नामांकन के लिए जिला मुख्यालय पर की गई बैरीकेटिंग

**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में द्वितीय चरण 28 मार्च बृहस्पतिवार को निर्वाचन की अधिसूचना के साथ ही नामांकन प्रकिया प्रारम्भ हो जाएगी।

आयोग द्वारा द्वितीय चरण के लिए नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 4 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार, नाम निर्देशनों की संवीक्षा हेतु तिथि 5 अप्रैल, नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 8 अप्रैल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल दिन शुक्रवार तथा 4 जून 2024 दिन मंगलवार को मतगणना सम्पन्न होगी। 06 जून 2024 से पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएंगी। नामांकन के लिए जिला मुख्यालय पर बैरीकेटिंग कर दिया गया है, ताकि नामांकन के दौरान किसी प्रकार की भीड़-भाड़ की स्थिति न बने। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गौतम बुद्ध नगर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु नामांकन प्रक्रिया जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष संख्या 105 कलेक्ट्रेट सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी की पार्किंग हेतु एलजी चौक एवं दुर्गा टॉकीज चौराहा सूरजपुर निर्धारित किया गया है। प्रत्याशियों को नामांकन के दौरान पार्किंग स्थल तीन वाहन लाने की अनुमति होगी। सिविल कोर्ट व पुलिस मुख्यालय पर बैरिकेडिंग की जाएगी, वहां से प्रत्याशी एवं प्रस्तावकों को नामांकन हेतु पैदल आना होगा। नामांकन प्रक्रिया के दौरान नामांकन कक्ष में उम्मीदवार सहित पांच लोग को अंदर जाने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन हेतु सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को जमानत राशि के रूप में 25,000 रूपये एवं एससीध्एसटी वर्ग के प्रत्याशी को जमानत राशि के रूप में 12,500 रूपये की धनराशि जमा करनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु प्रत्याशी के द्वारा ऑनलाइन भी नामांकन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने लोकसभा 2024 चुनाव में प्रत्याशियों के नामांकन के लिए ीजजचेरूध्ध्ेनअपकीं.मबप.हवअ.पद ध्सवहपद लिंक जारी किया है, जहां से प्रत्याशी ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं।

## चुनाव के लिए बेहतर तरीके से करें जिम्मेदारी का पालन : जिलाधिकारी



**ग्रेटर नोएडा।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व सौंप गए हैं, वह उन दायित्व से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार की गई बुकलेट का बहुत ही गहनता के साथ अध्ययन कर लें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी नोडल अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों के अनुरूप मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा नामित किए गए नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय बनाते हुए अपनी सभी तैयारियां को समय रहते सुदृढ़ करने की कार्रवाई करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों के साथ की तैयारियों की समीक्षा

# तीन गांव के किसानों को मुआवजा वितरित करने के लिए 681 करोड़ जारी

- सेक्टर-10 के लिए म्याना, आकलपुर व मकसूदपुर गांव की 243. 96 हेक्टेयर जमीन की जा रही है अधिग्रहित
- लोकसभा चुनाव के बाद आएगी योजना हजारों करोड़ रुपए का आएगा निवेश

**किस गांव की कितनी ली जा रही जमीन**

| | |
|---|---|
| आकलपुर | 45. 6953 हेक्टेयर |
| म्याना | 165. 2586 हेक्टेयर |
| मकसूदपुर | 33.0063 हेक्टेयर |

**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास विकसित हो रहे औद्योगिक सेक्टर- 10 के लिए अधिग्रहित की जा रही तीन गांवों की 243. 96 हेक्टेयर जमीन से प्रभावित किसानों को मुआवजा वितरित करने के लिए यमुना प्राधिकरण ने 681 करोड़ रुपये जिला प्रशासन को जारी कर दिए हैं। इससे पहले 72 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई थी। आचार संहिता के दौरान मुआवजा वितरण सहित अन्य प्रक्रिया पूरी कर लोकसभा चुनाव के बाद योजना लॉन्च करने की तैयारी है। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया आचार संहिता लागू होने से पहले शुरू हो गई थी।

यीडा सिटी के सेक्टर-10 में ईवी, सेमीकंडक्टर, लेदर, हैंडीक्रॉफ्ट व प्लॉस्टिक समेत पांच औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। इसके लिए आकलपुर, म्याना व मकसूदपुर गांव की 243. 96 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जा रही है। प्रभावित किसानों को नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत मुआवजा दिया जाएगा। इस औद्योगिक सेक्टर से प्रभावित हो रहे तीन गांवों के लगभग 2000 किसानों को मुआवजा वितरित करने के लिए यमुना प्राधिकरण ने बुधवार को 681 करोड़ रुपये गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन (एडीएम एलए) के खाते में ट्रांसफर कर दिए। बता दें कि मुआवजे का वितरण एडीएम एलए द्वारा किया जाता है। इससे पहले 72 करोड़ रुपये जमीन अधिग्रहण की धारा- 11 की अधिसूचना प्रकाशित होने से पहले जारी कर दिए गए थे। नोएडा एयरपोर्ट व अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के चलते राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियां यीडा सिटी में निवेश करने के लिए आगे आ रही हैं।

औद्योगिक सेक्टर-10 के लिए जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है, उन किसानों को मुआवजा वितरित करने के लिए अब तक 753 करोड़ रुपए जिला प्रशासन को जारी कर दिए गए हैं : डॉ अरुणवीर सिंह

## गुरुकुल में सिखाई जाती है जीवन जीने की पद्धति : आनन्द ब्रह्मचारी



- कक्षा-6 से 12वीं तक की प्रवेश प्रक्रिया शुरू
- गुरुकुल में वैदिक शिक्षा के साथ दी जा रही आधुनिक शिक्षा

**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। महर्षि पाणिनी वेद-वेदांग विद्यापीठ गुरुकुल, सेक्टर-ईटा-एक ग्रेटर नोएडा, केन्द्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय नई दिल्ली से सम्बद्ध है। आचार्च रविकांत दीक्षित ने एक दशक पहले गुरुकुल की स्थापना की थी। गुरुकुल में प्राच्य विद्या(वेद वेदंग) के साथ-साथ आधुनिक ज्ञान-विज्ञान की शिक्षा दी जा रही है। रविकांत दीक्षित ने बताया कि गुरुकुल में कक्षा छह से आठवीं तक, प्रथमा स्तर की कक्षाओं में पारम्परिक विषयों के तहत साहित्य, व्याकरण, वेद, ज्योतिष, न्याय आदि विषयों के साथ आधुनिक विषयों की शिक्षा दी जा रही है। गुरुकुल में प्राक् शास्त्री (कक्षा-6 से 11वीं तक) प्रवेश के लिए लिए अंतिम तारीख 15 अप्रैल निर्धारित किया गया है। वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कक्षा-6 से लेकर कक्षा-8 तक जो भी आधुनिक शिक्षा है, उसको दी जा रही है। आधुनिक शिक्षा में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान व सामाजिक विषयों के साथ कम्प्यूटर व संगीत की शिक्षा दी जा रही है। हर कक्षा में 15-15 सीट हैं, दो तरीके से ओपेन व डे बोर्डिंग के तहत प्रवेश दी जा रही है, दूर के बच्चों को हॉस्टल की सुविधा होगी।

## तोड़फोड़ व पथराव करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**दनकौर,** 27 मार्च (देशबन्धु)। बिलासपुर कस्बे में रंजिश के चलते घर में घुसकर तोड़फोड़ और पथराव करने के मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनको बुधवार को कोर्ट में पेशकर जेल भेजा गया है। पुलिस का कहना है अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम जुटी हुई है। बिलासपुर कस्बा निवासी यूनुस और रहमत के परिवार के बीच सोमवार की रात पुरानी रंजिश में केस वापस करने को लेकर जमकर पथराव हुआ था। आरोप है कि इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे के घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की थी। इस घटना में दोनों पक्ष के करीब 6 लोग घायल हुए थे। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष के 27 नामजद समेत 67 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में एक पक्ष के नामजद आरोपी की मुसैफ और कासिम को बुधवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अभी भी करीब 65 आरोपी फरार है। जिनको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस जुटी हुई है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों में पुराने विवाद को लेकर पथराव हुआ है। जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बाकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है।




## एरिश कंसल्टेंसी एंड सॉल्यूशंस के साथ गलगोटिया विवि ने किया समझौता

**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च(देशबन्धु)। गलगोटिया विश्वविद्यालय ने एरिश कंसल्टेंसी एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो छात्रों को जापानी भाषा, संस्कृति और व्यावसायिक प्रथाओं में अद्वितीय अवसर प्रदान करने के अपने मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। यह अभिनव साझेदारी छात्रों के लिए कई रास्ते खोलने के लिए तैयार है, जो उन्हें विभिन्न पहलों के माध्यम से जापानी भाषा और जापानी संस्कृति में व्यापक विसर्जन प्रदान करती है।



इन पहलों में जापानी प्रयोगशालाओं की स्थापना, छात्रों की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुकूलित भाषा पाठ्यक्रम, क्रॉस-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने के लिए छात्र विनिमय कार्यक्रम, और कैरियर मार्गदर्शन शामिल हैं, जिसका उद्देश्य छात्रों को वैश्विक सेटिंग्स में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल से तैयार करना है, विशेष रूप से जापान में और दुनिया भर में जापानी संगठनों के भीतर। गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीईओ डा. ध्रुव गलगोटिया ने सहयोग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, कि एरिश कंसल्टेंसी एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ यह समझौता ज्ञापन हमारे पाठ्यक्रम के भीतर वैश्विक शिक्षा मानकों को एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम का प्रतिनिधित्व करता है।

हम अपने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उपकरण और अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## महिला ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप

**दनकौर,** 27 मार्च (देशबन्धु)। दनकौर कस्बा निवासी एक महिला ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उसके पति और परिवार के लोगों के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की है। लेकिन शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसके चलते पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस के आला अधिकारियों से करने को कहा है। कस्बे के कुम्हरान जिला निवासी सुमन ने बताया कि 21 मार्च को उनके पति तेजवीर डॉक्टर से दवा लेकर घर को लौट रहे थे। उसी दौरान पड़ोस की दो लोगों ने रंजिश के चलते उनके साथ गाली-गलौज कर दी। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। इस संबंध में उन्होंने ने कोतवाली पहुंचकर मामले की आरोपियों के खिलाफ शिकायत की। आरोप है कि उसके बावजूद पुलिस ने उनके पति तेजवीर को ही हिरासत में बैठा लिया। हालांकि बाद में पुलिस ने उनको छोड़ दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उसके बाद भी आरोपी उनके घर पहुंचकर धमकी दे रहे हैं। साथ ही घर में तोड़फोड़ भी की गई है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर आरोपियों से मिली भगत होने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह मामले की शिकायत अधिकारियों से करेंगे। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि पीड़ित पक्ष की शिकायत ले ली गई है। जिसके आधार पर जांच की जा रही है।

महिला के पति के साथ रंजिशन कुछ लोगों ने की थी मारपीट

## भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ नारेबाजी, चार गिरफ्तार

**रबूपुरा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। प्रचार के लिए गांव पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ नारेबाजी करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है। पुलिस ने शांति भंग की कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज की है। डॉ0 महेश शर्मा मंगलवार को चुनाव प्रचार के लिए जेवर विधान सभा के आकलपुर गांव पहुंचे थे। आरोप है इसी दौरान दर्जन भर युवाओं ने सांसद के खिलाफ नारेबाजी शुरू करते हुए जमकर हंगामा किया। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। उक्त युवकों के कृत्य से ग्रामीणों में माहौल गर्मा गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शांतिभंग करने के आरोप में रिन्कू, सुल्ला, कृष्ण व संजीव निवासी आकलपुर को गिरफ्तार किया है।

## युवक को हनीट्रैप में फंसाकर मांगी रंगदारी, परेशान होकर की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। हनीट्रैप में फंसाकर युवक से रंगदारी मांगने के साथ समाज में बदनाम करने की डर से युवक ने नाले में कूदकर आत्महत्या कर ली। मामले में युवक के स्वजन ने मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बीटा दो कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले 25 वर्षीय शिवांश दूरस्थ शिक्षा से विधि की पढ़ाई कर रहे थे। वह एक फैक्ट्री में नौकरी भी करते थे। 20 मार्च को युवक के पास वीडियो काल आई। जैसे ही युवक ने काल उठाई सामने से न्यूड लड़की दिखाई दी। उसने युवक के भी कपड़े उतरवा दिए। दोनों के बीच हुई बातचीत को आरोपी ने एक अन्य मोबाइल से रिकार्ड कर लिया। इसके बाद वो वीडियो युवक के मोबाइल पर भेजी और प्रसारित करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जाने लगा। आरोपी ने युवक से दो लाख रुपए की मांग की। बतौर रंगदारी मांगी गई रकम देने में युवक ने असमर्थता जताई। आरोपी बार-बार धमकी देने लगे कि वह युवक की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर डाल देंगे। इस तनाव के चलते युवक ने आत्महत्या कर ली।

## महिला मित्र से विवाद होने पर कांस्टेबल ने की आत्महत्या

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च(देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश पुलिस के एक कांस्टेबल ने सर्विस पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अपनी एक महिला मित्र से मिलने के लिए आया था। पुलिस का कहना है कि सिपाही की शादी तय हो गई थी। इसी बात को लेकर उसकी महिला मित्र से कहासुनी हुई थी। जिसके बाद उसने यह कदम उठा लिया। बिसरख कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, जालौन निवासी कुलदीप यूपी पुलिस में सिपाही था। वह ललितपुर में तैनात था। कुलदीप मंगलवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की मेफेयर सोसाइटी पहुंचा था। इसी सोसाइटी में उसकी महिला मित्र अपनी छोटी बहन के साथ रहती है।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पारसौल में उप जिलाधिकारी सदर जनपद गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 491/एस.टी.-एस.डी. एम/2020 दिनांक 07.07.2020 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस्मानपुर | 587 | कटार सिंह पुत्र दलपत सिंह नि0 पारसौल तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती विमलेश | पत्नी | 50 वर्ष | |
| | | | श्रीमती गायित्री मलिक | पुत्री | 28 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती सुनीति मलिक | पुत्री | 27 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती गरिमा चौधरी | पुत्री | 26 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती प्रिंस मलिक | पुत्र | 18 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## अखिल भारतीय किसान ने किया धरना प्रदर्शन

### ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्याओं को लेकर किसानों का गुस्सा फूटा




**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या को लेकर बुधवार सैकड़ो की संख्या में किसान सभा के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में ग्रामीणों ने शारदा विश्वविद्यालय के सामने स्थित एनपीसीएल बिजली दफ्तर पर धरना प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता बाबा संतराम ने की संचालन महासचिव जगदीश नंबरदार ने किया। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने कहा कि एनपीसीएल कंपनी नाजायज तौर पर किसानों का शोषण कर रही है नाजायज चोरी के मुकदमे दर्ज कर रही है ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई ग्रामीण शेड्यूल के अनुसार दी जा रही है जबकि बिजली के रेट शहरी रेट पर चार्ज किए जा रहे हैं जो कि बिजली कानून का सरासर उल्लंघन है। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि कंपनी प्राधिकरण क्षेत्र में काम कर रही है जबकि अधिग्रहण से प्रभावित लोगों को नौकरी नहीं देती है।

निजी ट्यूबवेल के चार्ज भी लिए जा रहे हैं जबकि ट्यूबवेल का बिल उत्तर प्रदेश सरकार ने माफकर दिया है बेवजह लोगों को पीड़ित किया जा रहा है, लोगों में कंपनी के खिलाफ भारी असंतोष है। पुलिस के सीनियर अधिकारी एसीपी सुशील कुमार की ओर से कंपनी के उपाध्यक्ष सारनाथ गांगुली के साथ वार्ता करने का प्रस्ताव आया 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता की। वार्ता में कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट ने ट्यूबवेल पर हाल ही में वसूले गए सभी बिल राशि को वापस करने का आश्वासन दिया और आगे सरकारी नोटिफिकेशन को पूरी तरह लागू करने के लिए कहा। बिजली चोरी के मामलों में किसान सभा ने मांग रखी कि 2 लाख तक की बिजली चोरी के सभी मामले रद्द किए जाएं उससे ऊपर के सभी मामलों में कैसे टू केस बेसिक पर अधिकतम धनराशि माफ करते हुए निस्तारण किया जाए कंपनी ने आश्वासन दिया कि कंपनी के उच्च स्तर पर वार्ता कर नतीजे से अवगत कराएंगे और इस संबंध में आगे वार्ता जारी रखेंगे। किसान सभा ने मांग रखी ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण शेड्यूल की सप्लाई करने पर ग्रामीण दर से ही बिल जनरेट किए जाएं शहरी रेट से बिल जनरेट करने पर शहरी शेड्यूल जिसमें 24 घंटे बिजली सप्लाई का प्रावधान है लागू किया जाए इस पर कंपनी ने सहमति जताई है और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। रोजगार के मुद्दे पर कंपनी ने कहा है कि हम योग्यता अनुसार रोजगार देने के लिए राजी हैं। कंपनी ने जिन किसानों पर ट्यूबवेल के बिल भूमि अधिग्रहण होने के बावजूद भी आ रहे हैं वे नक्शा 11 की कॉपी दिखा दे उनका बिल खत्म कर देने का वादा किया और सहमति जताई।

## नर्सरी के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन कार्यक्रम आयोजित



**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा में नर्सरी ग्रेजुएशन दिवस खुशी, गर्व और विशेष उपलब्धि की भावना से मनाया गया। इस वर्ष के समारोह का विषय, जॉयफुल रेडिएंस, एम्ब्रेसिंग द लाइट विद इनष् था। गीतों से लेकर नृत्यों तक की विविध कलात्मक अभिव्यक्तियों ने वातावरण को आनंद से समृद्ध कर दिया। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने थीम को जीवंत बनाकर दयालुता, शिष्टाचार, सहायता और खुशी जैसे गुणों का उदाहरण दिया। छात्रों को सम्मानित करने के लिए स्नातक प्रमाण-पत्र सौंपे गए जिसे पाकर उनका चेहरा खिल उठा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या संध्या अवस्थी ने अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर जूनियर विंग की संचालक शिवानी गांधी ने बच्चों और अध्यापकों की मेहनत व प्रस्तुति को सराहा और धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Revnenue Department, Govt of NCT of Delhi Office of the District Magistrate Shahdara द्वारा प्रस्तुत Certification No. 90660000220931 and 90660000225431 दिनांक 07.02.2024 व 15.03.2024 के अनुसार ग्राम धनौरी व भट्टा में निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 1775 | भूदत्त शर्मा पुत्र पीताम्बर शर्मा व परमेशवरी पत्नी स्व0 भूदत्त शर्मा नि. बी.134 ज्योति कालोनी मेन 100 फुटा रोड शाहदरा ईस्ट दिल्ली-110032 | श्रीमती बिमला कौशिक | 64 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती गीता शर्मा | 48 | पुत्री विवाहित |
| भटटा | 208 | | श्री प्रदीप कुमार शर्मा | 47 | पुत्र |
| | | | श्री राजेश कुमार शर्मा | 57 | पुत्र |
| | | | श्री योगेश शर्मा | 55 | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जि0- गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0।
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि BHS162828 आवासीय भवनों की योजना के अन्तर्गत भवन/भूखण्ड संख्या-4SF, BLOCK-28, AREA-29.76 SQMT., SECTOR-SECTOR-10, ALLOTMENT NO.- BHS162828 के आवंटी Shri Ram Asharay Ram S/O- Late Beni Ram के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत/हस्तांतरित है। Shri Ram Asharay Ram S/O- Late Beni Ram की मृत्यु दिनांक 18-09-2022 को हो गयी है। वसीयत के आधार पर Shri Sumit Kumar S/o- Shri Hans Raj R/o-D-38, Sector-22, Noida, Distt- G.B. Nagar U.P.-201301 द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन को पूर्ण रूप से अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Shri Sumit Kumar S/O- Shri Hans Raj R/O-D-38, Sector-22, Noida, Distt- G.B. Nagar U.P.-201301 के पक्ष में पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 28 मार्च 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# अब वाशिंग मशीन में जनार्दन रेड्डी

कर्नाटक के खनन माफिया कहलाये जाने वाले जी. जनार्दन रेड्डी अपने पूर्ववर्ती दल यानी भारतीय जनता पार्टी में लौट आये हैं। उन्होंने अपनी पार्टी कल्याण राज्य प्रगति पक्ष (केआरपीपी) का भाजपा में विलय भी कर दिया जिसका गठन उन्होंने दिसम्बर 2022 में भाजपा से अलग होकर किया था। वर्षों भाजपा से जुड़े जनार्दन ने लम्बे समय तक पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के साथ मिलकर काम किया था लेकिन 2008 से 2013 के दौरान उन पर अवैध खनन के कई मामले उनकी ही सरकार ने दर्ज किये थे। सितम्बर 2015 में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उन्हें कर्नाटक के बेल्लारी एवं आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में करोड़ों रुपयों के लौह अयस्क का अवैध खनन करने के आरोप में गिरफ्तार भी किया था। उन्हें कर्नाटक के बेल्लारी जिले के साथ ही आंध्रप्रदेश के अनंतपुर एवं कडप्पा जाने पर प्रतिबन्ध भी लगा था। 2015 से वे जमानत पर हैं। उन पर एक-दो नहीं, सीबीआई के 9 मामले दर्ज हैं। ऐसे खनन माफिया को अपने साथ फिर से जोड़कर भाजपा ने साफ कर दिया है कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस का उसका नारा कितना खोखला और एकतरफा है। साथ ही, इस कदम ने यह भी दर्शाया है कि सत्ता के लिये भाजपा किसी भी स्तर तक जाकर समझौते कर सकती है।

जनार्दन रेड्डी को फिर से गले लगाना कोई आश्चर्य के रूप में नहीं देखा जा रहा है वरन यह मामला भाजपा द्वारा भ्रष्टाचारियों को साथ लेने की श्रृंखला की एक कड़ी मात्र के रूप में लिया जा रहा है। दोनों ही पक्ष- भाजपा व रेड्डी एक दूसरे से मिलकर जिस तरह से प्रसन्न हैं तथा सहज महसूस कर रहे हैं, उससे साफ है कि ऐसे दल व व्यक्ति ही भाजपा के नैसर्गिक सहयोगी हो सकते हैं। इस आशय का निष्कर्ष जनार्दन के बयान से निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'एक अर्से बाद भाजपा कार्यालय में फिर से प्रवेश करते हुए उन्हें ऐसा लग रहा है मानो वे अपनी मां की गोद में लौट आये हैं।' उन्होंने इसे 'अपनी जड़ों की ओर लौटना' भी बतलाया। जनार्दन रेड्डी की घरवापसी यह भी बतलाती है कि नरेन्द्र मोदी किन और कैसे लोगों के बल पर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने तथा भाजपा के लिये 370 सीटें जीतने का लक्ष्य बनाये हुए हैं। रेड्डी ने कहा कि वे एक कार्यकर्ता के रूप में मोदी को फिर से पीएम बनाने के लिये काम करेंगे। रेड्डी स्पष्ट करते हैं कि वे भाजपा में किसी पद के लिये नहीं आये हैं और उनका समर्थन बिना शर्त है।

जिन येदियुरप्पा ने बतौर मुख्यमंत्री उन्हें पर्यटन मंत्री से हटा दिया था और नाराज होकर उन्होंने भाजपा छोड़कर अलग दल बनाया था, उनके पुत्र विजयेन्द्र के साथ काम करने का अवसर मिलने पर उन्होंने खुशी जताई है। विजयेन्द्र ने भी कहा है कि 'जनार्दन रेड्डी की घरवापसी से राज्य में भाजपा और मजबूत होगी।' आखिर क्यों न हो ? वे भाजपा के लिये आर्थिक मदद देने वालों में से प्रमुख थे। अब फिर से रहेंगे। स्मरण हो कि 1998 में जब बेल्लारी लोकसभा क्षेत्र से सोनिया गांधी ने अपना पहला चुनाव लड़ा था तब भाजपा की प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज का प्रचार अभियान सम्भालने वालों में वे प्रमुख थे। कहा जाता है कि वित्तीय पक्ष भी वे ही देखा करते थे। ऐसे व्यक्ति के किसी भी दल में शामिल होने से उसके आर्थिक फायदे क्या हो सकते हैं, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है।

जनार्दन रेड्डी को इसलिये भी साथ लिया जा रहा है क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि उनकी पार्टी ने 2023 के कर्नाटक चुनाव में भाजपा का बड़ा नुकसान किया है- खासकर, उत्तर कर्नाटक में। यह अलग बात है कि विधानसभा में वे अपनी पार्टी के अकेले विधायक हैं- गंगावती विधानसभा क्षेत्र से। उधर तमाम प्रशासकीय नाकामियों एवं इलेक्टोरल बॉन्ड्स सहित कई-कई आरोपों से घिरने के कारण मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ तो गिरा ही है, भाजपा का जनाधार भी तेजी से घटा है। तिस पर भाजपा एवं उसके राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबन्धन (एनडीए) को जैसी कड़ी चुनौती संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया के द्वारा मिल रही है, वैसे में मोदी-भाजपा का तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाना लगभग नामुमकिन लग रहा है। ऐसी परिस्थिति में भाजपा एक-एक सांसद पाने के लिये संघर्षरत है। जनार्दन रेड्डी सहित तमाम विवादास्पद लोगों को भाजपा द्वारा जो शामिल किया जा रहा है या उन्हें अपना चुनावी सहयोगी बनाया जा रहा है, उसका कारण लोकसभा-2024 में पराजय का भय है।

यह बात इससे भी साबित होती है कि, जैसा स्वयं जनार्दन रेड्डी ने बतलाया है, उन्हें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से दिल्ली आने का निमंत्रण मिला था। शाह ने जब उनसे सहयोग मांगा था तो रेड्डी ने उन्हें बाहर से समर्थन देने की पेशकश की थी, परन्तु शाह ने उनकी पार्टी केआरपीपी के भाजपा में विलय पर जोर दिया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

जनार्दन रेड्डी की पार्टी में वापसी को हेमंता बिस्वा सरमा, शुभेन्दु अधिकारी, जितेन्द्र तिवारी, मुकुल रॉय, अजित पवार, छगन भुजबल, अशोक चव्हाण, नारायण राणे, प्रवीण डारेकर, हार्दिक पटेल आदि की ही कड़ी में देखा जाना चाहिये। खुद येदियुरप्पा पर भ्रष्टाचार के कई आरोप हैं जो 2013 में भाजपा छोड़ गये थे लेकिन बाद में लौट आये थे और पुन: सीएम बने थे। इसी कड़ी में भाजपा की वाशिंग मशीन में धुलने अब जनार्दन रेड्डी भी आये हैं। देखना है कि उन पर लगे आरोप कितने दिनों में सीबीआई वापस लेती है और उन्हें क्लीन चिट मिलती है।

# अपने कामों पर वोट क्यों नहीं मांगती भाजपा

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

आगामी आम चुनावों में भाजपा ने अपने लिए 370 से अधिक सीटें और एनडीए के लिए 4 सौ से अधिक सीटें लाने का लक्ष्य रखा है। 10 साल सत्ता में पूर्ण बहुमत के साथ रहने वाली पार्टी के लिए यह कोई असंभाव्य लक्ष्य नहीं है, क्योंकि अपने दो-दो कार्यकाल में किए गए कार्यों के आधार पर ही भाजपा जनता से अपने लिए पहले से अधिक सीटें और बड़ी जीत मांग सकती है। लेकिन भाजपा अपने कार्यों को गिनाने से अधिक विपक्ष पर प्रहार करके जीत हासिल करने की जुगत में है। शायद उसे अपनी उपलब्धियों के दम पर जीत हासिल करने का विश्वास नहीं है। झूठे विज्ञापन, विपक्ष की एकता का मखौल उड़ाने वाले प्रचार और भावनात्मक मुद्दों के इर्द-गिर्द भाजपा रणनीति बना रही है। कंगना रनौत प्रकरण से लेकर दूल्हा कौन होगा जैसे विज्ञापन इसकी मिसाल हैं।

2004 से 2014 तक यूपीए ने दस साल देश पर शासन किया था। लेकिन 2014 के चुनावों के वक्त यूपीए के लिए लोकविरोधी लहर चली थी। इसकी तैयारी 2011 के अन्ना आंदोलन से ही शुरु हो गई थी। जिसका नतीजा यह हुआ कि मनरेगा, सूचना का अधिकार, भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार ऐसे कई क्रांतिकारी फैसलों के बावजूद कांग्रेस के विरोध में माहौल बना दिया गया और इससे पहले कि कांग्रेस अपने कार्यों के आधार पर वोट मांगती, भाजपा ने नरेन्द्र मोदी को आगे करके अच्छे दिनों का नारा बुलंद किया। महंगाई डायन भागेगी, हर खाते में 15 लाख रूपए आएंगे, क्योंकि काला धन वापस आएगा, युवाओं को 2 करोड़ रोजगार हर साल मिलेंगे, बुलेट ट्रेन चलेगी, ऐसे कई आकाशकुसुम भाजपा ने देश के सियासी पर्दे पर बिखरा दिए, जिन्हें देखने में मगन जनता ने भाजपा को भर-भर के वोट दिए। 2014 के पहले केवल अन्ना हजारे ही नहीं, योग गुरु रामदेव, आर्ट ऑफ लिविंग सिखाने वाले रविशंकर जैसे लोगों ने भी कांग्रेस के खिलाफ खूब माहौल बनाया। कई प्रेस वार्ताएं करके बताया कि भ्रष्टाचार से लेकर पेट्रोल-डीजल के दाम और रूपए की कीमत तक सबमें भाजपा की सत्ता आने से कैसे सुधार हो सकता है। इससे पहले कि कांग्रेस अपने कामों के आधार पर वोट मांगती, भाजपा और संघ के सहयोगियों ने कांग्रेस को आभासी मुद्दों में घेर कर सत्ता से बाहर करवा दिया।

2019 के चुनाव में कांग्रेस ने फिर सत्ता में लौटने की तैयारी की। राफेल लड़ाकू विमानों के सौदों में हुई बड़ी गड़बड़ी की ओर कांग्रेस ने देश का ध्यान दिलाया। इसके साथ ही यह भी बताया कि मोदी सरकार ने 5 सालों में एक भी वादा पूरा नहीं किया है। न युवाओं को रोजगार मिला, न किसी के खाते में 15 लाख आए, लेकिन जनता तक कांग्रेस का संदेश न पहुंचे, इसकी तैयारी भी भाजपा ने कर ली थी। भाजपा ने मीडिया को अपने नियंत्रण में कर ही लिया था, इसके अलावा पुलवामा हमले के बाद राष्ट्रवाद की नयी लहर उठा दी गई, जिसमें रोजगार, महंगाई और भ्रष्टाचार के सारे मुद्दे उड़ गए और भाजपा को फिर सत्ता में आने का मौका मिला।

अब 2024 में फिर जनता के बीच भाजपा को वोट मांगने पहुंचना है। इस बार राम मंदिर के उद्घाटन पर भाजपा वोट मांग सकती थी, लेकिन यह मुद्दा महीना भर भी असर नहीं दिखा सका। फरवरी में चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और धार्मिक भावनाओं पर भ्रष्टाचार का मुद्दा हावी हो गया। ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों को किस तरह कारोबारियों पर दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल में लिया गया और कैसे बड़ी कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड के जरिए हजारों करोड़ रूपए भाजपा को चंदे के तौर पर दिए हैं, इसके प्रमाण अब सामने हैं। अर्थशास्त्री इसे देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला बता रहे हैं। जाहिर है भाजपा के लिए चुनावी बॉन्ड एक बड़ी उलझन बन चुका है और इस बार कोई धार्मिक या राष्ट्रवादी लहर इस उलझन से उसे निकाल नहीं सकती। अपने बचाव के लिए अब भाजपा दर्शकों को गुमराह करने वाले विज्ञापनों को प्रसारित कर रही है। भाजपा ने पहले यूपीए सरकार के वक्त हुए 2जी घोटाले पर विज्ञापन बनाया, जबकि अदालत में 2जी घोटाले पर कांग्रेस को क्लीन चिट मिल चुकी है। इसके बाद यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध रुकवाकर भारतीय छात्रों को लाने वाला विज्ञापन जारी किया गया। इसमें भी भाजपा का झूठ सामने आ गया। क्योंकि खुद विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है कि श्री मोदी ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध नहीं रुकवाया है और ये भ्रामक दावा है। अब भाजपा का एक और विज्ञापन सामने आया है, जो विवाह जैसी पवित्र संस्था पर आघात के समान है। इस विज्ञापन में भाजपा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर प्रहार किया है। विज्ञापन में दिखाया गया है कि दुल्हन बनी एक युवती वर पक्ष से पूछ रही है कि दूल्हा कौन है। जिन किरदारों को विज्ञापन में दिखाया गया है, वे राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे, उद्धव ठाकरे, एम के स्टालिन और ममता बनर्जी की तरह दिख रहे हैं। इसमें राहुल गांधी जैसे लगने वाले किरदार को केंद्र में दिखाया गया है, जो खुद के दूल्हा होने की बात कह रहा है, लेकिन इस बीच बाकी किरदार भी आपस में झगड़ रहे हैं और दुल्हन बनी युवती उन सबको हैरान-परेशान सी देख रही है कि ऐसे में किस तरह वो विवाह करे और किससे करे। इस विज्ञापन के आखिर में भाजपा ने सवाल उठाया है कि दूल्हा नहीं चुन सकते तो प्रधानमंत्री कैसे चुनेंगे।

> महिलाओं को निशाने पर लेने का सिलसिला आज का नहीं बरसों पुराना है। और यह किसी एक पार्टी की महिलाओं के साथ नहीं होता, सभी के साथ होता है। क्योंकि यहां समस्या समाज की मानसिकता में है, जिसमें यह बात गहरे तक धंसी हुई है कि महिलाओं को पुरुषों के बराबर नहीं रखा जा सकता। इस मानसिकता से बहुसंख्यक लोग ग्रसित हैं। केवल राहुल गांधी जैसे कुछेक अपवाद हैं, जो महिलाओं के साथ इतने सम्मान से पेश आते हैं।

भाजपा ने इस विज्ञापन के जरिए लोकतंत्र में चालाकी से कथानक बदलने की कोशिश की है। क्योंकि लोकतंत्र में जनता अपने-अपने संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधियों को चुनती है, फिर बहुमत हासिल करने वाली पार्टी या गठबंधन तय करता है कि उनका नेता कौन होगा। जनता को सीधे प्रधानमंत्री चुनने की जरूरत नहीं है। लेकिन भाजपा यही बताने की कोशिश कर रही है कि हमारी पार्टी को बहुमत मिलेगा तो नरेन्द्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे, लेकिन इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलेगा तो उनके पास कोई प्रधानमंत्री का चेहरा ही नहीं है। यह कमोबेश वही रणनीति है, जिसके तहत भाजपा ने पिछले कुछ बरसों में एक सवाल खड़ा किया है कि मोदी नहीं तो कौन। जबकि भारतीय लोकतंत्र व्यक्ति केन्द्रित न होकर पार्टी आधारित व्यवस्था पर चलता है। मोदी नहीं तो कौन जैसे सवाल लोकतंत्र के पाठ्यक्रम में हैं ही नहीं, लेकिन भाजपा ने इसे ही सबसे अहम सवाल बना दिया है और अब दूल्हा वाला विज्ञापन उसी का विस्तार है। जब इंडिया गठबंधन की नींव पड़ी थी, तब लालू प्रसाद यादव ने राहुल गांधी को दूल्हा बनने की सलाह दी थी, संभवत: इसी को ध्यान में रखकर भाजपा ने यह विज्ञापन बनाया है। लेकिन ऐसा करने में उसने विवाह नामक संस्था का जिस तरह मखौल उड़ाया है, वह न परंपरा और संस्कृति के अनुकूल है, न लोकतंत्र के लिहाज से सही है।

विज्ञापनों के अलावा भाजपा अब उन मुद्दों को भी भुनाने में लगी है, जिनसे उसे सहानुभूति मिल सके। फिल्म अभिनेत्री कंगना रानौत को हिमाचल प्रदेश के मंडी से उम्मीदवार बनाए जाने पर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया एकाउंट्स से कुछ भद्दी टिप्पणियां की गईं, जिनकी जानकारी होते ही सुप्रिया श्रीनेत ने उन्हें हटा लिया और साथ ही सफाई दे दी कि उनके एकाउंट्स को कुछ और लोग भी संभालते हैं और उन्हीं में से शायद किसी ने ऐसा किया है, लेकिन उनके विचार ऐसे बिल्कुल नहीं हैं। लेकिन भाजपा ने इस मामले को लपक लिया और बात महिला आयोग से लेकर चुनाव आयोग तक पहुंच गई। किसी भी महिला पर बेहूदी टिप्पणी हर लिहाज से गलत है और इसका बचाव किसी तरह नहीं किया जा सकता। कंगना रानौत पर जिस तरह के आक्रमण अब किए गए, खुद उन्होंने पहले उर्मिला मातोंडकर पर ऐसी ही टिप्पणी की थी। दूसरे दलों की महिला नेताओं पर भी कई बार ऐसे ही आक्रमण किए जा चुके हैं, जिनसे उनकी गरिमा को ठेस पहुंचे। सोनिया गांधी तो सबसे बड़ा उदाहरण हमारे सामने हैं, जिन्हें अनगिनत बार, अनगिनत तरीके से अपमानित किया गया। लेकिन सोनिया गांधी ने कभी न उनका जवाब दिया, न खुद को पीड़ित बताकर सहानुभूति बटोरने की कोशिश की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोनिया गांधी को कांग्रेस की विधवा कह चुके हैं, तब भी सोनिया गांधी अपनी गरिमा बनाए रखते हुए खामोश रहीं। महिलाओं को निशाने पर लेने का सिलसिला आज का नहीं बरसों पुराना है। और यह किसी एक पार्टी की महिलाओं के साथ नहीं होता, सभी के साथ होता है। क्योंकि यहां समस्या समाज की मानसिकता में है, जिसमें यह बात गहरे तक धंसी हुई है कि महिलाओं को पुरुषों के बराबर नहीं रखा जा सकता। इस मानसिकता से बहुसंख्यक लोग ग्रसित हैं। केवल राहुल गांधी जैसे कुछेक अपवाद हैं, जो महिलाओं के साथ इतने सम्मान से पेश आते हैं कि हर उम्र की महिला उनके साथ अपनापन महसूस करती है और सहजता के साथ पेश आती है। जाहिर है उनके मां-बाप ने ऐसे संस्कार उन्हें दिए हैं और देश में अब ऐसे ही संस्कारों की जरूरत है। तब न महिला आरक्षण पर नाटकीयता की जरूरत पड़ेगी, न शक्ति शब्द को लेकर अनावश्यक भ्रम खड़ा करना पड़ेगा।

भाजपा को अगर अपनी जीत का यकीन है तो वह झूठे विज्ञापनों को हटाए और कंगना रानौत के लिए सहानुभूति बटोरना छोड़कर राहुल गांधी की तरह महिलाओं को उनकी मर्जी से रहने के अधिकार का बयान देकर दिखाए। भाजपा की मजबूती का झूठ और सच, सब अपने आप सामने आ जाएगा।

# भाजपा से मुकाबले के लिए इंडिया ब्लॉक में अधिकतम एकता जरूरी

■ कल्याणी शंकर

मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा 16 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी घमसान शुरू हो गया है। मतदान 19 अप्रैल को शुरू होगा और 1 जून को समाप्त होगा। परिणाम 4 जून को घोषित किये जायेंगे। आखिर 2024 का लोकसभा चुनाव कौन जीतेगा ?

यह एक बहुदलीय प्रतियोगिता होगी, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन और इंडिया ब्लॉक का विपक्षी गठबंधन प्राथमिक दावेदार होंगे। इस बीच, गठबंधन बनाये जा रहे हैं और प्रमुख दलों ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दल-बदल और गुप्त सौदेबाजी भी चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य हैट्रिक लगाना (तीसरी बार जीतना) है।

वर्तमान में, यह एक ऐसी घुड़दौड़ है, जिसमें भाजपा हावी है और विपक्षी दल पीछे चल रहे हैं। विपक्षी भारत गठबंधन में 26 दल शामिल हैं। उन्होंने भाजपा को चुनौती देने के लिए चुनाव पूर्व गठबंधन बनाया है। इसका लक्ष्य आगामी चुनावों में भाजपा के खिलाफ अधिकतम निर्वाचन क्षेत्रों में एक साझा विपक्षी उम्मीदवार खड़ा करना है।

> कांग्रेस पार्टी अभी भी अपने गौरवशाली अतीत से चिपकी हुई है और वर्तमान परिदृश्य को स्वीकार करने में विफल हो रही है। दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में, कांग्रेस स्वचालित रूप से गठबंधन का नेतृत्व करने की उम्मीद करती है। वह अपने नेताओं को भाजपा के हाथों खो रही है और इन नेताओं के लगातार जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा है।

विपक्ष को 2014 और 2019 में लगातार दो हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसकी छवि को काफी नुकसान पहुंचा। इसे मिलेनियल्स सहित मतदाताओं से जुड़ने की जरूरत है। विपक्ष का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस 138 साल पुरानी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है जो एससी, एसटी, ओबीसी और मुसलमानों जैसे हाशिए पर रहने वाले समूहों का प्रतिनिधित्व करती थी। अस्सी के दशक के बाद से क्षेत्रीय दलों के उदय के साथ यह कमजोर हो गया है और आज, यह अपनी पूर्व ताकत की छाया मात्र है। इसमें नेतृत्व का अभाव है।

2014 और 2019 की हार के बाद, कांग्रेस अब दावा करती है कि वह सामाजिक न्याय और भारत के गरीबों, पीड़ितों, दलितों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को अपनी पांच गारंटी के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है- युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिक न्याय।

विपक्ष का लक्ष्य मुख्य रूप से भाजपा विरोधी वोटों को एकजुट करके और प्रोत्साहन देकर मोदी को चुनौती देना है। हाल के हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना विधानसभा चुनावों में यह रणनीति कांग्रेस के लिए काम आई, जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की। कांग्रेस को केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ नागरिकों के एक वर्ग में सत्ता विरोधी मूड से लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने राहुल गांधी की हालिया भारत जोड़ो यात्रा पर भी प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य लोगों से जुड़ना था।

सफल होने के लिए, कांग्रेस को चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाने वाले युवा मतदाताओं से जुड़ने के लिए मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और सामाजिक कलह जैसे रोज़ी-रोटी के मुद्दे उठाने होंगे। उन्हें उनसे अपील करने के लिए एक वैकल्पिक रणनीति दिखानी होगी। इसके साथ ही, राज्य-स्तरीय पार्टियों के कुछ शक्तिशाली मुख्यमंत्री अपने राज्यों पर हावी हैं, जिससे इन क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कड़ी चुनावी लड़ाई का सामना करना पड़ा है।

2019 में, भाजपा और उसके सहयोगियों को केवल 45 फीसदी वोट मिले। शेष 55फीसदी अब इंडिया गुट में शामिल विपक्षी पार्टियों को मिले थे। हालांकि कोई भी राष्ट्रीय नेता मोदी की लोकप्रियता के बराबर का नहीं है, लेकिन कुछ प्रभावशाली क्षेत्रीय नेता अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को प्रभावित कर सकते हैं। यह पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष रूप से सच है।

गठबंधन के लिए सबसे बड़ी चुनौती मोदी के खिलाफ किसी एक नेता को आगे करना है। दुर्भाग्य से, गठबंधन सहयोगियों के बीच अहं का टकराव है, जिससे किसी पर सहमति बनाना मुश्किल हो जाता है। दूसरे, भाजपा अपार वित्तीय और राजनीतिक शक्ति के साथ एक मजबूत संगठन का दावा करती है। संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को छोड़कर, विपक्ष के पास कोई ठोस और सम्मोहक चुनावी कथा नहीं दिखती है।

हालांकि, मतदाता भोजन, कपड़े और आश्रय जैसी बुनियादी जरूरतों के बारे में अधिक चिंतित हैं। उदाहरण के लिए, 2004 में सोनिया गांधी का आम आदमी नारा जनता के बीच खूब गूंजा। कम आय वाले लोग आम तौर पर तनख्वाह से तनख्वाह तक जीते हैं और अमूर्त राजनीतिक अवधारणाओं से संबंधित नहीं हो सकते हैं।

कांग्रेस पार्टी अभी भी अपने गौरवशाली अतीत से चिपकी हुई है और वर्तमान परिदृश्य को स्वीकार करने में विफल हो रही है। दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में, कांग्रेस स्वचालित रूप से गठबंधन का नेतृत्व करने की उम्मीद करती है। वह अपने नेताओं को भाजपा के हाथों खो रही है और इन नेताओं के लगातार जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा है।

विपक्ष को भाजपा के दुष्प्रचार और धार्मिक आख्यान का ठोस जवाब लेकर सामने आना चाहिए। 1980 के बाद से भाजपा का विकास हुआ है; आज यह भारत की सबसे बड़ी पार्टी है। इसके पास असीमित धन शक्ति वाला एक मजबूत संगठन है। पार्टी प्रधानमंत्री के नाम पर वोट मांगती है। इस बार भाजपा के जीतने की ज्यादा संभावना है।

भाजपा का भाग्य मोदी हैं। विभिन्न उपायों को लागू करने के कारण उनके समर्थक उन्हें कर्ता-धर्ता मानते हैं। इनमें तीन तलाक, सीएए, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को रद्द करना और अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन शामिल है। भाजपा पिछले दशक में अपनी उपलब्धियों और मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए विभिन्न कल्याणकारी पहलों पर प्रकाश डालती है। निरंतरता ने मोदी को अपना एजेंडा हासिल करने में मदद की है। मोदी ने पिछले दस वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है और उच्च मंच पर भारत की स्थिति सुनिश्चित की है, जिससे उनके समर्थक उत्साहित हैं।

नकारात्मक पक्ष में, विपक्ष का दावा है कि मोदी सरकार विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है और उन पर सरकारी जांच एजेंसियों के माध्यम से कार्रवाई करवा रही है। भाजपा अन्य दलों, विधायकों और नेताओं का शिकार भी कर रही और उन्हें अपने में शामिल कर रही है। इसने दूसरी पंक्ति के कई नेताओं को शामिल कर लिया है जिन्होंने भगवा पार्टी में बेहतर संभावनाएं तलाशने का विकल्प चुना।

दोनों पक्षों द्वारा अपनी-अपनी आवाज बुलंद करने के साथ, 2024 के चुनावों में बिना किसी रोक-टोक के नकारात्मक अभियान देखने को मिलेगा, क्योंकि यह विपक्ष और आक्रामक भाजपा का भविष्य तय करेगा। मोदी की सफलता का रहस्य विभाजित विपक्ष है। जब तक ऐसा चलता रहेगा, मोदी जीतते रहेंगे। विपक्ष को एनडीए से मुकाबला करने के लिए और अधिक एकताबद्ध होना होगा।

## गुरवाणी विचार

### सोरठ महला 5

संतों हरि हरि नाम धिआई  
सुख सागर प्रभु बिसरिओ नांही  
मन चिदिड़िया फल पाई (रहाओ)  
सतगुरु पूरे ताप गवाया,अपनी किरपा धारी।  
पारब्रह्म प्रभु भये दियाला दुख मिटिया सब परिवारी  
सरब निधान मंगल रस रूपा-हरि का नाम अधारो  
नानक पत राखी परमेसवर, उधरिया सब संसारो।

इस शब्द में पांचवे नानक गुरु अर्जुन देवजी समस्त मानवों को सनझाईश देते हुए फरमा रहे हैं कि हे प्रभु के प्यारो हर हरि परमात्मा का नाम सिमरन करते रहने से हमें मन वांछित फलों की प्राप्ति हो सकती है। प्रभु परमात्मा सुखों का सागर है इसलिए इसे कभी मन से विसारना नहीं चाहिए। चाहे हम अपने कार विहार में लगे हों क्योंकि उदर पोषण के लिए वह भी जरूरी है परन्तु फिर भी मन में हर वक्त पभु चिंतन चलते रहना चाहिए। हर वक्त सिमरन करते रहने से उस प्रभु परमात्मा की कृपा दृष्टि हर वक्त हमारे ऊपर बनी रहेगी इसलिए तो गुरवाणी में कहा गया है-

जो सुख को चाहो सदा, शरण राम की लेह।

प्रभु परमात्मा की नजरें इनायत हो जाने पर हमें हर प्रकार के तापों (दैहिक दैविक, भौतिक) का कष्ट नहीं भोगना पड़ेगा। हमारी हर वक्त प्रभु परमात्मा से की गई प्रार्थना ही हमें इन पापों से बचाती रहेगी। तीनों ताप निवारण हारा दुख हतां सुख रास। ताको बिघन न कौऊ लागै जाकै प्रभु ओगो अरदास।

उसी प्रभु परमात्मा की मेहरबानी से दयालुता से हमारे सारे परिवार के कष्टों का निवारण हो सकता है-

सरब रोग का औरवद नाम  
हरि का नाम सदा सुखदायी।  
जाके सिमर अजामल तर गये  
गणिका हूं गति पाई।

हर वक्त अपनी प्रार्थना अरदास के साथ मानव मन प्रभु परमात्मा से कुछ न कुछ इच्छा पूर्ति की कामना करता रहता है। सवा रुपिया, ग्यारह रुपिया या एक सौ एक रुपिया देकर हम यह बात भूल जाते हैं कि दुख सुख थारो करम री। हमने जो पूर्व जनम में किया है उसी की हमें इस जनम में प्राप्ति हो रही है। अतएव हमें प्रभु परमात्मा से केवल एक ही अरदास करते रहना चाहिए कि-

बिसर नांही दातार अपना नाम देयो।  
गुण गांवा दिन रात नानक चाओ ऐहो।।

हमें प्रभु परमात्मा चाहे सुख में रखे चाहे दुख में परन्तु रखे अपने चरणों में ही तथा दुख देवे तो इसे सहने की ताकत भी साथ ही देवे तथा अपना वरदहस्त हमारे सिर पर हमेशा रखे ऐसी हमारी प्रार्थना होनी चाहिए

जे सुख दे तां तुझे आराधी।  
दुख भी तुझे धिआंई।

हमें यह याद रखना चाहिए कि प्रभु परमात्मा से बढ़कर हमारा इस संसार में और कोई हो ही नहीं सकता क्योंकि वही समस्त चराचर का नानक है। रिस्ते नाते यार दोस्त तो किसी हमारे पूर्व जनम के किए गए कर्मों के फल स्वरूप हमें मिलते हैं और यह सब हमारे क्षणिक साथी हैं। अंत में यह कोई हमारे सहायक नहीं होते अतएव हमें दिमाग में रखना चाहिए कि प्रभु परमात्मा जो भी करेगा हमारे भले के लिए ही करेगा। वह तो बिना भेदभाव के अपने द्वारा बनाये गये समस्त बंदों के लिए मुफ्त में अपने भंडारे पाल रहा। अपनी धरती पर वो इस सबके बदले में लेता न किसी से एक भी कौड़ी कानी परन्तु हम तो पेड़ बबूल का बोते हैं और फल आम का खाना चाहते हैं। यह कैसे संभव हो सकता है अतएव हमें तो हर वक्त उसकी प्रसन्नता प्राप्त करने की कोशिश करते रहना चाहिए उसके बनाए बंदों से प्रेमवत व्यवहार करते रहना चाहिए। हमारी प्रार्थना भी यही होनी चाहिए कि वह हमारे मन में अपना ध्यान बसा दें। हम दुख के तूफानों में मुस्कुराते रहें जहां भोडन के बिना शरीर कमजोर हो जाता है वहीं प्रार्थना के बिना आत्मा कमजोर हो जाती है। आत्मा का भोजन केवल प्रार्थना ही है। सच्चे मन से की गई प्रार्थना कभी व्यर्थ नहीं जाती। प्रार्थना करते रहने से मन निर्मल हो सकता है और जब मन निर्मल हो गया तो फिर कबीर दासजी के अनुसार-

पाछै लागै हरि फिरे कहत कबीर कबीर।  
इसलिए गुरदेव ने यह सार बात बता दी दी है कि  
कहो नानक एह तत विचारा।  
बिन हरि भजन नहीं छुटकारा।।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### बाल यौन दुराचार की घटनाओं से आहत है सभ्य समाज

वो जमाना था जब किसी पराई महिला के सामने देखना भी पाप माना जाता था। बदलते परिवेश के कारण समाज में गलत संदेश पहुंच रहा है। देश में यौन दुराचार याने चाइल्ड सेक्सुएल एब्यूस की श्रेणी में आते है। यह एक ऐसा अपराध है जिससे बच्चे ज्यादा शिकार बनते हैं जिनसे यह उम्मीद होती है कि उन्हें महफूज रखेंगे। स्कूल कॉलेजों में दुराचार की घटनाएं होती है इसमें दुष्कर्म की शून्य घटनाएं दर्ज होती है। ऐसी घटनाओं के राज खुलते हैं तब मानवता तार-तार करने वाले नए-नए किस्से उजागर होते है। इस तरह के मामले नए नहीं है। यौन दुराचार की घटनाएं हमारे सामने आसपास में ही घटती रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2022 तक 389011 शिकायत दर्ज की गई थी। इस तरह की घटनाएं आये दिन समाज में होती है लेकिन बदनामी होने के डर से चुप रहना ही लोग बेहतर समझते हैं। इस पर पर्दा डाला जाता है। पिछले कुछ वर्षों में लोगों में जागरुकता बढ़ी है। हेल्पलाइन पोर्टलों और ऑनलाइन के जरिये लोग शिकायत दर्ज करवा रहे हैं। दरअसल बच्चों के साथ दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न की घटनाएं समाज का काला सच है। यौन उत्पीड़न की शिकायत बढ़ी है तो स्वाभाविक है घटनाएं भी बढ़ी है। अगर बिना रिपोर्ट के मामले को इसमें शामिल किया जाए तो यह संख्या कई गुना बड़ी हो सकती है। ऐसी घटनाओं का बढ़ना कठोर वास्तविकता है। ये एक राज्य या एक शहर की घटनाएं नहीं होती है। यह पूरे देश में कहीं न कहीं बाल शोषण की घटनाएं सामने आ रही है। बच्चों के साथ गलत काम कर हत्या कर दी जाती है। यह विकृत मानसिकता समाज को उखाड़ने का काम कर रही है। भारत में हर दस में से एक बच्चे के साथ यौन दुराचार की घटना होती है। बच्चों के साथ यौन शोषण की 90 प्रतिशत घटनाओं में परिचित शामिल होते हैं। इसलिए बच्चों के लिए शोषण का खतरा हर जगह और हर ओर है। इन घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने में अभिभावक अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## अमेरिका के पोर्ट ऑरफोर्ड, ओरेगन में भूकंप के तेज झटके

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पोर्ट ऑरफोर्ड, ओरेगन में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार बुधवार को तड़के 03.23 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.7 मापी गयी। भूकंप का केंद्र,10.0 किलोमीटर की गहराई में 42.31 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 126.59 डिग्री पश्चिम देशांतर में था।

# देश विदेश


# यूक्रेन के विदेश मंत्री द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा के लिए आज भारत आएंगे

### 2022 में रूस के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से किसी यूक्रेनी नेता की पहली उच्चस्तरीय यात्रा होगी



**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा द्विपक्षीय संबंधों के साथ वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के लिए 28 मार्च को भारत पहुंचेंगे। यह 2022 में रूस के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से किसी यूक्रेनी नेता की पहली उच्चस्तरीय यात्रा होगी। कुलेबा विदेश मंत्री एस. जयशंकर के निमंत्रण पर दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचेंगे, जहां वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि वह आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर द्विपक्षीय साझेदारी और सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए जयशंकर और उपराष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से मुलाकात करेंगे। दक्षिण एशियाई राष्ट्र की अपनी पहली यात्रा के दौरान मंत्री के व्यापारिक समुदाय के साथ बातचीत करने की भी उम्मीद है। कुलेबा ने सोमवार को भारत के लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपनी भारत यात्रा की घोषणा की थी। कुलेबा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यहां कीव में महात्मा गांधी के स्मारक के सामने खड़े होकर मुझे यह घोषणा करते हुए भी खुशी हो रही है कि इस सप्ताह मैं भारत की अपनी पहली यात्रा करूंगा। कुलेबा की यात्रा ऐसे समय हुई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने युद्धरत यूक्रेन और रूस के राष्ट्रपतियों से टेलीफोन पर बात की थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर ज़ेलेंस्की के साथ अपनी बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत कीव और मॉस्को के बीच सभी मुद्दों के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार सब कुछ करना जारी रखेगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आपसी संवाद और कूटनीति के पक्ष में भारत की स्थिर नीति दोहराई थी।

## सिंगापुर ने ब्रिज घटना की जांच में मदद के लिए जांचकर्ताओं को बाल्टीमोर भेजा



**सिंगापुर,** 27 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के बाल्टीमोर शहर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज मंगलवार तड़के एक बड़े जहाज की टक्कर से गिर गया था। सिंगापुर के परिवहन सुरक्षा जांच ब्यूरो और समुद्री तथा बंदरगाह प्राधिकरण (एमपीए) ने घटना की जांच में सहायता के लिए अधिकारियों को अमेरिका के बाल्टीमोर भेजा है। सिंगापुर-ध्वजांकित कंटेनर जहाज मंगलवार को बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया, जिससे ब्रिज ताश के पत्तों की तरह ढह गया। जहाज प्रबंधन कंपनी सिनर्जी मरीन पीटीई लिमिटेड के अनुसार, घटना से पहले जहाज ने आगे चलने की शक्ति को खो दिया था। जिस वजह से जहाज दिशा बनाए रखने में विफल रहा और ब्रिज से टकरा गया। एमपीए ने कहा कि जहाज ने ब्रिज से टकराने से पहले आपातकालीन प्रक्रियाओं के तहत अपने लंगर गिरा दिए थे। बयान के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों के नेतृत्व में सर्च एवं बचाव प्रयास जारी हैं।

## बॉल्टीमोर में ब्रिज गिरने से लापता छह लोग मृत घोषित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के बॉल्टीमोर शहर में ब्रिज गिरने के कारण लापता हुए छह लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ठंडे पानी और समुद्र की कठोर परिस्थितियों के कारण संभावना है कि लापता लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी तट रक्षक ने सर्च और बचाव प्रयासों को समाप्त कर दिया है। सिंगापुर का झंडा लगा एक बड़ा जहाज मंगलवार बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया था। दुर्घटना में ऐतिहासिक ब्रिज लगभग पूरी तरह गिर गया। लापता सभी छह लोग सड़क रखरखाव कर्मचारी थे।

## सुडोकू 6507

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 2 | | 1 | |
| 1 | 8 | | | | 7 | | | |
| | | | 1 | | | 6 | | |
| 8 | 9 | 5 | | 3 | | 1 | | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | 5 | 8 |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | 9 | 1 |
| | 3 | | 9 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 28 मार्च, 2024 चैत कृष्ण पक्ष 4**

### राशिफल

मेष - आज आपको सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में प्रसिद्धि मिलेगी। परिवार एवं दांपत्यजीवन में सुख- संतोष का अनुभव होगा। रोमांस के चरम पर रहेंगे। मौज-मस्ती और मनोरंजन से भागीदारी में लाभ होगा।

वृषभ - आज आपको वाणी और व्यवहार पर संयम रखने की जरूरत है। किसी की मजाक-मसखरी से परहेज करें। गलतफहमी हो सकती है। मौज-शौक तथा मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुर्घटना से बचें।

मिथुन - नए कामों की शुरुआत के लिए दिन अनुकूल नहीं है। जीवनसाथी और संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरुरत है। चर्चा, वाद-विवाद के दौरान मानहानि न हो। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा।

कर्क - आज शारीरिक मानसिक स्वस्थता का अभाव होगा। छाती में दर्द या अन्य किसी विकार से परेशानी का अनुभव होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ उग्र वाद-विवाद होगा। मानहानि न हो उसका ध्यान रखें।

सिंह - आज के दिन आप शरीर में ताजगी और चित्त की प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। दोस्तों के साथ अधिक घनिष्ठता अनुभव करेंगे। मित्रों एवं स्वजनों के साथ पर्यटन का आयोजन होगा। आर्थिक लाभ होगा।

कन्या - परिवार में सुख-शांति और परिजनों के साथ आनंद आज के दिन को खुशहाल बनाएंगे। आज आपकी मधुरवाणी का जादू अन्य लोगों को प्रभावित करेगा। कहीं घूमने जाने की संभावना है। मिष्टान्न के साथ मनपसंद भोजन मिलेगा।

तुला - आज आपकी रचनात्मक शक्तियां प्रकट होंगी। रचनात्मक कामों में आपकी रुचि रहेगी। वैचारिक दृढ़ता से आपके काम सफल बनेंगे। अलंकार, वस्त्र, मौज-शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे आज पैसे खर्च करेंगे।

वृश्चिक - आज के दिन मौज-शौक और मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी। मन की चिंता की भावना रहेगी। दुर्घटना से बचें। परिजनों और सगे-संबंधियों के साथ गलतफहमी या अनबन होगा।

धनु - आर्थिक लाभ और सामाजिक प्रतिष्ठा मिलने के साथ आप पारिवारिक जीवन में भी सुख-संतोष की भावना का अनुभव करेंगे। आय में वृद्धि और व्यापार में लाभ होगा। मनपसंद व्यक्ति के साथ सुखद क्षण गुजरेगा।

मकर - व्यवसाय के क्षेत्र में धन, मान तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार के लिए भागदौड़ और वसूली हेतु प्रवास से लाभ होने की संभावना रहेगी। अधिकारियों के खुश होने से पदोन्नति के योग बनेंगे।

कुंभ - शारीरिक से रूप से अस्वस्थ रहने पर भी मानसिक स्वस्थता बनाए रखें। आज काम करने का उत्साह कम रहेगा। नौकरी में अधिकारियों से संभलकर रहें। मौज-शौक तथा घूमने- फिरने के पीछे धन खर्च होगा।

मीन - आज अनैतिक कामों से दूर रहें। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। नियम विरोधी कामों से दूर रहें। इलाज के पीछे धन खर्च होने की संभावना है। मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## पाकिस्तान में दासू बम हमले पर पत्रकारों के सवालों का चीनी विदेश मंत्रालय ने दिया जवाब

**बीजिंग,** 27 मार्च (एजेंसियां)। 26 मार्च को दोपहर लगभग 1 बजे पाकिस्तान के ख़ैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में चीनी कंपनी द्वारा निर्मित दासू हाइड्रोपावर स्टेशन परियोजना के वाहनों पर आतंकवादियों ने हमला किया, जिससे पांच चीनी और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई।

संबंधित सवालों का जवाब देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की, मृतकों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को संवेदना दी। चीन ने पाकिस्तान से जल्द से जल्द हमले की सच्चाई की पूरी जांच करने, हमलावरों को ढूंढने और न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करने और साथ ही चीनी नागरिकों, संस्थानों और परियोजनाओं की सुरक्षा के लिए व्यावहारिक और प्रभावी उपाय करने की मांग की। चीन पाकिस्तान के साथ इस हमले के बाद के निपटान कार्यों को पूरी तरह से बढ़ावा देता है। पाकिस्तान स्थित चीनी दूतावास ने पाकिस्तान में चीनी नागरिकों और कंपनियों को स्थानीय सुरक्षा स्थिति पर बारीकी से ध्यान देने, रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने, सुरक्षा उपायों को मज़बूत करने और आतंकवादी हमलों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने की याद दिलाई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ़ ने उस दोपहर के बाद पाकिस्तान स्थित चीनी दूतावास में मृतकों के परिजनों और चीनी सरकार के प्रति संवेदना व्यक्त की और आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और चीन की दोस्ती को नुकसान पहुंचाने की आतंकियों की कोशिशें कभी कामयाब नहीं होंगी।



■ चीन ने इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

## रूसी सांसद कर रहे मौत की सजा पर लगी रोक हटाने पर विचार

**मॉस्को,** 27 मार्च (एजेंसियां)। रूस की राजधानी मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में हाल ही में घातक आतंकी हमला हुआ था। इसके बाद रूसी सांसद देश में मौत की सजा पर लगी रोक हटाने पर विचार कर रहे हैं। रूस की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख लियोनिद स्लटस्की ने मंगलवार को स्टेट ड्यूमा या संसद के निचले सदन के पूर्ण सत्र में आतंकवादी हमले के संदिग्धों का जिक्र करते हुए कहा कि आज इन दरिंदों के लिए फांसी की सजा के अलावा कोई और सजा नहीं है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संसद के स्पीकर व्याचेस्लाव वोलोडिन ने मौत की सजा और प्रवासन नीति के उपयोग के संबंध में कानून का विश्लेषण करने के लिए एक अंतर-गुटीय कार्य समूह बनाने का प्रस्ताव रखा। राज्य ड्यूमा समिति के अध्यक्ष पावेल क्रशेनिनिकोव ने कहा कि समिति मौत की सजा पर रोक के विभिन्न प्रस्तावों और विधेयकों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। लेकिन ऐसे फैसले लेते समय धैर्य रखना महत्वपूर्ण है। वर्तमान कानून के अनुसार, रूस में मृत्युदंड (मौत की सजा) वैध है। हालांकि, 1996 में देश के यूरोप परिषद में शामिल होने के बाद मृत्युदंड पर रोक लगा दी गई थी। रूस की संवैधानिक अदालत ने 1999 में मृत्युदंड पर प्रतिबंध लगाया था। ज्ञात हो कि मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में बीते शुक्रवार को आतंकियों ने फायरिंग की थी।

## अमेरिका के ज्यादातर मतदाता बाइडन को मानते हैं एक कमजोर नेता



**वाशिंगटन,** 27 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका में अधिकांश संभावित मतदाता राष्ट्रपति जो बाइडेन को हाल के अन्य राष्ट्रपतियों की तुलना में अमेरिकी सेना के एक कमजोर कमांडर और प्रमुख मानते हैं। अट्ठारह से 20 मार्च के बीच कराए गए रासमुसेन रिपोर्ट्स पोल में यह खुलासा हुआ है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि श्री बाइडेन हाल के अमेरिकी राष्ट्रपतियों की तुलना में कमजोर सैन्य कमांडर हैं। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि एक-चौथाई से भी कम यानी 24 फीसदी उत्तरदाताओंका मानना है कि श्री बाइडेन हाल के अन्य राष्ट्रपतियों की तुलना में एक मजबूत सैन्य नेता हैं, जबकि 20 प्रतिशत श्री बाइडेन को अन्य राष्ट्रपतियों की तरह ही मानते हैं। पोल रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल 2022 के बाद से आंकड़ों में केवल थोड़ा बदलाव आया है।

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य-प्रगति की समीक्षा की

### संरक्षा व रेल सम्पत्तियों के रख-रखाव पर ध्यान केन्द्रित किया गया



**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी ने आज प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा सर्वोपरि है, इसके लिए रेलपथों, चल स्टॉक, सिगनल एवं बिजली की ओवर हैड तारों के रख-रखाव पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए । उन्होंने विभागों से रेल कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण एवं पुनश्चर्या पाठयक्रम आयोजित करने का परामर्श दिया ताकि उन्हें जागरूक बनाए रखा जा सके और रेल प्रणाली में मानवीय त्रुटियों को कम किया जा सके । उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिया कि आगामी ग्रीष्मकाल के मद्देनजर सिगनल प्रणाली को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जायें । महाप्रबंधक ने रेल पटरियों में आने वाली दरारों पर विशेष ध्यान देने के अलावा सिगनलों और रेल वेल्डों की व्यापक रूप से सतत निगरानी के निर्देश दिये।

उन्होंने रेलपथों पर विद्युत संरक्षा के साथ-साथ रेलगाड़ियों के निर्बाध परिचालन के लिए रिले और पैनल रूमों की संरक्षा पर भी ध्यान केन्द्रित करने के निर्देश दिए । उन्होंने रेल परिचालन में मानवीय त्रुटियों को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने रेलवे द्वारा दी जा रही रियायतों और उपायों को ग्राहकों तक पहुँचाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि हर गुजरते माह के साथ खाद्यान्न और अन्य मदों के लदान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है । उत्तर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## वर्ग पहेली 6507

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. विवरण, ब्यौरा (उर्दू)
३. बदनामी, अपयश (उर्दू)
५. सुरबाला, देवकन्या
६. प्रतीक्षा करना (मुहावरा)
७. बड़ा हाथी, हाथियों का राजा
८. घटना समाचार, अवसर
१०. शामिल
१२. डर, भय
१३. ज्यों का त्यों
१४. उलझन दूर होना
१६. युवा, जवान
१८. श्रीमान (उर्दू)
२०. किसी पत्र-पत्रिका का) पिछला अंक
२१. असह्य, अप्रिय (उर्दू)
२३. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. विवाद, बहस (उर्दू)
२. स्वभाव, गुण, शील, चरित्र (उर्दू)
३. निवृत्त होना, छुटकारा (उर्दू)
४. वधिक, कातिल
५. जो ढंका हुआ न हो, खुला
८. लोगों का हित, जनहित
१०. कामयाब
११. लिपिबद्ध करना
१२. बुलाया गया, निमंत्रित
१३. पीड़ा होना, टीसना
१४. सौभाग्यशाली, सधवा
१५. आभास होना, दीप्तिवान होना
१७. अपमानित, निंदित (उर्दू)
१८. जन्मदाता
१९. निर्माण करना, सुधारना
२२. इच्छा, खुशी, मरजी (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6506

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रा | २ का | ष्ठा | ■ | ■ | ३ बे | ल | ४ गा | म |
| रि | ■ | न | ■ | ५ अ | द्दा | ई | ■ | यि | ■ |
| ६ प | ता | का | ■ | वि | ■ | ७ मा | र | का | ८ ट |
| क्व | ■ | क | ■ | ९ भ | वा | नी | ■ | ■ | र |
| ■ | १० उ | च्चा | ११ यु | क्त | ■ | ■ | १२ अ | ट्ट | ट |
| ■ | जा | ■ | द्ध | ■ | १३ अ | चं | भा | ■ | रा |
| १४ ना | ला | १५ य | क | ■ | पि | ■ | १६ व | १७ र | ना |
| स | ■ | ज | ■ | १८ आ | तु | १९ र | ■ | सा | ■ |
| २० म | हि | मा | ■ | लं | ■ | २१ ज | हा | ल | २२ त |
| झ | ■ | २३ न | क | ब | ज | नी | ■ | ■ | म |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1561 –अकबर ने मालवा की राजधानी सारंगपुर पर हमला कर बाजबहादुर को हराया था।
1736 –ब्रिटेन के अविष्कारक जेम्स वाट का उत्तरी इंग्लैंड के ग्रीनीक नगर में जन्म हुआ।
1802 –हाइनरिक विल्हेम मथायस ओल्बर्स ने क्षुद्रग्रह पल्लास का पता लगाया।
1806 –वाशिंगटन कॉलेज (अब वाशिंगटन और जेफरसन कॉलेज) की स्थापना पेंसिल्वेनिया महासभा द्वारा की गयी।
1809 –मेडलिन युद्ध में फ्रांस के हाथों स्पेन की हार हुई।
1891 –पहला विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप आयोजित किया गया।
1910: फ्रेंच इन्वेंटर हेनरी फाबरे ने दुनिया का पहला सीप्लेन कैनार्ड बनाया जिसने 457 मीटर लंबी उड़ान भरी थी।
1922 –अमेरिकी आविष्कारक ब्रेडली ए. फिस्के ने माइक्रोफिल्म पठन यंत्र का पेटेंट कराया।
1930 –तुर्की के बहुत से शहरों का नाम बदला गया। इसी दिन से राजधानी 'अंगोरा' को 'अंकारा' और 'कॉन्सटानिनोपल' का नाम बदल कर 'इंस्तांबुल' कर दिया गया।
1939: जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने पोलैंड के साथ एक-दूसरे पर आक्रमण नहीं करने संबंधी पांच साल पुराने समझौते को तोड़ा।
1941 –नजरबंदी में रह रहे नेताजी सुभाषचंद्र बोस कलकत्ता से भागकर बर्लिन पहुंचे।
1949 –अमेरिका के रक्षा सचिव जेम्स फोरेस्टल ने अचानक इस्तीफा दिया
1959 –चीन ने तिब्बत की सरकार भंग की और पांचेन लामा को पदासीन किया।

चर्चा | *मलेशिया और भारत की सातवीं संयुक्त आयोग की बैठक*

## जयशंकर ने मलेशियाई समकक्ष के साथ की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**कुआलालंपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को अपने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन के साथ विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। दोनों ही नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ अंतरराष्ट्रीय विषयों पर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। सिंगापुर और फिलीपिंस की यात्रा को समाप्त करने के बाद मलेशिया पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मलेशिया-भारत द्विपक्षीय मामलों के बहुआयामी आयाम पर अपने विचार साझा किए।**

मलेशियाई विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस बीच दोनों नेताओं ने घरेलू सहित अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। दिसंबर 2023 में हसन के पदभार संभालने के बाद अपनी पहली बैठक में दोनों नेताओं ने उच्च स्तरीय यात्राओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक रूप से सहमत तिथि पर मलेशिया और भारत की सातवीं संयुक्त आयोग की बैठक बुलाने पर भी चर्चा की। नवंबर 2023 में, तत्कालीन मलेशियाई विदेश मंत्री, ज़ाम्ब्री अब्दुल कादिर ने नई दिल्ली में छठी भारत-मलेशिया संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए भारत की आधिकारिक यात्रा की थी। डॉ. जयशंकर का प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर इब्राहिम से शिष्टाचार मुलाकात करने और डिजिटल मंत्री गोबिंद सिंह देव से मुलाकात करने का भी कार्यक्रम है। मजबूत आर्थिक साझेदारियों और लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों से बंधे हुए दोनों देश एक दीर्घकालिक और ठोस संबंध साझा करते हैं। 2023 में, भारत मलेशिया का 12वां सबसे बड़ा वैश्विक व्यापार भागीदार था।



## दुनिया को जानें

### पाक जांचकर्ताओं ने की 27 लाख नागरिकों का डेटा चोरी होने की पुष्टि

**इस्लामाबाद,** 27 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान में संयुक्त जांच दल (जेआईटी) ने राष्ट्रीय डेटाबेस और पंजीकरण प्राधिकरण (नादरा) से 27 लाख लोगों के डेटा चोरी होने की रिपोर्ट बुधवार को आंतरिक मंत्रालय के समक्ष पेश की। जियो न्यूज के प्रसारक ने यह जानकारी दी। जियो न्यूज ने बताया जेआईटी ने अपनी जांच में पाया कि इन डेटा की चोरियां 2019 से 2023 के बीच की गयीं थी। सूत्रों के मुताबिक डेटा चोरी मुल्तान, कराची और पेशावर शहरों में नादरा कार्यालयों में हुयी है। जांचकर्ताओं ने डेटा चोरी के संबंध में जांच करते हुये पाया कि डेटा को संयुक्त अरब अमीरात के दुबई भेज़ा जा रहा था। जेआईटी रिपोर्ट ने संकेत दिया कि इस बात के सबूत हैं कि डेटा कथित तौर पर अर्जेंटीना और रोमानिया में बेचे गये थे। इसने नादरा के उन वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की भी सिफारिश की जिनकी लापरवाही के कारण डेटा चोरी हुये। जेआईटी का नेतृत्व पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी के साइबर अपराध विभाग के निदेशक ने किया।

# प्रादेशिकी

## नुक्कड़ नाटक 'इंकलाब जिंदाबाद' से दिया देशभक्ति का संदेश

**सिरसा।** विश्व रंगमंच दिवस के उपलक्ष्य में शहीद भगत सिंह के जीवन पर आधारित नुक्कड़ नाटक 'इंकलाब जिंदाबाद' का मंचन हरियाणा में सिरसा के शहीद भगत सिंह स्टेडियम में किया गया। नुक्कड़ नाटक 'इंकलाब जिंदाबाद' के माध्यम से शहीद भगत सिंह व उनके साथियों द्वारा देश को आजाद करवाने के लिए किए गए संघर्ष व कुर्बानियों को बखूबी दिखाया गया। नाटक के माध्यम से दर्शकों को देशभक्ति का संदेश देकर उनमें देशप्रेम की भावना को जागृत किया। दर्शकों ने प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक का आनंद ही नहीं लिया, बल्कि खूब सराहना भी की।

# पौड़ी में कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने किया नामांकन

## मेरे पास जनता का बल है, जबकि दूसरा व्यक्ति धन बल के माध्यम से चुनाव मैदान में उतरा है : गोदियाल

- भाजपा के 400 पार के नारे को बताया जुमला
- जनता का जनबल धनबल पर भारी पड़ेगा



**पौड़ी,** 27 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए बुधवार 27 मार्च को नामांकन का आखिरी दिन है। आखिरी दिन उत्तराखंड में बीजेपी और कांग्रेस के कई प्रत्याशियों ने नामांकन किया। गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने भी पौड़ी के कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन करने से पहले पौड़ी में गणेश गोदियाल ने शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी और केदारनाथ के पूर्व विधायक मनोज रावत भी गणेश गोदियाल के साथ मौजूद रहे। गणेश गोदियाल का रोड शो पौड़ी के मुख्य बाजार होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचा था। नामांकन के बाद गणेश गोदियाल ने कहा कि वे पहाड़ के व्यक्तियों की लड़ाई के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। उन्होंने बिना नाम लिए हुए बीजेपी प्रत्याशी अनिल बलूनी पर निशाना साधा और कहा कि दूसरा व्यक्ति दिल्ली का बहुत दिग्गज हो सकता है, लेकिन यहां का दिग्गज वही व्यक्ति होगा, जो कठिन परिश्रम कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। गणेश गोदियाल ने कहा कि उनके पास जनता का बल है, जबकि दूसरा व्यक्ति धन बल के माध्यम से चुनाव मैदान में उतरा है। लेकिन उन्हें पूरा विश्वास है कि जनता का जनबल धनबल पर भारी पड़ेगा और वे बहुत अच्छे मार्जिन से गढ़वाल संसदीय सीट पर विजय हासिल करेंगे। बीजेपी के 400 पार के नारे पर गणेश गोदियाल ने कहा कि ये नारा सिर्फ उनका जुमला है, जो चुनाव नतीजे के बाद हवा हवाई साबित होगा।

### अनिल बलूनी पर साधा निशाना


दूसरा व्यक्ति दिल्ली का बहुत दिग्गज हो सकता है, लेकिन यहां का दिग्गज वही व्यक्ति होगा, जो कठिन परिश्रम कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है।

### नैनीताल से 10 प्रत्याशी मैदान में

**रुद्रपुर।** नैनीताल ऊधमसिंहनगर लोकसभा सीट से बुधवार को नामांकन के अंतिम दिन 7 दावेदारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं, जिसमें भाजपा से अजय भट्ट, कांग्रेस से प्रकाश जोशी और बसपा से अख्तर अली, निर्दलीय रमेश कुमार पुत्र नरेश चन्द्र,भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी से जीवन चन्द्र उप्रेती पुत्र मोती राम उप्रेती,अखिल भारतीय परिवार पार्टी अखिलेश कुमार पुत्र धरमवीर सिंह, निर्दलीय हितेश पाठक पुत्र कैलाश चन्द्र पाठक शामिल है? तीन दावेदारों ने मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया था। जिससे नैनीताल ऊधमसिंहनगर संसदीय सीट पर अब चार निर्दलीय समेत दस प्रत्याशी हो गए सभी ने बुधवार को नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के लिए जिला अधिकारी न्यायालय कक्ष में रिटर्निंग ऑफिसर उदय राज सिंह के समक्ष अपने नामांकन दाखिल किए। नामांकन दौरान रिटर्निंग ऑफिसर ने प्रत्याशियों को संविधान की शपथ भी दिलाई। इस तरह नैनीताल 28 मार्च को नामांकन पत्रों की स्कूटनी होगी। इस अवसर पर डेजिगनेटेड रिटर्निग ऑफिसर मनीष बिष्ट मौजूद थे।

### पौड़ी में बसपा प्रत्याशी ने भी कराया नामांकन

**पौड़ी।** गढ़वाल लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी यानी बसपा के प्रत्याशी धीर सिंह ने भी अपना नामांकन कराया। इस दौरान धीर सिंह के साथ भी उनके



समर्थकों का हुजूम देखने को मिला। बता दें कि बीजेपी प्रत्याशी अनिल बलूनी ने मंगवलार 26 मार्च को ही नामांकन करा दिया था। 20 मार्च से 26 मार्च तक कुल आठ प्रत्याशियों ने गढ़वाल लोकसभा सीट पर नामांकन कराया है, जिसमें बीजेपी से अनिल बलूनी, अर्जुन सिंह निर्दलीय, सोनू कुमार निर्दलीय, विनोद कुमार आर्य उत्तराखंड समानता पार्टी, रेशमा एसयूसीआई (कम्युनिस्ट), डॉ। मुकेश चंद्र पंत सैनिक समाज पार्टी और आशुतोष नेगी यूकेडी से नामाकंन पत्र दाखिल किया गया।

## प्रदेश की चारों लोकसभा व विधानसभा उप चुनावों में मजबूती के साथ उतरेगी कांग्रेस : रोहित

**शिमला,** 27 मार्च (देशबन्धु)। शिमला संसदीय क्षेत्र के चुनाव प्रभारी शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस प्रदेश की चारों लोकसभा व विधानसभा उप चुनावों में मजबूती के साथ उतरेगी। उन्होंने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र इस बार कांग्रेस की झोली में आएगा। आज यहां कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए रोहित ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में अपने एक साल के कार्यकाल की सफलताओं को लोगों के समक्ष रखेगी।



उन्होंने कहा कि आपदा के बाबजूद कर्मचारियों को ओपीएस लागू कर,महिलाओं को 1500 रुपए की गारंटी पूरी कर कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में एक इतिहास रचा है। भाजपा महिलाओं को 1500 का विरोध कर रही है जिससे इनका महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखबिंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार जन हितेषी व महिला हितेषी है,जबकि भाजपा इसके विपरीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या की है और प्रदेश के लोग इसे सबक सिखाएंगे। उन्होंने कहा कि विधायको की खरीद फरोख्त कर सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया। रोहित ठाकुर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार से प्रदेश की कांग्रेस सरकार को 76 हजार करोड़ से अधिक का ऋण व 10 हजार करोड़ से अधिक की कर्मचारियों की देनदारियां विरासत में मिली है। माली हालत के बाबजूद मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से लोगों को 4500 करोड़ का राहत कोष स्थापित कर प्रभावित लोगों की पूरी मदद की। इसके अतिरिक्त राहत राशि को बढ़ाया गया। रोहित ठाकुर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रदेश की कोई भी मदद नही की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा ही राजनीति कर लोगों को झूठ बोल कर गुमराह किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में सभी वर्गों को किसानों,बागवानों को राहत दी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप चुनावों के लिये पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी और प्रदेश में पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार शुरू कर दिया जाएगा।

## सार संक्षेप

### चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी तो कैसे बचेगा जंगल

**उत्तरकाशी।** लोकसभा चुनाव के चलते इस बार वन विभाग के शत-प्रतिशत कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। ऐसे में वनाग्नि नियंत्रण भी विभाग के चलते चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। डीएफओ डीपी बलूनी ने बताया कि उच्चाधिकारियों ने फायर सीजन के चलते वन विभाग के कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने की अपील की थी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है।

### एसटीएफ ने दबोचा 25 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर

**देहरादून।** उत्तराखंड एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) ने 25 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी बदमाश देहरादून के प्रेम नगर थाना क्षेत्र के बिदोली में अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था, जो आज उत्तराखंड एसटीएफ के हाथ आ गया। आरोपी के खिलाफ एक दर्जन से ज्यादा मुकदमें दर्ज है। उत्तराखंड एसटीएफ ने बताया कि आरोपी का नाम दीपक सैनी है, जो मूल रूप से उत्तराखंड के ही हरिद्वार जिले का रहने वाला है। दीपक सैनी पर आरोप है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर 11 मार्च 2024 को पीड़ित पक्ष पर अंधाधुन फायर किया था, जिसमें गौतम नाम का युवक घायल हो गया था। पीड़ित पक्ष ने आरोपी दीपक सैनी के खिलाफ हरिद्वार के भगवानपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। दीपक सैनी के ऊपर हरिद्वार एसएसपी ने 25 हजार रुपए का इनाम भी रखा था। हरिद्वार पुलिस के काफी प्रयासों के बाद भी दीपक सैनी उनके हाथ नहीं आ रहा था।

### क्रिकेट प्रशंसक एक खास चार्टर्ड विमान से कर सकेंगे आईसीसी टी20 मेंस वर्ल्डकप

**देहरादून।** कोका-कोला कंपनी का भारत का घरेलू बेवरेज ब्रांड, थम्स अप आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपने नए कैम्पेन,'वर्ल्ड कप का तूफानी टूर' के अंतर्गत थम्स अप ब्रांडेड विशेष चार्टर्ड विमान तूफ़ान लॉन्च करने के लिए उत्साहित है। आईसीसी टी20 विश्व कप के आधिकारिक बेवरेज पार्टनर के रूप में, थम्स अप ने प्रशंसकों से अपने लगाव को फिर से परिभाषित किया है और स्पोर्ट की दुनिया में प्रशंसकों के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। इस साल, थम्स अप क्रिकेट प्रेमियों को एक विशेष थम्स अप प्लेन पर एक जीवनकालिक रोमांच में वेस्ट इंडीज लेकर जा रहा है। यह अभियान क्रिकेट प्रेमियों को शानदार अनुभव प्रदान करेगा। इस अभियान में भारत की पसंदीदा क्रिकेट-जोड़ीरू युवराज सिंह और वीरेंद्र सहवाग शामिल हैं।

### सुडोकू 6507 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 2 |

# अजय भट्ट ने किया नामांकन, मुख्यमंत्री, मंत्री व विधायक रहे मौजूद

## घर से पूजा पाठ कर इष्ट देव को याद कर नामांकन करने गए भट्ट

■ अमरनाथ तिवारी

**रुद्रपुर,** 27 मार्च (देशबन्धु)। नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय सीट पर आज भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और विधायक शिव अरोड़ा मौजूद रहे। सीएम धामी ने दावा किया है कि उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भाजपा प्रत्याशी भारी जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार देश में चर्चा ये नहीं है कि किसकी सरकार बनेगी। इस बार चर्चा ये है कि 410 या 420 सीट से सरकार बनेगी। अजय भट्ट आज हल्द्वानी स्थित अपने घर से पूजा पाठ कर इष्ट देव को याद कर नामांकन कराने रवाना हुए।



> इस बार देश में चर्चा ये नहीं है कि किसकी सरकार बनेगी। इस बार चर्चा ये है कि 410 या 420 सीट से सरकार बनेगी: पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

रुद्रपुर में नामांकन स्थल के गेट के बाहर नैनीताल जनपद के विधायक और लोक सभा चुनाव 2024 की अजय भट्ट के नामांकन में सीएम धामी व अन्य समर्थक मौजूद थे। अजय भट्ट के नामांकन के समय खुद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे। सीएम धामी ने कहा कि इस बार पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोगों में लोकसभा चुनाव को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग 19 अप्रैल का इंतजार कर रहे हैं। अभी हमने होली मनाई है। 4 जून को दीवाली बनाई जाएगी। सीएम धामी ने दावा करते हुए कहा कि उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेंगे। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। सीएम धामी ने कांग्रेस के टिकट पर बोलते हुए कहा कि पहले पार्टी में टिकट लेने के लिए सोर्स लगाना पड़ता था। लेकिन इस बार टिकट न मिलने के लिए सोर्स लगाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि देश को पता है कि इस बार सरकार किसकी बनने जा रही है। इस बार चर्चा ये हो रही की 410 सीट से सरकार बनेगी या 420 सीटों से बनेगी।

उधर नामांकन करने के बाद बीजेपी प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि वो चुनाव जीतने जा रहे हैं। अजय भट्ट ने कहा कि केंद्रीय रक्षा और पर्यटन राज्य मंत्री रहते उन्होंने उत्तराखंड को काफी योजनाएं लाकर दीं।

### कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे धामी

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी शहर बीजेपी के बड़े नेताओं से भरा हुआ है। दरअसल आज नैनीताल-उधमसिंह नगर से पार्टी के उम्मीदवार केंद्रीय रक्षा और पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट का नामांकन है। उनके नामांकन के लिए बीजेपी के बड़े नेता शहर में जुटे हुए हैं। सीएम धामी भी मंगलवार से हल्द्वानी में हैं। अजय भट्ट के नामांकन से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात का सिलसिला जारी रखा। सीएम धामी ने हल्द्वानी में पार्टी ऑफिस में कार्यकर्ताओं और ऑफिस स्टाफ के साथ मुलाकात की। उनका हालचाल लिया और होली की शुभकामनाएं दी। सीएम धामी बीजेपी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव को एक अभियान की तरह लेने को कहा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी हर एक नागरिक तक पहुंचाएं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं के लाभार्थियों से विशेष रूप से मिलने को कहा। सीएम धामी आज सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले तो इस दौरान वो भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जीवन चंद्र आर्य के घर पहुंच गए।

## बसपा ने हरिद्वार से मुस्लिम प्रत्याशी पर खेला दांव

**हरिद्वार,** 27 मार्च (देशबन्धु)। इंडिया गठबंधन से अलग राह बनाती नजर आ रही मायावती ने हरिद्वार में मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर धर्मनिरपेक्ष मतों में साफ साफ दरार डाल दी। एक दिन पहले तक भावना पांडेय का बसपा प्रत्याशी के तौर पर नाम उछल रहा था। लेकिन मायावती ने यूपी की मीरापुर विधानसभा से विधायक मौलाना जमील अहमद काजमी को हरिद्वार का टिकट दिया है। रातों रात होली के दिन उड़े इस गुलाल के बाद भावना पांडेय पार्श्व में चली गईं। उनके भाजपा के निकट जाने की भी चर्चायें भी आम हो गई है। भावना पांडेय जल्द ही भाजपा में शामिल होने जा रही है।

लगभग 19 लाख मतों वाली हरिद्वार लोकसभा में मुस्लिम मत विशेष प्रभाव रखते हैं। इन मतों का बंटवारा अब कांग्रेस व बसपा कर बीच तय माना जा रहा है। इधर, भावना पांडेय पहाड़ी मतदाताओं में सेंध लगाते हुए भाजपा व कांग्रेस के मतों में विभाजन करती। लेकिन बदले राजनीतिक समीकरण के तहत बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार सीधे सीधे कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत को नुकसान पहुंचाएंगे।

## फायर सीजन शुरू होते ही उत्तरकाशी के जंगल में लगी आग

**उत्तरकाशी,** 27 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में फायर सीजन शुरू हो चुका है। जगह-जगह से फॉरेस्ट फायर की घटनाएं भी वन विभाग के रजिस्टर में दर्ज होने लगी है। उत्तरकाशी के डांग, पोखरी, साल्ड गांव के साथ ही बाड़ाहाट और मुखेम रेंज के जंगल पिछले 4 दिनों से धू-धूकर जल रहे हैं। बीते रात मंगलवार को भी मुखेम रेंज के जंगल सुलगते रहे। लेकिन ताज्जुब इस बात का है कि वन विभाग के रिकॉर्ड में वनाग्नि की एक भी घटना दर्ज नहीं है। इससे उत्तरकाशी वन प्रभाग के वनाग्नि नियंत्रण पर ही सवाल उठ रहे हैं। भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार, उत्तरकाशी जिले में 37.88 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र वनाच्छादित है। विगत कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन से तापवृद्धि के चलते वनाग्नि की घटनाएं बढ़ती जा रही है। इस साल तो 15 फरवरी से 15 जून तक चलने वाले फायर सीजन से पूर्व ही वनाग्नि की घटनाएं शुरू हो गई थी। अब



तक कई जगह बड़े पैमाने पर वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं। इससे अमूल्य वन संपदा के साथ वन्यजीवों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। बीते दिनों ही जिला मुख्यालय से लगे डांग और पोखरी गांव के जंगल करीब चार दिनों तक धू-धूकर जलते रहे थे। बाद में डिप्टी रेंजर महावीर खरोला के नेतृत्व में भी वन कर्मियों की टीम वनाग्नि नियंत्रण के लिए मौके पर पहुंची थी। इससे पूर्व जसपुर गांव के ऊपर भी जंगल जला। वहीं, धरासू रेंज के बढ़ेथ बीट में जंगल जले।

■ चुनाव आयोग ने बढ़ाई वन विभाग की उलझन

## शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य में युवा निभा सकते हैं अहम भूमिका : सिंह

**सिरसा,** 27 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने बुधवार को कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य में युवा सबसे अहम भूमिका निभा सकते हैं। श्री सिंह ने आज स्थानीय डेरा सच्चा सौदा स्थित शाह सतनाम जी कन्या विद्यालय, शाह सतनाम जी कन्या महाविद्यालय, सैंट एमएसजी स्कूल में कम्प्यूटर लैब, खेल सुविधाओं व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने डेरा के प्रबंधक मंडल के सदस्यों के साथ उनके कार्यालय,रेस्तरां,खेल स्टेडियम,सत्संग हॉल सहित विभिन्न उपलब्धियों में गिनीज बुक ऑफ रिकार्डस को तनमयता से देखा ओर काफी भाव विभोर हुए।

## जेल में भी कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे अरविंद केजरीवाल : अनुराग ठाकुर

**उधमपुर,** 27 मार्च (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि जेल में रहकर भी अरविन्द केजरीवाल सीएम की कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे हैं। पहले केजरीवाल नैतिकता की बात करते थे, जो कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ अनशन पर बैठते थे वही आम आदमी पार्टी आज भ्रष्टाचार के दलदल में बुरी तरह फंस गई है। अनुराग ठाकुर ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा और कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद वह अपने ही राज्यों की महिलाओं को संरक्षण नहीं दे पाई बल्कि उन्होंने भ्रष्टाचारियों और बलात्कारियों को संरक्षण दिया है। अनुराग सिंह ठाकुर जम्मू कश्मीर प्रवास पर थे। प्रवास ठाकुर ने उधमपुर में आयोजित एक बाइक रैली में भाग लिया और इसके बाद उधमपुर भाजपा कार्यालय में आयोजित सांगठनिक बैठक में शामिल हुए। शाम को वे आईआईएम जम्मू और होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।ठाकुर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल कहते थे कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ हूं, राजनीति में नहीं आऊंगा। ये वही अरविंद केजरीवाल हैं जो कांग्रेस के खिलाफ धरने पर बैठते थे। आज अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में नीचे तक धंसी हुई है। इनका उपमुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, सांसद और पार्षद तक जेल में है। अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं जेल में हैं। इनकी अराजकता और भ्रष्टाचार ने उन्हें आज जेल में डाला है।

## राजनीति

### जनता देगी जवाब, बागियों की हार निश्चित : कांग्रेस

# विश्वासघात करने वालों को सबक सिखाएंगे प्रबुद्ध मतदाता

**शिमला,** 27 मार्च (देशबन्धु)। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह एवं मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा है कि विश्वासघात करने वाले नेताओं को जनता विधानसभा उपचुनाव में सबक सिखाएगी। भाजपा बागियों को कठपुतली की तरह इस्तेमाल कर रही है और धनबल से जनादेश को प्रभावित कर सत्ता पर क़ब्ज़ा करने का षड्यंत्र रचा गया। कम से कम भाजपा नेताओं को अपने वरिष्ठ नेता शांता कुमार जी की बात पर आत्मचिंतन करना चाहिए। उन्हें दिल पर हाथ रखकर



पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार की बातों पर विचार करने की जरूरत है। दोनों नेताओं ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का सत्ता लोभ जा नहीं जा रहा है और वह सत्ता हथियाने के लिए ग़लत हथकंडे अपना रहे हैं। उन्हीं के लालच ने प्रदेश को अस्थिर करने का प्रयास किया। भाजपा दोफाड़ होने को है और पार्टी अपना कुनबा संभाल नहीं पा रही है। भाजपा के कई विधायक, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक कांग्रेस के संपर्क में हैं, जो कभी भी कांग्रेस पार्टी के साथ आ सकते हैं। भाजपा के कई नेताओं ने पार्टी से नाराज़ होकर अपना इस्तीफ़ा दे दिया है, लेकिन जयराम ठाकुर सिर्फ मुख्यमंत्री के लालच में फँसे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बाग़ियों को टिकट मिलने से भाजपा की साज़िश हिमाचल प्रदेश की जनता के सामने आ चुकी है। प्रदेश की जनता जान चुकी है कि हिमाचल प्रदेश की चुनी हुई लोकप्रिय सरकार को गिराने का षड्यंत्र भाजपा नेताओं ने बाग़ियों के साथ मिलकर रचा। यह बात साबित हो चुकी है कि हिमाचल प्रदेश में हॉर्स ट्रेडिंग हुई। लेकिन हिमाचल प्रदेश की जनता बिकाऊ राजनीति में विश्वास नहीं रखती और एक जून को इसका करारा जवाब देगी। अनिरुद्ध सिंह एवं सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि जिन बाग़ियों ने अपनी मां समान पार्टी की पीठ में छुरा घोंपा, वह कभी सच्चे जनसेवक नहीं हो सकते हैं। इन नेताओं ने अवसरवादी बनकर अपने चुनाव क्षेत्र की जनता की भावना का अपमान किया है क्योंकि मतदाताओं ने उन्हें कांग्रेस पार्टी के टिकट पर विजयी बनाया था। उन्होंने कहा कि जो पार्टी के नहीं हुए, वह जनता के कभी भी नहीं हो सकते हैं। प्रदेश की जनता के सामने उनका असली चेहरा आ चुका है। उन्होंने कहा कि स्वार्थ सिद्धि के लिए ऐसे नेता कभी भी अपने चुनाव क्षेत्र की जनता को नीलाम करने से पीछे नहीं हटेंगे, इसलिए बाग़ियों की हार निश्चित है। दोनों नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू एक ईमानदार व्यक्ति हैं और सरकार बनने के बाद से ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख़्ती से कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का बच्चा-बच्चा ईमानदार ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ खड़ा है और यही कांग्रेस पार्टी की ताकत है।

# प्रादेशिकी

## बाइक सवार ने ई-रिक्शा में टक्कर मारी, चिकित्सक की कार क्षतिग्रस्त

**फर्रुखाबाद,** 27 मार्च (देशबन्धु)। तेज रफ्तार बाइक सवर नें ई-रिक्शा को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी चिकित्सक की कार को टक्कर मार दी, जिससे चिकित्सक की कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बाइक सबार भी घायल हो गया। शहर कोतवाली में मोहल्ला इस्माइलगंज सानी निवासी 22 वर्षीय चेतन कादरी गेट निवासी अपने एक दोस्त की बाइक लेकर लोहाई रोड़ पर तेज गति से आ रहा था उसकी बाइक तेज रफ्तार होनें के चलते गुजर से ई-रिक्शा से टकरा गई, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर भाजपा नेत्री डा.रजनी सरीन के अस्पताल के बाहर खड़ी डॉ.अंजली की कार में जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार क्षतिग्रस्त होने के साथ ही बाइक के भी परखच्चे उड़ गए। बाइक सवार युवक चेतन भी घायल हो गया उसे 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए भेजा।

# पांच सौ साल बाद अवध में अब श्री राम ने होली खेली है : योगी

## मुख्यमंत्री ने मेरठ के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को किया संबोधित




**मेरठ,** 27 मार्च (देशबन्धु)। बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीसीएसयू के सभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में पहुंचे। उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर कहा कि मैंने होली के गीतों को लगातार सुना और शोध किया। इस बार होली पर फूहड़ नहीं, बल्कि राम को लाएं हैं गीत बजा है।

अरुण गोविल भारतीय कला के वो हस्ताक्षर हैं, जिन्होंने भारत में प्रभु राम के चरित्र को किया। राम के अभिनय को जीवंत पहचान दी। अब वो मेरठ की पहचान बनने जा रहे हैं। योगी ने कहा कि होली पर, होली खेले रघुवीरा अवध में गीत सुनते थे। लेकिन, वहां राम ने कभी होली नहीं खेली। 500 साल बाद अवध में अब राम ने होली खेली है। ये मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार में हुआ। एक वो लोग थे जो कर्फ्यू लगाते थे हम कांवड़ यात्रा कराते हैं। एक वो दंगाइयों को गले लगाते थे हम दंगाइयों से निपटते हैं। हम श्रद्धालु के मार्ग में फूल डालते हैं वो लोग श्रद्धाल के मार्ग में शूल बिछाते थे। पदकप गठबंधन में जातिवाद के नाम पर सब छिन्न भिन्न कर दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी ने कहा है कि 140 करोड़ का भारत मेरा परिवार है। धारा 370, नक्सलवाद, आतंकवाद पर कहा कि लोग सोचते थे भारत इससे कभी मुक्त नहीं होगा लेकिन मोदी के नेतृत्व में ये सब हुआ।

> **इस बार होली पर फूहड़ नहीं, बल्कि राम को लाएं हैं गीत बजा : योगी आदित्यनाथ**

विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश। इसके लिए मोदी का तीसरा कार्यकाल चाहिए। तभी विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी।

### मेरठ इतिहास बनाता है बांटता नहीं : मुख्यमंत्री

बता दें कि प्रदेश के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को सबसे पहले मथुरा में फिर मेरठ में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। मेरठ में योगी ने कहा, मैं प्रत्याशी के रूप में अरुण गोविल को बधाई देता हूं। मेरठ इतिहास बनाता है, बांटता नहीं। इस दौरान मेरठ-हापुड़ लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल, सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, राज्यमंत्री डा. सोमेन्द्र तोमर, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष ऋृाुराज जैन, भाजपा नेता कमल दत्त शर्मा समेत रालोद नेता भी उपस्थित रहे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित




**मेरठ,** 27 मार्च (देशबन्धु)। बुधवार को बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ के सभागार में बड़ौदा मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरीश कुमार अरोड़ा, क्षेत्रीय प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा, मेरठ क्षेत्र तथा अनुज चित्रांश, उप क्षेत्रीय प्रमुख, मेरठ क्षेत्र ने बड़ौदा मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना के तहत शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए एमए (हिन्दी) में महिला वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थी कुमारी श्वेता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को 11 हजार की राशि व प्रशस्ति पत्र तथा पुरुष वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थी ऋषभ जैन, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को 7500 रूपए की धनराशि राशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## पालिका चलाएगी संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान

### एक से तीस अप्रैल तक अभियान चलाने के आदेश



**मवाना,** 27 मार्च (देशबन्धु)। तहसील रोड स्थित नगरपालिका के आरओ वॉटर प्लांट पर बने सभागार में बुधवार को पालिका के अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एक से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मवाना के बीपीएम देवेन्द्र और यूनिसेफ से हरिदास ने संचारी रोगों से बचाव के लिए सावधानी बरतने के लिए कहा गया। नगर निकाय निदेशालय और डीएम दीपक मीणा के आदेश पर बुधवार को नगर पालिका कर्मियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें यूनिसेफ से हरिदास ने सभी से अपील की कि सभी लोग दरवाजों व खिडकियों पर जाली लगवाये, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करे, मच्छररोधी उपाय अपनाएं, अनुपयोगी वस्तुओं मे पानी इकट्ठा न होने दे, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखे, जिससे मच्छरो से होने वाले सभी रोगों से बचाव हो सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मवाना के बीपीएम देवेन्द्र ने बताया कि सभी नागरिक खाने से पहले साबुन से हाथ धोयें, खुले में शौच न करे तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करे, कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखे, बच्चों को सरकारी अस्पताल में सभी टीके लगवाये। आगे कहा कि सभी लोग स्वयं व अपने बच्चो को पूरी बाजू वाली कमीज और पैंट पहनाये, घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होने दे, कूलर गमले आदि साप्ताहिक खाली कर सुखाएं, नालियों में जलभराव रोके और उनकी नियमित सफाई करे, पीने के लिए इंडिया मार्का-2 के पानी का ही प्रयोग करे। अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार के साथ सभासद अतीक अहमद, राजेन्द्र चौहान, मनीष यादव, जोनी जाटव, अमीर आजम, वरिष्ठ लिपिक लाखन सिंह, सफाई नायक मनोज, राकेश, सुजीत, मजहर अब्बास व पालिका कर्मी सन्दीप कुमार, राजपति यादव, सतपाल और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### भाजपा से नहीं, जनता को है गठबंधन से उम्मीद : कांग्रेस

**देवरिया।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और देवरिया सदर लोकसभा सीट से इंडिया समूह से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिसको चाहे अपना उम्मीदवार बनाए, लेकिन यहां की जनता को उम्मीद गठबंधन प्रत्याशी से है। सिंह ने बुधवार को कहा कि भाजपा ने देश और प्रदेश की सत्ता में रहने के बावजूद देवरिया के लिए कुछ नहीं दिया। जब भाजपा ने दस वर्षों में यहां कुछ नहीं दिया तो वह आगे क्या देगी। इनसे अब अपेक्षा नहीं की जा सकती। अब भाजपा का जाने का समय है। सत्ता अब इनके हाथ से 70 साल के लिए दूर होने वाली है। अब वे क्या देंगे, अब वे अपना ठिकाना ढूंढे।

### दबंगों ने ट्रैक्टर से नष्ट कर दी लाखों की फसल

**मवाना।** चकबंदी विभाग की लापरवाही के चलते गांव गड़ीना में गरीब किसानों के खेतों की जमीन पर दबंग कब्जा कर रहे हैं। एक ऐसा मामला फलवदा थाना क्षेत्र के गांव गड़ीना का है। गांव गड़ीना में दबंगों ने किसान के खेत में खड़ी फरासबीन की फसल को ट्रैक्टर व रोटावेटर चला कर नष्ट कर दी। किसान की पत्नी ने मामले की शिकायत थाना पुलिस के अलावा एसडीएम एवं जिलाधिकारी मेरठ से की है। पीड़ित अंकित सैनी फरासबीन की खेती कर परिवार का पालन पोषण कर रहा है। उसने पांच बीघा खेत की जमीन में फरासबीन की फसल बो रखी है। आरोप है कि गांव के ही दबंगों ने तैयार खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चला कर नष्ट कर दिया। जिससे उसे पांच लाख रुपए से अधिक का नुकसान हो गया। विरोध करने पर दबंगों ने पीड़ित किसान और उसकी पत्नी सरिता के साथ गाली गलौज करते हुए दुर्व्यवहार किया और जमकर मारपीट कर दी। इस कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़ित किसान को गांव छोड़ने की धमकी देते हुए उसके खेत पर कब्जा कर लिया है। घटना के संबंध में पीड़ित किसान की पत्नी सरिता ने गांव के ही पिंटू, जितेंद्र को नामजद करते हुए थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई गुहार लगाई। थाना प्रभारी राजेश कुमार काम्बोज का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### दूसरों की सेवा करने जीवन बनता है उत्कृष्ट भाव : भूषण

**मवाना/हस्तिनापुर।** जैन धर्म नगर स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मन्दिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिए आयोजित 48 दिवसीय भक्तामर विधान पाठ के 39वें दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मंत्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। तदोपरांत भगवंतो का स्वर्ण कलश अभिषेक बाबूलाल जैन और शान्तिधारा करने का सौभाग्य गौरव जैन शौर्य जैन, जिनेन्द्र जैन को प्राप्त हुआ। अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्जवलन निर्मल जैन ने किया। बा.ब्र.सुनीता दीदी ने विश्व के सभी जीव सुखी रहें ऐसी मंगल भावना के साथ शान्तिधारा का उच्चारण किया। विधान के मध्य आयोजित धर्म सभा में गुरुवर 108 भावभूषण मुनिराज ने कहा कि तप करने के लिए उपवास करते हुए कषायों व पंचेन्द्रियों को वश में करना होगा।

## वैंक्टेश्वरा में एक दिवसीय सेमीनार का हुआ आयोजन

**मेरठ,** 27 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली-रूडकी बाईपास स्थित वैंक्टेश्वरा संस्थान में आर्टिफिसल इंटेलिजेंसी विष्य पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुशरम्भ वीजीआई समूह के फाउंडर प्रेसिडेंट माननीय डॉ. सुधीर गिरी, प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, यूएसए से आए प्रो. डॉ. महाराज सिंह, प्रो. एचआर सिंह एवं दिनेश नारायण आदि ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। अपने सम्बोधन में परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह जी ने उपस्थित गण को सर्वप्रथम वेंकटेश्वर संस्थान के बारे में जानकारी देते हुए संस्थान में समय-समय पर होने वाले कार्यक्रमों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दो महाराज सिंह जी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विषय में बारीकियों से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी जी ने सभी उपस्थित अतिथिगण का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डीन अभिषेक स्वामी, प्राचार्य नितिन राज वर्मा, मार्केटिंग हेड बृजपाल सिंह, दीपक कुमार, अरविंद कुमार, पूजा सिंह, सुप्रिया, अभिनव राणा आदि लोग उपस्थित रहे।



# मवाना मिल में समस्याओं का निकलेगा हल

- भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं की मान मनौव्वल की
- मिल के गेस्ट हाउस में दो घंटे चली वार्ता में आए यूनिट हैड
- मिल प्रबंधन ने दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**मवाना,** 27 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन ने अपनी कई मांगों को लेकर बुधवार को मवाना शुगर मिल गेट पर धरने की घोषणा की। धरने की सूचना पर मिल प्रबंधन ने भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकरियों व कार्यकर्ताओं की मान मनौव्वल की और उन्हें मनाकर मिल के गेस्ट हाउस ले गए।

वहां पर बाहरी युवाओं को रोजगार देने और स्थानीय युवाओं की अनदेखी करने का मामला गूंजा। गेस्ट हाउस में दो घंटे हुई वार्ता में मिल प्रबंधन ने कई मांगों को पूरा करने के लिए दो माह का आश्वासन दिया। पांच सालों में नौकरी पर रखे गए युवाओं की सूची देने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया। कार्यकर्ताओं ने यूनिट हैड संजय चौधरी को नौ सूत्रीय मांगों को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन के मंडल महासचिव नरेश चौधरी ने मंगलवार को तहसील व पुलिस प्रशासन को कई मांगों को लेकर मवाना मिल में धरना देने की सूचना दे दी थी। मवाना मिल के अफसरों को भारतीय किसान यूनियन के धरने की जानकारी मिली तो मिल प्रशासन ने भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं को मिल गेट पर धरना नहीं देने के लिए मान-मनौव्वल की।

काफी अनुरोध के बाद भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता मिल के गेस्ट हाउस में पहुंच गए। वहां पर मिल के (गन्ना व प्रशासन) वरिष्ठ महाप्रबंधक प्रमोद बालियान व सहायक महाप्रबंधक बीरेन्द्र सिंह से वार्ता की। वार्ता के समय भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने मवाना मिल के प्रबंधन पर स्थानीय युवाओं की अनदेखी करने और बाहरी युवाओं को रोजगार देने का आरोप लगाया।

### स्थानीय युवाओं से किया जा रहा सौतेला व्यवहार

भारतीय किसान यूनियन के मंडल महासचिव नरेश चौधरी, जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, मदनपाल यादव, अनूप यादव, नवीन यादव, सतेन्द्र तालियान, प्रिंस चौधरी, मनोज खत्री, पूर्व प्रधान रिछपाल समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने कहा कि मेरठ जिले की अन्य चीनी मिलों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने में प्राथमिकता दी जा रही है लेकिन इस मिल में ऐसा नहीं है। स्थानीय युवाओं से सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि दो सालों से कृषकों को मिल से खाद के लिए मैली नहीं दी जा रही है। कीटनाशक दवाएं निशुल्क उपलब्ध करायी जाए, कृषकों की सहूलियत के लिए पिलौना गन्ना क्रय केंद्र पर बनाई गई दीवार को हटवाया जाए।

## सी-विजिल ऐप से आचार संहिता उल्लंघन मामले की करें शिकायत

**मेरठ,** 27 मार्च (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने आम जनमानस के लिए सी-विजिल मोबाइल ऐप विकसित किया है। इस ऐप के माध्यम से नागरिक विभिन्न तरीके से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। सी-विजिल मोबाइल ऐप को गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। सी-विजिल मोबाइल ऐप में आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी फोटोग्राफ, वीडियो या ऑडियो अपलोड कर सकते हैं।

## निर्वाचन कार्यों की समीक्षा कर कार्रवाई करें सुनिश्चित : मीणा

### डीएम ने निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**मेरठ,** 27 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचन से संबंधित मतदान, मतगणना कार्मिक व्यवस्था, माइक्रोआर्ब्जवर, कार्मिको की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, प्रेक्षक व्यवस्था, वीडियोग्राफी, वेबकास्टिंग, ईवीएम, वीवीपैट, राजनैतिक दलो को जानकारी उपलब्ध कराना, निर्वाचन तैयारी का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना, कमिशनिंग, रेन्डेमाईजेशन, निर्वाचन सामग्री, मतपत्र व्यवस्था संबंधी कार्य, बैलेट पेपर प्रिन्टिंग, सीसीटीवी कैमरा, रूट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लॉन, क्रिटीकल बूथ, वेबकास्टिंग, बैरियर, वाहन अधिग्रहण, पोस्टल बैलेट प्लॉन, मीडिया ब्रीफिंग, एपिक, पोलिंग बूथ, पोस्टल बैलेट, आदर्श आचार संहिता, स्वीप, एमसीएमसी आदि कार्यों से संबंधित नोडल अधिकारियो को समग्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि समस्त नोडल अधिकारी अपने स्तर पर निर्वाचन कार्यों की समीक्षा कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशो का अनुपालन सुचारू रूप से समयबद्ध संपन्न कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित समस्त एसडीएम व सीओ को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में भ्रमण कर आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराए।

एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने कहा कि जिस अधिकारीध्कर्मचारी की डयूटी जहां लगाई गई है वह निर्वाचन से संबंधित समस्त कार्यों को गंभीरता से लेकर कार्य करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते।

## शिक्षण संस्थानों में दी गई सी-विजिल एप की जानकारी

**मेरठ,** 27 मार्च (देशबन्धु)। स्वीप मेरठ के अंतर्गत जनपद के समस्त शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं को सी-विजिल एप के बारे में प्रार्थना सभा पर बताया गया की कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है उस समय उसका फोटो या 2 मिनट का वीडियो बनाकर ऐप पर अपलोड करें यदि कोई भी प्रत्याशी मत प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार का प्रलोभन देता है या शराब इत्यादि वितरित करता है तब उसकी शिकायत करने के तत्काल बाद ही उसका समाधान जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा करा दिया जाएगा तथा किसी भी व्यक्ति को कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं इसके साथ-साथ शिक्षण संस्थानों में रैली तथा मतदान जागरूकता कार्यक्रम के द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया जनपद में स्थापित प्रमुख स्थलों पार्कों में सेल्फी केंद्र लगाए गए तथा पीवीएस मॉल शॉप्रिक्स मॉल में सेल्फी स्टैंड लगाए गए जहां पर मतदाता सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर शेयर करें तथा दूसरे लोगों को प्रेरित करें कि वह भी आने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग आवश्यक रूप से करें।

## एएस इंटर कॉलेज में मतदान को लेकर किया जागरूक



**मवाना,** 27 मार्च (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना की छात्राओं ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने बताया कि विद्यालय में बनाई गई स्वीप वाटिका में छात्राओं ने शिक्षिकाओं के मोबाइल से सेल्फी ली तथा उन्हें अपने अभिभावकों के नंबर पर शेयर कराया। उसके उपरांत समस्त छात्राएं सोशल मीडिया के माध्यम से अपने माता-पिता तथा अपने परिचितों को जागरूक करने का काम करेगी ताकि वह आने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक अच्छे लोकतंत्र का निर्माण कर सके। आगे कहा कि यदि वह हमारा विकास चाहते हैं तो उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करना होगा क्योंकि अच्छी शिक्षा अच्छी सड़क देश का विकास तभी संभव है जब लोकतंत्र का निर्माण अच्छे व्यक्तियों के द्वारा किया जाएगा।

> **छात्राओं ने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर शेयर करने का लिया संकल्प**

**समीक्षा** *डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में बोलीं ईशा दुहन*

# विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का हो शीघ्र निस्तारण : ईशा दुहन

**मेरठ, 27 मार्च (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन उपभोक्ताओं की विभिन्न माध्यमों से प्राप्त विद्युत सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण के लिए अहम कदम उठाएं हैं। प्रबन्ध निदेशक ने विद्युत हेल्पलाईन नं. 1912 से सम्बन्धित शिकायतों, निवेश मित्र, झटपट पोर्टल, विद्युत दुर्घटना, विभिन्न माध्यमों से प्राप्त (आईजीआरएस, संभव आदि) निस्तारण के लिए प्रत्येक बुधवार बैठक करने के निर्देश दिए है।**

बुधवार को डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन मेरठ के सभागार में आयोजित हुई बैठक की समीक्षा करते हुए प्रबन्ध निदेशक ने कहा उपभोक्ताओं की विद्युत सम्बन्धी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा किसी भी दशा में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण तय समय-सीमा के भीतर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रबन्ध निदेशक ने विद्युत हेल्पलाईन नं. 1912 से सम्बन्धित शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति, क्षतिग्रस्त परिवर्तकों से सम्बन्धित शिकायत, बिल सम्बन्धित शिकायत, मीटर सम्बन्धित शिकायत, ब्रेकडाउन आदि से सम्बन्धित शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रबन्ध निदेशक ने झटपट पोर्टल, निवेश मित्र पर प्राप्त होने वाले नए विद्युत कनेक्शनों की आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा विद्युत दुर्घटना, आईजीआरएस, संभव आदि पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में एसके पुरवार निदेशक (कार्मिक एवं प्रब.), संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), एनके मिश्र निदेशक (तकनीकी), विनीत कुमार मुख्य अभियन्ता (तकनीकी), अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता स्तर तक के अधिकारी उपस्थित रहे।




> **नए विद्युत कनेक्शनों के आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण के भी दिए निर्देश**

### फीडर विभक्तीकरण योजना की गहन समीक्षा की

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन की अध्यक्षता में डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन मेरठ में फीडर विभक्तीकरण योजना के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आहुत हुई। प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए फीडर विभक्तीकरण योजना के अन्तर्गत किसानों को कृषि और घरेलू उपभोक्ताओं को सतत् विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं घरेलू फीडर को अलग करने हेतु फीडर विभक्तीकरण योजना के कार्य 15 अप्रैल तक पूर्ण करा लिए जाएं। फीडर विभक्तीकरण का कार्य समस्त 14 जनपदों में मै. एनसीसी लि, मै. एलएण्डटी, मै. सलासर लि. एवं मै. जेएसपी लि. द्वारा किया जा रहा है। प्रबन्ध निदेशक ने फीडर विभक्तीकरण योजना की गहन समीक्षा करते हुये कहा कि कार्यदायी संस्थाएं फीडर विभक्तीकरण के कार्यों में तेजी लायें जिससे कि माह अप्रैल तक सभी कृषि पोषकों को ऊर्जीकृत किया जा सके। किसानों को कृषि और घरेलू उपभोक्ताओं को सतत् विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु फीडर विभक्तीकरण योजना के अन्तर्गत कृषि पोषकों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। कृषि पोषकों की विभक्तीकरण करने से किसान उपभोक्ताओं को अच्छी विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ घरेलू और कृषि पम्प के लिये अलग-अलग सप्लाई किया जाना संभव हो सकेगा।



## आदित्य रॉय कपूर सिर्फ दोस्त नहीं हैं : अनन्या पांडे

मुंबई, 27 मार्च (एजेंसियां)। स्ट्रीमिंग फिल्म 'खो गए हम कहां' में नजर आने वाली एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने कहा कि वह और आदित्य रॉय कपूर 'सिर्फ दोस्त नहीं' हैं। एक्ट्रेस को हाल ही में नेहा धूपिया द्वारा होस्ट किए जाने वाले लोकप्रिय चैट शो 'नो फिल्टर नेहा' के छठे सीजन में देखा गया, जहां उन्होंने 'आशिकी 2' के एक्टर के साथ अपने रिश्ते पर खुलकर बात की। शो के प्रोमो में अनन्या और नेहा को आदित्य के बारे में बात करते हुए देखा जा सकता है। जहां अनन्या कहती हैं कि वह और आदित्य सिर्फ दोस्त नहीं, बल्कि बहुत अच्छे दोस्त हैं। नेहा धूपिया ने कहा, मुझे कृति सेनन की दिवाली पार्टी में एक तस्वीर खींचने का मौका मिला और लोगों ने उसे जूम करके देखना शुरू कर दिया।

# गिद्धों को रास आ रही चंबल घाटी की हवा

## डाकुओं के आशियाने के रूप में विख्यात है चंबल घाटी

**इटावा,** 27 मार्च (एजेंसियां)। कुख्यात डाकुओं के आशियाने के रूप में विख्यात चंबल घाटी की हवा प्रकृति के सफाई कर्मी कहे जाने वाले हिमालयी गिद्धों रास आ रही है तभी तो एक दर्जन से अधिक हिमालयी गिद्ध भ्रमणशील देखे जा रहे है। इटावा सफारी पार्क में हिमालयी गिद्धों का झुंड दिखाई देने से कौतूहल का विषय बना हुआ है। चंबल से जुड़े इटावा में विलुप्त प्राय: हिमालयन गिद्ध अपना बसेरा बना रहे है। ढाई दशक के बाद इटावा में बड़ी तादात में हिमालयन गिद्ध एक साथ नजर आए है। इटावा सफारी पार्क में इन गिद्धों का झुंड पहली बार लगातार दो दिन तक देखा गया है। एक दर्जन की संख्या में गिद्धों का झुंड देख इटावा सफारी पार्क के कर्मचारी ने अपने मोबाइल में तस्वीर कैद कर ली। एक ही स्थान पर लगातार दो दिन तक यह विलुप्त प्राय- प्रजाति के गिद्ध नजर आने से ऐसा माना जा रहा है कि इतनी बड़ी तादात में इनका होना कही न कही प्राकृतिक दृष्टि से बहुत अच्छी खबर है। यह भी कह सकते है कि इन गिद्धों को सफारी की हवा रास आ रही हो।




इटावा लायन सफारी पार्क के अंदरूनी हिस्से में बीते दो दिन से एक विशालकाय पेड़ पर संकटग्रस्त हिमायलन गिद्ध करीब एक दर्जन की तादात में झुंड के साथ बैठे दिखाई दिए है। इन गिद्धों के झुंड को सफारी पार्क के कर्मचारी ब्रीडर कम स्वीपर रोहित कुमार देखकर अपने मोबाइल फोन से इनकी तस्वीर कैमरे में कैद कर ली। रोहित कुमार ने ऐसा दावा किया कि यह हिमालयन गिद्ध उसने पहली बार इतनी तादात में दो दिन लगातार इसी सफारी पार्क के अंदर इसी स्थान पर देखे है। उसे इस बात का यकीन नही हुआ क्योंकि पेड़ अधिक ऊंचा है। गौर से देखने पर समझ आया कि यह हिमालयन गिद्ध है। उसने पहली बार सफारी पार्क में एक घायल गिद्ध को देखा था। जब एक हिमालयन गिद्ध को उपचार के लिए लाया गया था। इस प्रकार से गिद्ध की मुझे पहचान हुई।

कभी चंबल घाटी से जुड़े इटावा जिले मे बड़ी तादात में इनकी मौजूदगी पाई जाती थी। लेकिन ढाई दशक से इन गिद्धों की संख्या में तेजी से गिरावट देखी गई। जिसके बाद से यह विलुप्त प्रजाति में शामिल किए गए। पिछले सात, आठ वर्ष में इटावा जिले के विभिन्न हिस्सों दो, एक की संख्या में यह गिद्ध दिखाई दिए है लेकिन उसके बाद से यह गिद्ध दिखाई नही दिए थे। कुख्यात डकैतों की कभी मुफीद शरणस्थली रही चंबल में ढाई दशक पूर्व बड़ी तादात में गिद्ध पाये जाते थे लेकिन समय बदला आवो-हवा बदली जंगलात और बीहड़ सिमटते गए और इटावा से गिद्ध अपने आप ही किन्हीं कारणों से विलुप्त होते चले गए। लेकिन एक बार फिर से चंबल से जुड़े इटावा में गिद्धों की इतनी संख्या में लगातार दो दिन तक दिखाई देना, इन गिद्धों की वापसी की उम्मीद दिखाई देने लगी है। पर्यावर्णीय संस्था सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन संस्था के महासचिव डॉ. राजीव चौहान का दावा है कि पिछले एक दशक में जिले में हिमालयन गिद्ध की मौजूदगी देखी गई हैं। यह परिवर्तन निश्चित तौर पर कही ना कही इटावा और चंबल के लिए प्रसन्नता की ही बात मानी जायेगी। क्योंकि हिमायलय गिद्ध का यह इलाका कभी आशियाना नही रहा है। फिर यहां पर उसका पहुंचना यह बता रहा है कि हिमालयन गिद्ध यहां पर अपना बसेरा बना रहे है। यह पर्यावरण के लिहाज से सफाई कर्मी के रूप में प्रचालित है। उन्होंने बताया कि इन गिद्धों के उपर संकट 1990 के बाद से शुरू हुआ माना जाता है। चंबल में इससे पहले 2003 तक गिद्दों की तीन प्रजातियों को देखा जाता रहा है, इनमें लांगबिल्ड वल्चर, वाइटबैक्ड वल्चर, किंगवल्चर है, जो बड़ी तेजी से विलुप्त हुए जब कि इजफ्सियन वल्चर लगातार देखे जाते रहे है, इनके उपर किसी तरह का प्रभाव नजर नहीं आया।

गिद्ध के संरक्षण की दिशा में काम कर रही वर्ल्ड कंजर्वेशन यूनियन की पहल के बाद वर्ष 2002 में इसे वन्य जीव अधिनियम के तहत इसके शिकार को प्रतिबंधित करते हुए इसे शेड्यूल वन का दर्जा दिया गया था। अस्सी के दशक में एशिया के देशों में गिद्धों की सर्वाधिक संख्या भारत में ही थी। शोध के मुताबिक भारत, नेपाल और पाकिस्तान में गिद्धों की संख्या सिमट कर महज तीन हजार रह गई है। जबकि अस्सी के दशक में गिद्धों की संख्या साढ़े आठ करोड़ थी। जानकार बताते हैं कि जिस तेजी के साथ वल्चर गायब हुआ ऐसा अभी तक कोई जीव गायब नहीं हुआ। ताज्जुब यह है कि पिछले एक दशक के दौरान ही गिद्ध की संख्या में अप्रत्याशित रूप से 99 फीसदी की गिरावट आई है। इटावा जिले में पिछले सात आठ साल में किसी न किसी एक्सीडेंट मामले में अन्य प्रजाति के गिद्ध देखे गए कोई घायल अवस्था में मिला तो कोई ट्रेन की चपेट में घायल हुआ गिद्ध देखे गए। लेकिन एक झुंड में हिमालयन गिद्धों की मौजूदगी यह पर्यावरणीय लिहाज से बहुत ही अच्छी खबर है।

# मैं अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हूं : रवीना टंडन

**मुंबई,** 27 मार्च (एजेंसियां)। शो 'पटना शुक्ला' में नजर आने वाली एक्ट्रेस रवीना टंडन ने कहा कि वह अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे इससे अपने अपकमिंग शो में अपने ऑन-स्क्रीन बेटे के साथ रिश्ता बनाने में मदद मिली। तन्वी शुक्ला का किरदार निभाने वाली रवीना टंडन ने कहा, 'फिल्म में एक सीन है जहां तन्वी का बेटा अपना लंचबॉक्स भूल जाता है, वह उसे पहुंचाने के लिए स्कूल बस का पीछा करती है। मुझे लगता है कि यह एक ऐसा दृश्य है जिससे हर मां जुड़ाव महसूस करेगी।' उन्होंने कहा, 'हर घर में सुबह व्यस्तता रहती है, लेकिन एक मां उस अव्यवस्था को तोड़कर अपने बच्चों के लिए आगे आती है और यह कुछ ऐसा है जो मैंने व्यक्तिगत रूप से तब किया है जब मेरे बच्चे स्कूल जाते थे।' इसके बाद उन्होंने अपनी बेटी रिशा और बेटे रणबीर के साथ अपने रिश्ते पर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा, मैं अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हूं, और शो में मेरा किरदार तन्वी भी ऐसी ही है। 'पटना शुक्ला' के साथ उस केमिस्ट्री को पर्दे पर लाने से मेरी अपने बच्चों से जुड़ी कुछ यादें ताजा हो गईं। मुझे यकीन है कि दर्शक तन्वी और उनके बेटे की दोस्ती को महसूस करेंगे।'

'पटना शुक्ला' शो एक निडर वकील पर आधारित है जो एक छात्रा को शिक्षा घोटाले में फंसता देखकर मामले को अपने हाथों में ले लेती है और जल्द ही उसे एहसास होता है कि वह एक व्यक्ति के खिलाफ खड़ी है जो सीएम का उम्मीदवार है।



# बंजार घाटी में 'शोभला सराज' पर्यटन उत्सव मनाया जाएगा

**कुल्लू,** 27 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से जिभी वैली पर्यटन विकास एसोसिएशन के सहयोग से बंजार घाटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जिभी में आगामी 29 और 30 मार्च को 'शोभला सराज' नाम से जिभी घाटी पर्यटन उत्सव मनाया जाएगा। कुल्लू जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुनैना शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी कि इस उत्सव के दौरान 29 मार्च को देशभर से आए प्रतिभागियों का स्वागत किया जाएगा और उनके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस उत्सव में 30 मार्च को जलोड़ी पास में स्की- माउंटेनियरिंग ओपन चौम्पियनशिप, और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस उत्सव के दौरान जिभी में भी विभिन्न महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और स्थानीय पारम्परिक व्यंजनों व अन्य उत्पादों से संबंधित स्टॉल भी लगाए जाएंगें। इस उत्सव में फोटोग्राफी प्रतियोगिता तथा जिभी घाटी में पर्यटन को विकसित करने के सम्बन्ध में घाटी के पर्यटन से सम्बधित हितधारकों व अधिकारियों के मध्य पैनल डिस्कशन का आयोजन भी किया जाएगा।



# प्यार किया तो डरना क्या' के 26 साल पूरे होने पर काजोल ने जारी किए थ्रो बैक पिक्चर




**मुंबई,** 27 मार्च (एजेंसियां)। फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' को 26 साल हो चुके हैं। इस मौके पर अभिनेत्री काजोल ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए कुछ तस्वीरें साझा कीं। अभिनेत्री काजोल ने एक्स पर सलमान खान, धर्मेंद्र और अरबाज खान के साथ बिताए पलों को साझा किया। इस बीच उन्होंने लिखा, 'जब अपने बालों को चोटी में बांधकर एक मासूम-सी लड़की लगती थी।' बता दें कि सोहेल खान द्वारा निर्देशित फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' 1998 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान और काजोल की साझेदारी देखने को मिली थी। यह फिल्म 'करण-अर्जुन' और 'कुछ-कुछ होता है' के बाद रिलीज हुई थी। फिल्म मुस्कान, सूरज और उसके भाई विशाल ठाकुर के इर्द-गिर्द घूमती थी। सूरज मुस्कान के भाई का दिल जीतने की पूरी कोशिश करता है। काजोल 'दो पत्ती' फिल्म में भी दिखेंगी। इसमें कृति सेनन और शाहीर शेख भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरते हुए नजर आएंगे। य

# शाहजहांपुर में 'भगवान' का इलाज कराने अस्पताल पहुंचा भक्त



**शाहजहांपुर,** 27 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के खुटार क्षेत्र में सरकारी डॉक्टर उसे वक्त सकते में पड़ गए जब एक युवक सरकारी एंबुलेंस से भगवान गिरधर गोपाल की मूर्ति को लेकर अस्पाल पहुंच गया। सुजानपुर गांव निवासी रिंकू नामक युवक ने डॉक्टर को भगवान लड्डु गोपाल को चोट लगने की बात कही और उनका इलाज करने के लिए रोता रहा। लोगों की भीड़ बढ़ने और युवक की भगवान लड्डु गोपाल के प्रति आस्था देखकर डॉक्टर ने बाकायदा भगवान लड्डु गोपाल को भर्ती किया और उनका इलाज किया। इसके बाद युवक भगवान लड्डु गोपाल को लेकर घर वापस लौट गया। भगवान लड्डु गोपाल का सरकारी अस्पताल में इलाज पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अंकित वर्मा ने बुधवार को यूनीवार्ता को बताया कि रिंकू की भगवान लड्डु गोपाल में अटूट आस्था है। रिंकू रोज की तरह भगवान लड्डु गोपाल को स्नान करवा रहा था। इसी दौरान उसके हाथ से भगवान लड्डु गोपाल की मूर्ति अचानक छूटकर जमीन पर गिर गई। भगवान लड्डु गोपाल को चोट लगने की बात कह कर उसने रोना शुरू कर दिया। इसके बाद उसने 108 नंबर पर फोन लगाकर एंबुलेंस बुलवा ली। एंबुलेंस पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी यह देखकर हैरान रह गए की घायल होने वाला कोई व्यक्ति नहीं बल्कि भगवान लड्डु गोपाल की मूर्ति है। हालांकि स्वास्थ्य कर्मियों ने मूर्ति का चेकअप किया और ठीक होने की बात कही लेकिन इसके बावजूद रिंकू एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जहां पहुंचकर उसने जोर-जोर से रोना शुरू कर दिया। और भगवान लड्डु गोपाल का इलाज करने की गुहार लगाता रहा। रिंकू की भगवान लड्डु गोपाल के प्रति भक्ति देखकर डॉक्टर ने बाकायदा लड्डु गोपाल को अस्पताल में भर्ती किया और उनका प्रतीकात्मक इलाज किया। इस दौरान अस्पताल के बाहर तमाम भक्तों की भीड़ लग गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने लड्डु गोपाल को ठीक-ठाक बताकर वापस उसकी मां के साथ उसे घर भेज दिया। भगवान लड्डु गोपाल के प्रति अटूट आस्था और भगवान का सरकारी इलाज जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# संथाल आदिवासी समाज की अजीब परंपरा लड़की पर डाला रंग तो करनी पड़ेगी शादी

**रांची,** 27 मार्च (एजेंसियां)। हमारी-आपकी होली भले ही संपन्न हो गई हो, लेकिन झारखंड के संथाल आदिवासी बहुल गांवों में पानी और फूलों की 'होली' का सिलसिला अगले कई रोज तक जारी रहेगा। संथाली समाज इसे बाहा पर्व के रूप में मनाता है। यहां की परंपराओं में किसी पुरुष को इजाजत नहीं है कि वह किसी कुंआरी लड़की पर रंग डाले। इस समाज में रंग-गुलाल लगाने के खास मायने हैं। अगर किसी युवक ने समाज में किसी कुंआरी लड़की पर रंग डाल दिया तो उसे या तो लड़की से शादी करनी पड़ती है या भारी जुर्माना भरना पड़ता है। कुछ गांवों में बाहा पर्व होली के पहले ही मनाया जा चुका है तो कुछ गांवों में यह होली के बाद अलग-अलग तिथियों में मनाया जाता है। बाहा का मतलब है फूलों का पर्व। इस दिन संथाल आदिवासी समुदाय के लोग तीर धनुष की पूजा करते हैं। ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरकते हैं और एक-दूसरे पर पानी डालते हैं। बाहा के दिन पानी डालने को लेकर भी नियम है। जिस रिश्ते में मजाक चलता है, पानी की होली उसी के साथ खेली जा सकती है। यदि किसी भी युवक ने किसी कुंवारी लड़की पर रंग डाला तो समाज की पंचायत लड़की से उसकी शादी करवा देती है। अगर लड़की को शादी का प्रस्ताव मंजूर नहीं हुआ तो समाज रंग डालने के जुर्म में युवक की सारी संपत्ति लड़की के नाम करने की सजा सुना सकता है। यह नियम झारखंड के पश्चिम सिंहभूम से लेकर पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी तक के इलाके में प्रचलित है। इसी डर से कोई संथाल युवक किसी युवती के साथ रंग नहीं खेलता। परंपरा के मुताबिक पुरुष केवल पुरुष के साथ ही होली खेल सकता है। पूर्वी सिंहभूम जिले में संथालों के बाहा पर्व की परंपरा के बारे में देशप्राणिक मधु सोरेन बताते हैं कि हमारे समाज में प्रकृति की पूजा का रिवाज है। बाहा पर्व में साल के फूल और पत्ते समाज के लोग कान में लगाते हैं। उन्होंने बताया कि इसका अर्थ है कि जिस तरह पत्ते का रंग नहीं बदलता, हमारा समाज भी अपनी परंपरा को अक्षुण्ण रखेगा। बाहा पर्व पर पूजा कराने वाले को नायकी बाबा के रूप में जाना जाता है। पूजा के बाद वह सखुआ, महुआ और साल के फूल बांटते हैं। इस पूजा के साथ संथाल समाज में शादी विवाह का सिलसिला शुरू होता है। संथाल समाज में ही कुछ जगहों पर रंग खेलने के बाद वन्यजीवों के शिकार की परंपरा है।




# इस सप्ताह प्रीमियम यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा एआई चैटबॉट ग्रोक : मस्क

